आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी खबर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 9 | उज्जैन, गुरुवार 22 जनवरी, 2026 | माघ शुक्ल 4 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### कनाडाई पीएम बोले- व्यवस्था का अंत हुआ

**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि अमेरिका के दबदबे वाली वैश्विक व्यवस्था अब खत्म हो चुकी है। उन्होंने मंगलवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में यह बात कही। उन्होंने कहा, दुनिया किसी बदलाव की तरफ नहीं, बल्कि टूटने की तरफ आगे बढ़ रही है। अब पुराना सिस्टम लौटने वाला नहीं है। कार्नी ने कहा कि नियमों और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के हिसाब से चलने वाली दुनिया की जो बात की जाती है, वह असल में कभी भी पूरी तरह सच नहीं रही। दुनिया हमेशा से ताकत और अपने-अपने हितों के हिसाब से चली है। कार्नी ने माना कि पुराने वैश्विक सिस्टम से कनाडा को फायदा हुआ। लेकिन उनके मुताबिक अब यह व्यवस्था टिकाऊ नहीं रह गई है।

### सांसद बोले- ट्रम्प भाड़ में जाओ, ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं

**नई दिल्ली।** ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका की दिलचस्पी बढ़ने पर डेनमार्क के एक सांसद ने बहुत कड़ा बयान दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूरोपीय संसद में डेनमार्क के सांसद एंडर्स विस्तिसेन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से कहा कि ग्रीनलैंड कोई बिकाऊ चीज नहीं है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड पिछले 800 सालों से डेनमार्क का हिस्सा है। यह बेचने के लिए नहीं है। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसे ऐसे शब्दों में कहूं जो आप समझें, तो मिस्टर प्रेसिडेंट, भाड़ में जाइए। इस पर यूरोपीय संसद के उपाध्यक्ष निकोलाए स्टेफानुता ने उन्हें टोकते हुए कहा कि इस तरह की भाषा सदन के नियमों के खिलाफ है।

नाना पाटेकर ने भी खींचा ध्यान

### फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर रिलीज



शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की दिखी इंटेंस केमिस्ट्री

**मुंबई।** फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर बुधवार को रिलीज कर दिया गया। साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है, जबकि फिल्म में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, नाना पाटेकर, विक्रांत मैसी, तमन्ना भाटिया, अरुणा ईरानी, फरीदा जलाल और अविनाश तिवारी जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर देखने के बाद कहा जा सकता है कि यह सिर्फ एक लव स्टोरी नहीं, बल्कि जुनून, त्याग की भी कहानी भी है। ट्रेलर में प्यार, धोखा, बदला और हिंसा के गहरे रंग दिखाई देते हैं। शाहिद कपूर एक इंटेंस और खतरनाक किरदार में नजर आ रहे हैं। वहीं, तृप्ति डिमरी एक मजबूत और इमोशनल किरदार निभा रही हैं। ट्रेलर के डायलॉग जैसे- हम आपके हैं कौन? माधुरी दीक्षित, जब कहूंगा, नाचना पड़ेगा, उस्तरा से पंगा नहीं लेने का और शरीर से आत्मा काट के ले जाता है ने ध्यान खींचा है। आज फिल्म के पोस्टर और ट्रेलर लॉन्च इवेंट का आयोजन भी हुआ। इवेंट में शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी और नाना पाटेकर मौजूद रहे। इवेंट के दौरान तृप्ति डिमरी ने शाहिद कपूर के साथ काम करने के अनुभव को शेयर करते हुए उन्हें शानदार और बेहद सपोर्टिव को-स्टार बताया। उन्होंने कहा कि इस फिल्म के जरिए शाहिद के साथ काम करने का उनका सपना पूरा हुआ है।

### पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने फर्जी पिज्जा हट का उद्घाटन किया

**कराची।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ एक अजीब विवाद में फंस गए हैं। उन्होंने सियालकोट कैंटोनमेंट में पिज्जा हट ब्रांड वाले एक आउटलेट का उद्घाटन किया। लेकिन कुछ ही घंटों बाद पिज्जा हट कंपनी ने इस आउटलेट को फर्जी बता दिया। सोशल मीडिया एक्स पर उद्घाटन की तस्वीरें और वीडियो वायरल होने के बाद पिज्जा हट पाकिस्तान ने बयान जारी कर साफ किया कि इस आउटलेट से उसका कोई लेना-देना नहीं है। वायरल तस्वीरों और वीडियो में ख्वाजा आसिफ सियालकोट कैंटोनमेंट में बने आउटलेट का फीता काटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने हाथ में कैंची लेकर कैमरे के सामने पोज भी दिया। यह मामला सामने आते ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोगों ने इसे लेकर मजाक उड़ाना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सियालकोट में एक फर्जी पिज्जा हट फ्रेंचाइजी का उद्घाटन किया। ये बेवकूफ बूढ़े लोग हम पर थोपे गए हैं।

### श्रीनगर में एयर पॉल्यूशन 7 साल में सबसे खराब

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर का एयर पॉल्यूशन 7 साल में सबसे खराब स्तर पर पहुंच गया है। बुधवार को शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स एक्यूआई-308 रिकॉर्ड हुआ। एयर मॉनिटरिंग डेटा के मुताबिक, जनवरी में शहर की एयर क्वालिटी काफी खराब रही है। श्रीनगर का मौजूदा औसत पीएम 2.5 कंसंट्रेशन 115 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर है, जो डब्ल्यूएचओ की बताई गई लिमिट से काफी ज्यादा है। इस लेवल पर एक्सपोजर से हेल्थ रिस्क जुड़ा है, जो एक दिन में चार से ज्यादा सिगरेट पीने के बराबर है। 2019 के बाद से 2026 श्रीनगर का सबसे प्रदूषित साल रहा है, जिसका औसत एक्यूआई-159 रहा।

---

प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष ने मप्र की भाजपा सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

## चूहा खाने के बाद अजगर जैसा हाल- जीतू पटवारी

### भ्रष्टाचार के चलते भाजपा के छोटे नेताओं के 'पेट' भी बड़े हो गए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरगोन





प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के कारण भाजपा के छोटे-छोटे नेताओं का भी पेट बड़ा हो गया है, जबकि कार्यकर्ता वहीं के वहीं रह गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकताओं के खून-पसीने की कमाई लूट रही है और सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार फल-फूल रहा है।

खरगोन जिले के दौरे पर पहुंचे जीतू पटवारी ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा के नेता और मंत्री लगातार महिलाओं व देश का अपमान कर रहे हैं, लेकिन पार्टी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती। उन्होंने विजय शाह के मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बावजूद न तो उनके खिलाफ मुकदमा चला और न ही मंत्री पद से हटाने की कार्रवाई हुई। पटवारी ने भागीरथपुरा में हुई मौतों पर कैलाश विजयवर्गीय की टिप्पणी और कफ सिरप से 26 मौतों के मामले में स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग दोहराई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के 13 मंत्री भ्रष्टाचार के मामलों में घिरे हुए हैं, लेकिन पार्टी ऐसे निष्क्रिय बैठी है जैसे 'चूहा खाने के बाद अजगर पड़ा रहता है।'

पटवारी ने कहा कि अहंकार की पराकाष्ठा से रावण नहीं बचा तो भाजपा क्या चीज है। प्रदेश का बेरोजगार युवा सब देख रहा है। खरगोन में टंट्या मामा की मूर्ति स्थापना से जुड़े कथित घोटाले पर उन्होंने कहा कि भाजपा और भ्रष्टाचार का चोली-दामन का साथ है और बिना 50 प्रतिशत कमीशन के कोई योजना पूरी नहीं होती।

#### 821 करोड़ रुपए खर्च फिर भी सूखा

इसके बाद भीकनगांव में आयोजित किसान न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए पटवारी ने कहा कि किसान देश की मूल भावना है। सरहद पर जवान और खेतों में किसान दोनों समान रूप से महत्वपूर्ण हैं, लेकिन किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने बिंजलवाड़ा सिंचाई परियोजना में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि 2021 में पूरी होने वाली 745 करोड़ की योजना का बजट बढ़ाकर 821 करोड़ रुपये खर्च कर दिए गए, फिर भी किसान आज तक खेतों में पानी का इंतजार कर रहे हैं। सरकार ने कागजों में 98 प्रतिशत काम पूरा दिखाकर भुगतान कर दिया, जबकि जमीनी हकीकत अलग है।

---

सीएम दावोस दौरे पर, लौटने के बाद फैसला

## एमपी-एमएलए कोर्ट में चल सकता है विजय शाह केस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अभियोजन पर फैसला लेने के लिए दो हफ्तों का वक्त दिया है। सीएम डॉ. मोहन यादव 23 जनवरी तक स्विटजरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में शामिल होने के लिए गए हैं। ऐसे में सीएम के दावोस से लौटने के बाद विजय शाह के मामले में सरकार आगे निर्णय लेगी। सुप्रीम कोर्ट में छह महीने बाद विजय शाह मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान विजय शाह की ऑनलाइन माफी पर सोमवार को कोर्ट ने कहा कि इसमें अब बहुत देर हो गई है।



कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि शाह के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 2 हफ्ते के भीतर फैसला लें। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस बात पर कड़ी नाराजगी जताई कि राज्य सरकार विशेष जांच दल की रिपोर्ट पर कई महीनों से कोई फैसला नहीं ले रही है। जबकि विशेष जांच दल ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी है।

---

माघ मेला से 3 किलोमीटर दूर हादसा

## प्रयागराज में एयरफोर्स का प्लेन क्रैश, तालाब में गिरा

### शहर के बीचों-बीच हवा में डगमगाया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में एयरफोर्स का ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट क्रैश हो गया। एयरक्राफ्ट हवा में उड़ते-उड़ते डगमगाया और तालाब में गिर गया। 2 सीटर एयरक्राफ्ट में सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं।

हादसा बुधवार दोपहर करीब 12.20 बजे केपी कॉलेज के पीछे हुआ। यह शहर के बीचों-बीच का इलाका है। तालाब के पास स्कूल और रिहायशी कॉलोनियां हैं। यहां से माघ मेले की दूरी 3 किमी है। हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया, एयरक्राफ्ट क्रैश होने से पहले दोनों पायलट पैराशूट से कूद गए और तालाब में गिरे। वहां दलदल में फंस गए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला।



जिस तालाब में विमान गिरा है, वहां चारों तरह जलकुंभी उगी हुई है। एयरक्राफ्ट तक कोई भी रेस्क्यू टीम अभी पहुंच नहीं पाई हैं। सेना, फायर ब्रिगेड, रॠ और ठॠ मौके पर हैं। रेस्क्यू अभियान जारी है। पीआरओ डिफेंस विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया, 'माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट ने दोपहर 12.15 बमरौली एयरफोर्स स्टेशन से उड़ान भरते समय तकनीकी खराबी का शिकार हो गया।'

### ट्रम्प के प्लेन में तकनीकी खराबी, रास्ते से यूटर्न लिया

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

डोनाल्ड ट्रम्प के विमान में तकनीकी खराबी की वजह से उसे रास्ते में यूटर्न लेना पड़ा। व्हाइट हाउस के मुताबिक, टेकऑफ के बाद क्रू को एक मामूली इलेक्ट्रिकल खराबी का पता चला था, जिसके बाद वे वॉशिंगटन लौट आए।

ट्रम्प बुधवार सुबह स्विट्जरलैंड के दावोस के लिए रवाना हुए थे। वे यहां वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक में शामिल होने और अपनी ग्रीनलैंड पॉलिसी पर भाषण देना था। फ्लाइट ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, विमान ने न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड के पास अटलांटिक महासागर के ऊपर उड़ान भरने के लगभग एक घंटे बाद वापस मुड़ने का फैसला किया। इसके बाद एयर फोर्स वन सुबह करीब 9.30 बजे मैरीलैंड में सुरक्षित उतरा।

---

चांदी 10 हजार बढ़कर 3.20 लाख पर पहुंची

## सोना पहली बार 1.5 लाख पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**सेंट्रल बैंकों की भारी खरीदारी:** दुनिया भर के केंद्रीय बैंक (जैसे भारत का पृइक) अपने विदेशी मुद्रा भंडार को सुरक्षित रखने के लिए सोने का स्टॉक बढ़ा रहे हैं। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में रिकॉर्ड खरीदारी के बाद 2026 की शुरूआत में भी सेंट्रल बैंकों की मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे सप्लाई कम और डिमांड ज्यादा होने के कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

**1.90 लाख तक जा सकता है सोना** रिसर्च हेड डॉ रेनिशा चैनानी के अनुसार, अगर अमेरिकी टैरिफ और मध्य पूर्व में तनाव और बढ़ता है, तो सोना 2026 में 1,90,000 रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी 4 लाख रुपए तक जा सकती है।

सोने की कीमत बुधवार को यानी 21 जनवरी को 1.50 लाख रुपए पार कर गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार सोना आज 7,795 रुपए बढ़कर 1,55,204 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। मंगलवार को ये 1,47,409 रुपए पर था। सोना इस साल अब तक 21,744 रुपए महंगा हो चुका है।



वहीं 1 किलो चांदी की कीमत बुधवार को 10,730 रुपए बढ़कर 3,20,075 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले कल ये 3,09,345 रुपए पर थी। चांदी इस साल सिर्फ 21 दिनों में ही 90,825 रुपए महंगी हो चुकी है। सोने-चांदी के दाम लगातार तीसरे दिन अपने ऑलटाइम हाई पर हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है। जब भी दुनिया में ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ता है, निवेशक शेयर बाजार से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश यानी सोने की ओर भागते हैं।

भारत में सोने की कीमत केवल वैश्विक दरों पर नहीं, बल्कि डॉलर-रुपया एक्सचेंज रेट पर भी निर्भर करती है। आज रुपया डॉलर के मुकाबले 91.10 के ऑल-टाइम लो पर है।

---

## अविमुक्तेश्वरानंद की चेतावनी प्रशासन नोटिस वापस ले

### अफसरों ने पूछा था- शंकराचार्य कैसे लिखा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज में मौनी अमावस्या पर स्नान को लेकर प्रशासन और स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के बीच शुरू हुआ विवाद अब शंकराचार्य की पदवी तक पहुंच गया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने 24 घंटे में मेला प्रशासन को 8 पेजों का जवाब ई-मेल के जरिए भेजा है। नोटिस को मनमाना, दुर्भावनापूर्ण और असंवैधानिक बताया।

अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया है, जिससे मुझे शंकराचार्य पद पर बने रहने से रोका गया हो। मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए किसी भी तीसरे पक्ष को टिप्पणी करने या रोक लगाने का अधिकार नहीं है।



उन्होंने प्रशासन को नोटिस वापस लेने की चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर ऐसा नहीं किया गया तो कोर्ट में मानहानि का दावा करेंगे। दरअसल, मंगलवार को मेला प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के 14 अक्टूबर 2022 के एक आदेश का हवाला देते हुए नोटिस जारी कर पूछा था कि उन्होंने खुद को शंकराचार्य कैसे घोषित कर लिया।

### राममंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्यगोपाल दास की तबीयत बिगड़ी

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ गई है। 87 साल के नृत्य गोपाल दास को सोमवार रात से उल्टी-दस्त हो रहे थे। बुधवार सुबह श्रीराम अस्पताल के रिटायर्ड डॉक्टर एसके पाठक ने उनका चेकअप किया। तुरंत उन्हें लखनऊ मेदांता ले जाने को कहा। जानकारी के मुताबिक, महंत ने पिछले 36 घंटे से कुछ भी नहीं खाया है। श्रीराम हॉस्पिटल के प्रशासनिक अधिकारी वाईपी सिंह ने बताया- महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत खराब होने की सूचना मिली थी। डॉक्टर्स की टीम ने उनकी जांच की। इसके बाद मेडिकल टीम और एक एम्बुलेंस के साथ उन्हें मेदांता अस्पताल रवाना कर दिया गया।


---

चार वाहनों की भिड़ंत में 10 से ज्यादा घायल

## कोहरे के कारण एम्बुलेंस टकराई, मरीज की मौत

एजेंसी ▶▶ जयपुर

राजस्थान में आज भी घने कोहरे का असर है। सीकर जिले में बुधवार सुबह धुंध के कारण चार बस-ट्रक की भिड़ंत हो गई। इसके बाद और गाड़ियां बस से टकरा गईं। हादसे में 10 लोग घायल हो गए। चूरू में भी एम्बुलेंस के एक्सीडेंट में एक मरीज की मौत हो गई।वहीं, राजस्थान में आज से मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। एक स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से 22 जनवरी को 6 और 23 जनवरी को 10 जिलों में आंधी-बारिश हो सकती है। कुछ जगहों पर ओले भी गिर सकते हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने बीकानेर, जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में इस सिस्टम का सबसे ज्यादा असर होने की संभावना जताई है, जबकि पहले दिन जोधपुर संभाग के कुछ जिलों में भी सिस्टम का असर देखने को मिल सकता है।



**ट्रक से एम्बुलेंस की जोरदार टक्कर**
बुधवार को भी घने के कोहरे के कारण शेखावाटी सहित एनसीआर वाले एरिया में विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही। कोहरे के कारण फतेहपुर (सीकर) थाना क्षेत्र के हरसावा गांव में ट्रक, बस सहित चार गाड़ियां टकरा गईं। हादसे में कुल 10 लोग घायल हुए हैं। इनमें से तीन को सीकर के सरकारी हॉस्पिटल के ट्रॉमा सेंटर में एडमिट कराया गया है। वहीं, चूरू के श्योपुरा गांव में एक एम्बुलेंस और ट्रक की टक्कर हो गई। हादसे में जींद के रहने वाले अशोक की मौत हो गई।

#### कोहरे से गिरा पारा, सर्दी बढ़ी

पिछले 24 घंटे में उत्तर-पश्चिम और उत्तर-पूर्वी जिलों में घना कोहरा रहा। इस कारण मंगलवार को जयपुर, चूरू, पिलानी, सीकर, फतेहपुर, करौली, दौसा, अलवर में तापमान गिरा। जयपुर को छोड़कर इन शहरों में तापमान सिंगल डिजिट में दर्ज हुआ। कल सबसे ज्यादा ठंडा इलाका पाली का एरिया रहा, जहां का न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर में बुधवार सुबह से हल्की ठंडी हवा चलने से ठिठुरन बढ़ी। न्यूनतम तापमान करीब 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को सर्दी में 25 जनवरी से और तेजी आने की संभावना है।

---

## हिंदू संगठनों ने भोपाल मेयर को मुल्ला मालती राय कहा

### होर्डिंग पर स्याही से दाढ़ी बनाई, बंगला घेरा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल में गोमांस तस्करी के आरोपों को लेकर बुधवार को हिंदू संगठनों का गुस्सा सड़कों पर दिखाई दिया। संगठनों ने महापौर मालती राय के बंगले का घेराव किया और मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बंगले के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। बजरंग दल के कार्यकताओं ने प्रदर्शन के दौरान महापौर मालती राय की नेम प्लेट और होर्डिंग्स पर लगी फोटो पर स्याही पोत दी। प्रदर्शनकारियों ने मुल्ला मालती राय कहते हुए होर्डिंग पर मालती राय की फोटो पर स्याही से दाढ़ी बना दी। कार्यकताओं ने कहा- यह प्रतीकात्मक विरोध है, जो नगर निगम की भूमिका और स्लॉटर हाउस में कथित गोकशी के मामलों पर कार्रवाई न होने के खिलाफ किया गया है। एसीपी अंकिता खातरकर ने बताया कि यह प्रदर्शन बिना अनुमति के किया गया है, इसलिए बीएनएस की धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी।

---

चांद पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे

## सुनीता विलियम्स बोलीं- भारत आना घर वापसी जैसा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स ने मंगलवार को कहा, इस समय दुनिया में अंतरिक्ष को लेकर एक तरह की होड़ (स्पेस रेस) चल रही है। कई देश चांद और अंतरिक्ष में आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। लक्ष्य सिर्फ पहले पहुंचना नहीं है, बल्कि यह है कि इंसान सुरक्षित, टिकाऊ और लंबे समय तक रहने लायक तरीके से चांद पर जाए।

सुनीता ने यह बात दिल्ली के अमेरिकन सेंटर में आंखें सितारों पर, पैर जमीं पर' सेमिनार में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम सबके फायदे, सहयोग और पारदर्शिता के साथ, लोकतांत्रिक तरीके से किया जाना चाहिए, ताकि किसी एक देश का दबदबा न हो और पूरी मानवता को इसका लाभ मिले। सभी देश सहयोग के साथ आगे बढ़ें, बिल्कुल अंटार्कटिका मॉडल की तर्ज पर।



#### जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया

विलियम्स ने कहा कि भारत आना उन्हें घर वापसी जैसा लगता है, क्योंकि उनके पिता गुजरात के मेहसाणा जिले के झूलासन गांव से थे। वहीं, चांद पर जाने के सवाल पर मजाकिया लहजे में कहा, 'मैं चंद्रमा पर जाना चाहती हूं, लेकिन मेरे पति मुझे इजाजत नहीं देंगे। घर वापसी और जिम्मेदारी सौंपने का समय आ गया है। अंतरिक्ष खोज में अगली पीढ़ी को अपना स्थान बनाना होगा।"

#### सुनीता भारत के 4 से 5 दिन के दौरे पर

सुनीता के भारत दौरे का शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि वह 20 जनवरी से पहले दिल्ली आई थीं। 21 जनवरी को यहां कई कार्यक्रम में भाग लिया है। इसके बाद वे केरल लिटरेचर फेस्टिवल में भी हिस्सा ले सकती हैं। यह फेस्टिवल 22 से 25 जनवरी के बीच है। सुनीता दिवंगत एस्ट्रोनॉट कल्पना चावला की 90 साल की मां संयोगिता चावला और बहन दीपा से भी मिलीं। विलियम्स मंच से उतरकर सबसे आगे बैठीं चावला की मां के पास पहुंचीं और उन्हें गले लगाया।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## सेवा में लगा रोग...

कहने को रूग्णालय सेवा का केंद्र कहा जाता है और यहां सेवा करने वालों को भगवान के रूप में देखा जाता है। जिले के रूग्णालय में सेवा की व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। यहां लघु शंका,दीर्घ शंका स्थल ही गंदा हो ऐसा नहीं है। रोगियों के वार्ड में सिर्फ फर्श पर पोता लगता है लेकिन सामान्य पानी से जिससे कीडे-मकौडे, कीट-पतंगे सहजता से यहां रोगियों के आसपास घुमते रहते हैं। रोगियों को निःशुल्क भोजन मिलना तो उनके आरामस्थल पर चाहिए पर भोजन बांटने वाले भैया सबको लाईन में लगाकर सिस्टम से ही बांटतें हैं। रोगी को भर्ती होने के बावजूद बिस्तर छोडकर यहां देखने आने वाले कहने के भगवान की काउंटर तक पहुंचना पडता है । समय के साथ कहने के भगवान की सेवा का सिस्टम अपडेट हो गया है । खैराती रूग्णालय में अब भर्ती रोगी तक वे नहीं जाते,रोगी उन तक जाते हैं।इसके विपरित निजी रूग्णालय में वे रोगी तक जाते हैं। सेवा का जज्बा अब अर्थ से ज्यादा प्रेरित होकर अपडेट चल रहा है। रूग्णालय के रोगियों के परिजनों से सामान्य बनकर कोई जानना ही नहीं चाहता। यहां लगी तिसरी आंख पर भी इसी बात से सवाल उठने लगते हैं। इन तिसरी आंखों का फिर फायदा ही क्या जब इनका लाभ लेने की स्थिति ही अपडेट नहीं की जा रही है तो फिर इन्हें सिर्फ विवादों की रेकार्डिंग या रूग्णालय में परिजनों के विरोध को रेकार्ड कर उनके विरूद्ध उपयोग करने की स्थिति में लगाया ही माना जाना चाहिए। खुसूर झफुसूर है कि सिर्फ कागजों में ही व्यवस्था सुधार के दावे चल रहे हैं।इसके विरूद्ध काम में सुधार की स्थिति सेवा से बिल्कुल परे ही है। तिसरी आंख की नजर से से जिम्मेदार प्रति दिन चप्पे-चप्पे को देखें तो बहुतेरी ऐसी बातें सामने होंगी जिसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है लेकिन जिम्मेदार भी सिर्फ खानापूर्ति कर व्यवस्थाओं के चुस्त-दुरूस्त होने को लेकर बरगलाने में लगे हैं। यदा-कदा जब बात उठती है तो खानापूर्ति की नजर मार ली जाती है वो भी पूर्व नियोजित स्मार्ट तरीके से।




## उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने वाली संस्थाओं को मिलेंगे पुरस्कार

**उज्जैन।** जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी कि उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक बनाने तथा उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान करने वाले स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों/व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य शासन द्वारा राज्य एवं संभाग स्तरीय पुरस्कार दिए जाते है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष अनुसार विश्वउपभोक्ता अधिकार दिवस 15 मार्च 2026 के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कार के लिए ऐसे संगठनों एवं व्यक्तियों का चयन कैलेण्डर वर्ष 01 जनवरी 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक की अवधि में किए गए कार्यों एवं हासिल उपलब्धियों के आधार पर किया जाएगा।

इस वर्ष भी राज्य स्तरीय पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रदेश के ऐसे स्वैच्छिक उपभोक्ता संगठनों एवं व्यक्तियों को चुना जाएगा, जो उपभोक्ताओं की समस्या एवं शिकायतों के प्रतितोषण के लिए किये गए विशेष प्रयास, आम उपभोक्ताओं की समस्या से जुड़े मामलों को उठाना तथा उनके समाधान की दिशा में नवीन दृष्टिकोण अपनाया गया हो। उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र में अनुसंधान द्वारा उपभोक्ताओं की समस्याओं की समाधान की पहल तथा उपभोक्ताओं को जागरूक बनाने के उद्देश्य से प्रश्न मंच एवं प्रदर्शनियों, संगोष्ठियों, उपभोक्ता मेला का आयोजन, साहित्य कला एवं जनसंचार के माध्यम का उपयोग, नुक्कड नाटक/कठपुतली एवं अन्य माध्यमों से उपभोक्ताओं के हित में संदेश प्रसारित करना इत्यादि चयन में मापदण्ड होंगे।

### भाकिसं की भू अर्जन में मुआवजे की गणना फेक्टर की वृद्धि में सुझाव को लेकर बैठक संपन्न, किसानों की और से भूमि अधिग्रहण को लेकर बहुत आवश्यक होने पर ही करने का कहा

# शासन-प्रशासन एवं भाकिसं बैठे साथ-साथ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बुधवार को मध्यप्रदेश शासन एवं प्रशासन के साथ भारतीय किसान संघ की भू-अर्जन में मुआवजें की गणना फेक्टर की वृद्धि में सुझाव को लेकर बैठक संपन्न हुई है। संघ ने मांग की कि प्रदेश में किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों को चार गुना मुआवजा, समय पर भुगतान और पूर्ण पारदर्शिता मिले। साथ ही कृषि योग्य भूमि के अनावश्यक अधिग्रहण पर रोक, बंजर भूमि के प्राथमिक उपयोग, ग्रामसभा की सहमति, सामाजिक प्रभाव आकलन तथा प्रभावित किसानों के पुनर्वास और रोजगार की ठोस व्यवस्था की जाए। इसके अलावा सौहार्द वातावरण में सार्थक विस्तृत चर्चा बैठक में हुई।

बैठक में भू-अधिग्रहण को लेकर शासन प्रशासन ने अपना पक्ष रखा, और भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने किसान भाईयों का पक्ष रखते हुए बताया कि सरकार की मंशा भूमि धारकों को अधिक से अधिक मुआवजा देने के हित में होना चाहिए ना कि कम से कम, भूमि की बाजार मूल्य वास्तविक रूप से वर्तमान में जिस दर पर भूमि का क्रय विक्रय होता है उस अनुरूप होना चाहिए ना की गाईड लाईन मूल्य पर, ऐसे 8 बिन्दुओं पर किसान हित में पक्ष रखा।

### विकास प्राधिकरणों के पास हजारों एकड भूमि बेकार

क्षेत्रीय संगठन मंत्री मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ महेश चौधरी ने बताया कि मध्यप्रदेश में सरकार के द्वारा विकास प्राधिकरण के नाम हजारों एकड़ भूमि विकास के नाम अधिग्रहण कर रखी है और भू अधिग्रहण करने के बाद आज तक कोई विकास नहीं हुआ, जिसके कारण किसान का नुकसान तो हुआ ही है देश का भी भारी नुकसान हुआ। उक्त जमीन में किसान की भूमि अधिग्रहण होने के कारण वह उत्पादन नहीं कर पाया वह जमीन अधिग्रहण के बाद उसकी कीमत तो बढ़ गई परंतु विकास की गंगा रूक गई। इस प्रकार से भू-अधिग्रहण किसी भी स्थिति में नहीं करने दिया जायेगा।



### किसानों का शोषण नहीं रूका

अखिल भारतीय एग्रोएकोनिमक रिचर्स सेटंर अध्यक्ष प्रमोद चौधरी जी ने भी अपने सुझाव रखते हुए कहा कि देश में अंग्रेजों द्वारा 1894 में भूमि अधिग्रहण कानून लाया गया। दुर्भाग्य से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भी यहीं कानून अनेकों वर्षों तक लागू रहा एवं निर्बाध रूप से किसानों का शोषण होता रहा है। सन 2013 में एक नया कानून पारित हुआ जो1 जनवरी 2014 से प्रभावी हुआ जिसमें भारतीय किसान संघ द्वारा दिये गये 2सुझाव जिसमें उपजाऊ जमीन का अधिग्रहण अंतिम पर्याय हो तथा सामाजिक सहमति का आंकलन हो मान्य किये गये लेकिन किसानों का शोषण नहीं रुका क्योंकि देश के विभिन्न राज्यों ने 2013के कानून में अपनी सुविधानुसार संशोधन करके कानून को कमजोर कर दिया।महानगर अध्यक्ष इंदौर दिलीप मुकाती जी ने अपनी बात रखते हुए बताया कि वर्तमान समय में कृषि भूमियों के अधिग्रहण की नीतियां किसान तथा समाज दोनों के लिए गंभीर संकट का कारण बन रही है 7 बिन्दुओं पर सुझाव रखे।

### आगे भी बैठक का क्रम जारी रहेगा- मंत्री राकेशसिंह

समिति के अध्यक्ष एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने स्पष्ट बात करते हुए कहा कि यह बैठक अंतिम बैठक नहीं है आगे भी बैठक का क्रम जारी रहेगा। और भी किसी भी प्रकार के सुझाव हो ईमेल आईडी में लिखित सुझाव भेजें जा सकतें हैं इसी तारतम्य में महाकौशल प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने महाकौशल प्रांत की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा

### ये थे बैठक में

वल्लभ भवन भोपाल में भू अर्जन में मुआवजे में वृद्धि के संबंध में विचार कर अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करने हेतु गठित मंत्रीमंडल समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष म,प्र,लोक निर्माण विभाग राकेश सिंह , मंत्री तुलसी सिलावट, चैतन्य कश्यप सहित सभी मुख्य सचिवों सहित भाकिसं क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, अभा एग्रोएकोनिमक रिचर्स सेटंर अध्यक्ष प्रमोद चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना, प्रदेश महामंत्री चन्द्रकात गौर, मध्य भारत,प्रांत संगठन मंत्री भरत जी, महाकौशल प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, महानगर अध्यक्ष दिलीप जी की उपस्थित रहीं हैं

### भूमि अधिग्रहण पर चार गुना मुआवजा तय हो- भाकिसं

प्रदेश में भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों के अधिकारों और भविष्य की सुरक्षा को लेकर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जल संसाधन मंत्री तुलसी राम सिलावट एवं लघु एवं सूक्ष्म उद्योग मंत्री चेतन कश्यप से विस्तार से चर्चा की। भारतीय किसान संघ ने भारत एग्रो इकोनॉमिक्स की उदयपुर बैठक में पारित भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव के संशोधन व सुझावों पर मंत्रियों से चर्चा करते हुए उसका ज्ञापन सौंपा। संघ ने स्पष्ट कहा कि किसानों की जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि उनकी पीढ़ियों की आजीविका है, इसलिए भूमि अधिग्रहण की हर प्रक्रिया किसान-हितैषी होनी चाहिए।संघ ने मांग की कि प्रदेश में किसी भी परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की स्थिति में किसानों को चार गुना मुआवजा, समय पर भुगतान और पूर्ण पारदर्शिता मिले। साथ ही कृषि योग्य भूमि के अनावश्यक अधिग्रहण पर रोक, बंजर भूमि के प्राथमिक उपयोग, ग्रामसभा की सहमति, सामाजिक प्रभाव आकलन तथा प्रभावित किसानों के पुनर्वास और रोजगार की ठोस व्यवस्था की जाए।इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर खरीदी की अव्यवस्थाओं, खाद-बीज की किल्लत और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की समस्याओं पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। भारतीय किसान संघ ने सरकार से किसानों के पक्ष में ठोस और साहसिक निर्णय लेने की मांग की। बैठक में संघ की ओर से प्रमोद चौधरी (अभा अध्यक्ष, कृषि आर्थिक शोध संस्थान), महेश चौधरी (क्षेत्र संगठन मंत्री), कमल सिंह आंजना (प्रदेश अध्यक्ष), भरत सिंह पटेल (प्रांत संगठन मंत्री, मध्य भारत प्रांत), प्रहलाद सिंह (प्रांत महामंत्री, महाकौशल प्रांत) तथा दिलीप मुकाती (इंदौर महानगर अध्यक्ष) प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहे पर जाम से पैदल चलना भी हुआ दुश्वार

### तीन बत्ती चौराहे पर लंबी वाहनों की कतार, सड़कों पर पार्क हो रही गाडियां, परेशानी बढ़ी, फ्रीगंज शहीद पार्क के इतने बड़े मार्केट में एक भी पार्किंग नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वैसे तो शहर में जाम की समस्या हमेशा ही रहती है। लेकिन फ्रीगंज तीन बत्ती चौराहे पर जाम की समस्या से लोगों को मुश्किलें झेलनी पड़ी रही है। स्थिति यह रहती है कि तीन बत्ती चौराहे पर लंबी वाहनों की कतार लगी रहती है सड़क पर खड़े वाहनों की वजह से हमेशा यातायात व्यवस्था बिगडी रहती है। इधर पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने,यातायात विभाग की नरमी और वाहन चालकों की मनमानी के कारण यातायात व्यवस्था ऐसी बिगड़ती है कि, देर शाम तक इस चौराहे पर जाम की स्थिति रहती है। वाहन चालकों की मनमानी के चलते दिनभर हर दस मिनट पर जाम लगता रहता है। बुधवार को इधर टैफिक इस कदर बिगड़ा कि, लोग परेशान थे, कहां से निकले,कैसे और कहां से चले।

### पार्किंग न होने से गड़बड़ाई व्यवस्था

पार्किंग के लिए शहर के बाजार में जगह निर्धारित नहीं होने से लोग कही भी अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन खड़ा कर देते हैं। ज्यादातर लोग सड़क से सटाकर ही अपना वाहन खड़ाकर देते हैं, जिसके कारण फ्रीगंज क्षेत्र के अधिकतर मुख्य मार्गो की यातायात व्यवस्था अक्सर लडखड़ा जाती है।

### मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही

फ्रीगंज, शहीद पार्क और तीन बत्ती चौराहे से लेकर सिंधी कॉलोनी तक के बिगड़ी रहती है है। फ्रीगंज से शहीद पार्क के इतने बड़े मार्केट में एक भी पार्किंग नहीं होने से सड़क और सड़क का किनारा ही पार्किंग बन गया है। जिससे जाम लग रहा है। इस ओर स्थानीय प्रशासन एवं यातायात पुलिस का कोई ध्यान नहीं है। साथ ही आवागमन बाधित करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। सड़क तक दुकानें फैली हैं, दुकान से सटकर गाडियों की पार्किंग की जा रही है। ऐसे में सिंगल सड़क पर दो तरफा वाहनों के आवागमन से जाम लग रहा है।



### चौराहों-तिराहों पर नहीं कोई देखने वाला

शहर के सभी प्रमुख चौराहों और तिराहों पर वाहन चालकों की मनमानी रोकने और उन्हें टोकने वाला कोई नहीं है। लोग कही से कैसे भी वाहन घुसा दे रहे हैं। जिससे चौक-चौराहों पर अक्सर जाम लग रहा है। शहर में कुछ चोराहों पर ट्रैफिक सिग्नल चालू है, बाकी सिग्नल कुछ दिन काम करते हैं और खराब हो जाते हैं। पहले निकलने की होड़ में दोपहिया और चार पहिया वाहन चालक कही से भी गाड़ी आगे बढ़ा देते हैं,जिससे वाहनों का काफिला आमने-समाने आ जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। चौराहे-तिराहे पर जाम की स्थिति किसी एक जगह नहीं, बल्कि पूरे शहर में है। सड़क पर पार्क गाडियों को हटाने के लिए यातायात पुलिस को क्रेन दी गई थी,लेकिन शहर में न तो ट्रैफिक कर्मचारी और न ये मशीन कभी कार्रवाई करते नजर आते हैं।

### नहीं हो रहा नियमों का पालन

शहर के लोग यातायात नियमों के पालन को तब्जजों नहीं दे रहे हैं। चाहे सड़क पर चलने की बात हो या वाहन पार्किंग की, हर जगह नियम का पालन नहीं किया जा रहा है। जल्दी निकलने के फेर में लोग खुद ही जाम लगा बैठते हैं, ऐसे में न वो खुद जल्दी निकल पा रहे,न दूसरे। दोपहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय चार पहिया वाहनों के सामने या बगल से कभी भी गाड़ी निकाल देते हैं। ऐसे में दुर्घटना और विवाद हो जाते हैं। लेकिन फिर भी लोग ट्रैफिक नियम को लेकर लापरवाही बरत रहे हैं। हैरत की बात ये है कि इसका खामियाजा भी उन्हें ही भुगतना पड़ रहा है। फिर भी कोई भी ट्रैफिक नियम को लेकर गंभीर नहीं है।

### प्रति दिन 3-4 हजार बोरी मंडी में आवक बरकरार, समृद्ध किसानों को अब भी भाव चढने का भरोसा,उपज रोकी

# सोयाबीन पहुंचा औसत 5400रूपए क्विंटल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सोयाबीन के अच्छे और ऊंचे भाव के मजे समृद्ध किसान को मिलना तय है। मंडी में प्रतिदिन 3-4 हजार बोरी की आवक अभी बरकरार है और भाव के उंचे होने के आसार बराबर बने हुए हैं। सोयाबीन मंडी में औसत 5 हजार 400 रूपए क्विंटल बिक रहा है जो कि भावांतर से अधिक है। भावांतर योजना पर सरकार ने अधिकतम 5328 प्रति क्विंटल पर अंतर राशि का भूगतान किसानों को किया है।

भावांतर योजना में खरीदी बंद होने के साथ ही सोयाबीन के भाव में तेजी आना शुरू हो गई है। मंडी में सोयाबीन औसत 5400 रुपए प्रति क्विंटल बुधवार को बिका है। उंचे में सोयाबीन 6 हजार रूपए प्रति क्विंटल बिका है। इस सीजन में पहली बार सोयाबीन इस भाव पर पहुंची है। व्यापारियों के मुताबिक आगे भी भाव में सुधार की उम्मीद है और आने वाले दिनों में सोयाबीन महंगी ही बिकेगी।

### भावांतर योजना के बाद भाव में तेजी

बता दे कि भावांतर योजना के तहत खरीदी 24 अक्टूबर 2025 से शुरू होकर 15 जनवरी 2026 तक चली। इस दौरान सोयाबीन समर्थन मूल्य से भी नीचे 4300 से 5200 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी। जबकि, औसत भाव करीब 4500 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास रहे। अब खरीदी बंद होते ही बाजार में तेजी आई है और सोयाबीन 6 हजार रुपए प्रति क्विंटल के बीच बिक रही है। औसत भाव भी बढ़कर करीब 5400 रुपए प्रति क्विंटल पहुंच गए हैं। भाव में बराबर तेजी देखी जा रही है।

### समृद्ध किसानों के पास उपज स्टाक

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार भावांतर के समय सामान्य कृषक ने अपनी उपज बेची है। समृद्ध किसानों के पास सोयाबीन रूका हुआ है । यही कारण है कि अभी भी जो प्रति दिन 3-4 हजार बोरी माल आ रहा है वह पूरा नहीं है। बडे किसान अभी भाव के और चढने का इंतजार कर रहे हैं और औसत भाव के 6 हजार आने के दौरान इसमें से काफी माल आएगा। इसके बाद उच्च दाम पर ही सोयाबीन उठेगा। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार भावांतर की खरीदी के बाद भी काफी सोयाबीन अभी रूका हुआ है। व्यापारियों के अनुसार आवक काफी कम रह गई है। डीओसी की मांग बनी रहने से प्लांट रेट में भी सुधार आया है। इसी कारण भाव में तेजी आ रही है।

### सरकार को होगा फायदा

सरकार ने किसानों से भावांतर पर सोयाबीन की खरीदी 5328 के अंतर राशि से की है। ऐसे में सोयाबीन के भाव चढने पर इसका लाभ खरीदी करने वाली एजेंसी को होना तय है। व्यापारियों का मत है कि औसत भाव 6 हजार 500 रूपए के आसपास अगले 15 दिन में आने के आसार बनने वाले हैं।

### फिल्म 'बॉर्डर-2' की सफलता के लिए मांगा आशीर्वाद, नंदी हॉल से किए बाबा के दर्शन

# अभिनेता सुनील शेट्टी पहुंचे महाकाल दरबार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अभिनेता सुनील शेट्टी बुधवार को अपने परिवार के साथ उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान से भगवान महाकालेश्वर का पूजन और दर्शन किए। शेट्टी ने इस दौरान अपने परिवार की खुशहाली, स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

मंदिर में सुनील शेट्टी ने नंदी हॉल में बैठकर ध्यान किया और नंदी जी को जल अर्पित किया। मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने उन्हें पूजन-अभिषेक कराया, जिसमें भगवान महाकाल को जल चढ़ाया गया। अभिनेता कुल आठ लोगों के साथ दर्शन के लिए पहुंचे थे।

दर्शन के बाद सुनील शेट्टी ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'बॉर्डर 2' देश के जवानों को समर्पित है। उन्होंने फिल्म की सफलता और पूरी टीम के उज्ज्वल भविष्य के लिए बाबा महाकाल से विशेष प्रार्थना की। अभिनेता ने यह भी बताया कि उनके बेटे अहान शेट्टी भी इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसके लिए वे भगवान महाकाल का आशीर्वाद लेने विशेष रूप से उज्जैन आए हैं।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक एसएन सोनी और सिम्मी यादव ने अभिनेता सुनील शेट्टी का स्वागत और सम्मान किया। मंदिर प्रशासन ने उनके लिए सुचारू दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित की।

# मंगलनाथ मंदिर में टूटे सारे रिकॉर्ड, एक दिन में आया इतने लाख का दान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन स्थित शिप्रा तट पर अवस्थित भगवान मंगलनाथ के विश्वप्रसिद्ध मंदिर में प्रतिदिन देश-विदेश से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। प्रातःकाल आरती के बाद सुबह 7 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक निर्धारित समयावधि में भात पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के लिए बड़ी संख्या में यजमान मंदिर पहुंच रहे हैं।

### दिनभर लगा रहा भक्तों का तांता

मंगलनाथ मंदिर के प्रशासक के. के. पाठक ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार को प्रातः आरती के बाद से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। दर्शनार्थियों के साथ-साथ भूमि प्राप्ति, धन लाभ, शीघ्र विवाह, यश प्राप्ति, मंगल दोष निवारण एवं रोग निवारण जैसे धार्मिक उद्देश्यों से बड़ी संख्या में यजमानों ने भात पूजन कराया। मंदिर में सभी पूजन कार्य विद्वान पंडितों और आचार्यों द्वारा विधि-विधानपूर्वक निर्धारित समय सीमा में संपन्न कराए गए। पूजन के लिए मंदिर प्रबंध समिति के कर्मचारियों द्वारा कंप्यूटरीकृत एवं मैन्युअल शासकीय रसीदें जारी की गईं।



### इतना दान आया

प्रशासक ने बताया कि कलेक्टर रोशन सिंह के मार्गदर्शन, तथा अपर आयुक्त/अध्यक्ष एवं तहसीलदार-सह-सचिव मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के निर्देशन में कुल 1900 शासकीय रसीदें काटी गईं। इनसे मंदिर समिति को कुल 4 लाख 10 हजार 900 रुपये की आय प्राप्त हुई।

### 11 हजार रुपये का दान

इस दौरान उत्तराखंड से दर्शन एवं भात पूजन के लिए आए वरुण गोयल ने मंदिर समिति को 11,000 रुपये नकद दान स्वरूप प्रदान किए। दान राशि की विधिवत शासकीय रसीद मंदिर समिति द्वारा उन्हें उपलब्ध कराई गई।

## न्यूज ब्रीफ

### कलेक्टर ने की विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई कर प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए। तराना निवासी घनश्याम व्यास ने आवेदन दिया कि गांव में उनकी पैतृक कृषि भूमि है। उसका नक्शा पटवारी के द्वारा उचित तरीके से नही बनाया गया है। उनकी भूमि में नक्शा सुधार किया जाए। इस पर एसडीएम तराना को शीघ्र कारवाई करने के निर्देश दिए गए। घट्टिया के ग्राम चकमेड निवासी रमेश चंद्र दायमा ने आवेदन दिया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करावाया जाएं। इस पर एसडीएम घट्टिया को स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। खाचरौद निवासी सुनीता बाथम ने आवेदन दिया कि खाचरौद में स्थित मत्स्य उद्योग सहकारी संस्था मर्यादित अंतलवासा समिति के अध्यक्ष के द्वारा मनमाने ढंग से समिति का संचालन किया जा रहा है तथा समिति के सदस्यों को कोई आर्थिक लाभ प्रदाय नही किया जा रहा है। प्रार्थियां को इससे आर्थिक परेशानी उठाना पड़ रही है। इस पर सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग को मामले की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

### गणतंत्र दिवस पर 5 कैदियों को आजादी, 45 को करना होगा इंतजार

**उज्जैन।** गणतंत्र दिवस उज्जैन केंद्रीय जेल के कुछ बंदियों के लिए नई शुरूआत लेकर आएगा। 26 जनवरी को उज्जैन जेल से पांच कैदियों की रिहाई को मंजूरी दी गई है, जबकि 45 बंदियों की समयपूर्व रिहाई के प्रस्ताव विभिन्न कारणों से फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार उज्जैन सर्कल से बाबूलाल पिता हीरालाल, रमेशचंद्र पिता अंबराम, मोहनलाल पिता शंकरलाल, समरथ पिता लालू और दिलीप पिता मांगीलाल की रिहाई स्वीकृत की गई है। हालांकि दिलीप पिता मांगीलाल को किसी अन्य प्रकरण में बंद होने के कारण रिहाई के बाद भी जेल में ही रहना होगा। जेल विभाग के अनुसार इन बंदियों की रिहाई अच्छे आचरण और जेल मैन्युअल की शर्तों के पालन के आधार पर की जा रही है। यह निर्णय भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 एवं दंड प्रक्रिया संहिता की संबंधित धाराओं के अंतर्गत लिया गया है। विभाग ने स्पष्ट किया कि केवल उन्हीं बंदियों को चयनित किया गया है, जिन्होंने पात्रता की सभी आवश्यक शर्तें पूरी की हैं। 26 जनवरी पर समयपूर्व रिहाई के लिए प्रदेशभर से जेल विभाग को करीब 481 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। इनमें से 87 बंदियों की समयपूर्व रिहाई को स्वीकृति दी गई, जबकि कड़े नियमों और तकनीकी कारणों के चलते 394 प्रस्ताव खारिज कर दिए गए। इनमें उज्जैन सर्कल के भी 45 प्रस्ताव शामिल हैं।

### दोनों देशों के विद्वानों के बीच होगा अनुवाद पर महामंथन

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा भारत और रूस के बीच उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक आदान - प्रदान की श्रृंखला के तहत अंग्रेजी अध्ययनशाला एवं विदेशी भाषा विभाग और रूसी मानविकी विश्वविद्यालय मॉस्को के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार विश्वविद्यालय परिसर में अनुवाद विमर्शः विज्ञान और व्यवहार का संश्लेषण विषय पर 21 जनवरी को एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पहली बार विश्वविद्यालय में प्रदेश के लिए शिक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी इसलिए महत्वपूर्ण है कि विश्वविद्यालय में रूस के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के विद्वान और भारत के विशेषज्ञ एक साथ मंच पर विभिन्न विषयों पर विमर्श करेंगे। आपने बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला वैश्विक सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसमें रूस के तीन अत्यंत प्रतिष्ठित संस्थान अपनी सहभागिता कर रहे हैं जिनमें रशियन विश्वविद्यालय मॉस्को,द पुश्किन इंस्टीट्यूट ऑफ रशियन लैंग्वेज और रशियन हाउस नई दिल्ली प्रमुख है।

# 110 करोड़ की लागत से बनेगा महाकाल लोक के बाद अब शनि लोक



- करीब 110 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला शनि लोक होगा सिंहस्थ तक तैयार
- शनि मंदिर करीब 21 हजार 100 वर्गमीटर इलाके में फैला है
- शनि दोषों की शांति के लिए तेल, लोहा, तिल आदि चढ़ाए जाते

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

2022 में महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या में करीब दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऐसे में सिंहस्थ 2028 के लिए मध्य प्रदेश सरकार, उज्जैन को एक नए धार्मिक पर्यटन मॉडल के रूप में विकसित करने में जुट गई है। इसी क्रम में अब सरकार यहां 'शनि लोक' बनाने जा रही है।



उज्जैन-इंदौर रोड पर त्रिवेणी क्षेत्र में शिप्रा नदी के तट पर बने शनि मंदिर को इस परियोजना का केंद्र बनाया जाएगा। मान्यता है कि इस मंदिर की स्थापना सम्राट विक्रमादित्य ने की थी। यह देश का पहला ऐसा मंदिर माना जाता है, जहां भगवान शनि, शिव स्वरूप में विराजमान हैं।

हर शनिश्चरी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु शिप्रा नदी में स्नान कर भगवान शनि के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं।

### डीपीआर तैयार, महाकाल लोक की तर्ज पर बनेगा

उज्जैन में शनि लोक के रूप में दूसरा बड़ा धार्मिक कॉरिडोर कुंभ से पहले आकार ले लेगा। इसे महाकाल लोक की तर्ज पर ही विकसित किया जाएगा। इसकी घोषणा 8 नवंबर 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की थी। शनि लोक की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बन चुकी है। टेंडर होने के बाद जल्द ही काम शुरू होगा। सरकार की ओर से पूरी कोशिश है कि सिंहस्थ के पहले शनि लोक तैयार हो जाए।

### सभी नौ ग्रहों को समर्पित मंदिर

उज्जैन में शिप्रा किनारे बना शनि मंदिर करीब 21 हजार 100 वर्गमीटर इलाके में फैला है। इसे नवग्रह मंदिर के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि यह मंदिर सभी नौ ग्रहों- सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु को समर्पित है। यहां साढ़े साती और ढैया से मुक्ति के लिए शिव रूपी शनि की विशेष पूजा कराई जाती है। शनि दोषों की शांति के लिए तेल, लोहा, तिल आदि चढ़ाए जाते हैं। भक्त शनिश्चरी अमावस्या पर पुराने कपड़े और जूते-चप्पल मंदिर के बाहर ही छोड़कर चले जाते हैं।



## बाइक खड़ी कर लगाई थी छलांग, खाचरौद पुलिस पहुंची उज्जैन

# शिप्रा ब्रिज के नीचे मिली प्रेमी युगल की लाश




### बनाई थी रील, निनोरा तक लोकेशन

बताया जा रहा है कि दोनों ने ब्रिज से छलांग लगाने से पहले मोबाइल पर रील बनाई थी। जिस युवक ने अपने इंस्टाग्राम स्टेटस पर डाला था। जिसमें मिस यू और रोने वाली इमोजी लगाकर रंग बैनर था जब तू करीब था हमारी अधूरी कहानी गाना जोड़ा गया था। वही खाचरोद थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों के लापता होने पर देर शाम उनकी लोकेशन ट्रेस की गई थी जो इंदौर रोड निनोरा तक की होना सामने आई थी। उनकी तलाश में एक टीम भी रवाना की गई थी, लेकिन आगे की लोकेशन नहीं मिल पाई थी।

### नाबालिग किशोरी के मामले में अपहरण और युवक के मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

देवास-बदनावर बायपास मार्ग तपोभूमि- चंदेसरी के बीच शिप्रा किनारे बीच के नीचे युवक-युवती की लाश बुधवार सुबह कुछ लोगों ने देखी तो पुलिस को सूचना दी। दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक युवक-युवती खाचरोद के ग्राम चापाखेड़ा में रहने वाले प्रेमी युगल होना सामने आए। दोनों की गुमशुदगी खाचरोद में दर्ज थी।

नानाखेड़ा थाना एसआई सुरेश कलेश ने बताया कि सुबह 8:30 के लगभग बायपास मार्ग पर शिप्रा नदी किनारे ब्रिज के नीचे युवक-युवती की लाश पड़ी होने की सूचना कुछ लोगों द्वारा दी गई थी। मौके पर नानाखेड़ा के साथ नागझरी थाना पुलिस पहुंची थी। जांच में घटनास्थल नानाखेड़ा का होना सामने आया। विवेचना शुरू करने पर ब्रिज के ऊपर बाइक खड़ी मिली। जिसका नंबर एमपी 13 झेड पी 3748 था। जिसकी डिक्की में जहरीला पदार्थ रखा था।

ब्रिज के नीचे से दोनों के शव बरामद किए गए वहां भी जहरीला पदार्थ मिलना सामने आया। प्रथम दृष्टि में मामला प्रेम प्रसंग का साबित हो रहा था। बाइक नंबर से दोनों की पहचान के प्रयास शुरू किए गए। कुछ देर में ही सामने आया कि दोनों खाचरोद के ग्राम चापाखेड़ा के रहने वाले हैं। युवक का नाम अर्जुन पिता कचरूलाल बोड़ाना 21 साल और युवती 16 वर्षीय किशोरी है। खाचरोद पुलिस से संपर्क करने पर पता चला कि दोनों के परिजनों ने मंगलवार देर शाम उनके लापता होने की शिकायत की थी।

नाबालिग किशोरी के मामले में अपहरण और युवक के मामले में गुमशुदगी दर्ज की गई है। दोनों के शव मिलने की सूचना दी गई। दोपहर में खाचरोद एसडीओपी आकांक्षा बिछोटे, थाना प्रभारी धनसिंह नलवाया, एसआई सुधीर शर्मा दोनों के परिजनों को लेकर उज्जैन पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि दोनों के घर एक ही गांव में कुछ दूरी पर आमने-सामने है। मंगलवार दोपहर दोनों लापता हुए थे। देर शाम परिजनों ने उनके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। एसआई कलेश के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गए हैं। दोनों की बॉडी खाचरोद ले जा गई है। प्रारंभिक जांच में ब्रिज से कूदने पर सिर और शरीर में चोट लगने से मौत होना सामने आया है। ब्रिज पर मिली बाइक मृतक अर्जुन के भाई के नाम रजिस्टर्ड है।



### चार भाई बहनों में सबसे बड़ी थी किशोरी

खाचरोद से मृतक किशोरी के मामा और रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे थे। मामा ने बताया कि भांजी के पिता का निधन हो चुका है। तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। मामा का कहना था कि घर से लापता होने के बाद जानकारी सामने आई थी कि वह रुपए लेकर गई है, लेकिन पुलिस ने रुपए मिलने की बात से इनकार किया है। युवक अर्जुन के पिता और कुछ रिश्तेदार उज्जैन पहुंचे थे। पिता बुजुर्ग होने के साथ सुनने में असमर्थ थे। अर्जुन का एक भाई और है। किशोरी के परिजनों का कहना था कि उन्हें पता नहीं था कि उसका अर्जुन से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों के लापता होने पर ही जानकारी सामने आई।

### विकास कार्यो की मेला अधिकारी आशीष सिंह ने ली समीक्षा बैठक



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में मंगलवार को सिहंस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे अधोसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में घाट निर्माण के प्रचलित कार्यो की प्रगति की जानकारी ली। मेला अधिकारी श्री सिंह ने नए बनने वाले घाटों पर सुरक्षा के लिए रैलिंग लगाने व दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैंप बनाने के निर्देश दिए है। बैठक में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी श्री गोपाल डाड, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, मंदसौर जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन उपस्थित थे।

आगामी सिहंस्थ 2028 के लिए शहर में किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर सिंहस्थ मेला कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान मेला अधिकारी श्री सिंह ने विभागवार कार्यों की समीक्षा की। बैठक में जानकारी दी गई कि सिलारखेड़ी डेम का कार्य प्रगतिरत है। बारिश के दौरान डेम में पानी भर कर टेस्टिंग की जाएगी। इसी तरह कान्?ह का पानी डायवर्ट करने के लिए डाली जा रही पाइप लाइन का करीब 3.4 किलो मीटर का कार्य हो गया है।

सिंहस्थ के लिए निमार्णाधीन घाट का कार्य भी प्रगतिरत है। घाट निर्माण के दौरान की रिटेनिंग वॉल और स्लोप का कार्य किया जा रहा है। बैठक में बताया गया कि शनि मंदिर के सामने चल रहे निर्माण कार्य के दौरान घाट पर सुरक्षा के लिए 1.5 मीटर उंचाई की रैलिंग लगाई जाएगी। उक?त घाट को मॉडल घाट के रुप में बनाया जा रहा है। मेला अधिकारी श्री सिंह ने घाट निर्माण के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए रैलिंग लगाने के निर्देश दिए है। साथ ही घाट पर दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैंप निर्माण करने के निर्देश दिए। जिससे दिव्यांगजनों को घाट तक पहुंचने में कोई परेशानी नही हो। बैठक में पुलिस हाउसिंग, एमपीईबी, आरईएस, बीडीसी के माध्यम से सिंहस्थ के लिए प्रचलित कार्यो की समीक्षा की गई।

### पीएमश्री पर्यटकों को मिलेगी वीआईपी दर्शन सुविधा

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में पीएमश्री पर्यटन हेली सेवा में सफर करने वाले पर्यटकों को वीआइपी दर्शन की सुविधा मिलेगी। सोमवार को मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। इसके लिए उप प्रशासक के नेतृत्व में अलग-अलग शिफ्टों में कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो सुबह छह से रात 10 बजे तक श्रद्धालुओं को भगवान महाकाल के दर्शन कराएंगे। पर्यटकों को प्रोटोकाल दर्शन के लिए 250 रुपये निर्धारित शुल्क चुकाना होगा।

## स्वास्थ्य अधिकारी ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

जिला चिकित्सालय चरक भवन की सीवरेज लाइन को दुरुस्त करवाने एवं लिफ्ट के सुचारू संचालन के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा मंगलवार को चरक भवन का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सीवरेज लाईन को सुधारने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय कर अविलम्ब दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने अस्पताल में लगी लिफ्टों का अवलोकन किया और जो लिफ्ट बंद थी। उन्हें मरम्मत कर शीघ्र चालू करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सीवरेज लाईन का नियमित रूप से रखरखाव करने के निर्देश दिये, ताकि अस्पताल में आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को असुविधा का सामना न करना पड़े। सीएमएचओ ने अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समस्त प्रकार की आवश्यक औषधियां वितरित करने व अस्पताल परिसर व वार्ड में साफ सफाई निरन्तर रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री श्रीमती नेहा निर्मल व सहायक अस्पताल प्रबंधक श्रीमती वर्षा चौहान भी उपस्थित थे ।



# चुनौती: सिंहस्थ के पहले उज्जैन मे उमड़ेगा आस्थावान श्रद्धालुओं का सैलाब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व से ठीक एक वर्ष पूर्व उज्जैन में इस वर्ष 17 मई से 15 जून तक अधिकमास के रूप में आस्था का विशाल समागम आयोजित होगा। 32 माह 16 दिन के अंतराल के बाद बन रहे इस दुर्लभ संयोग में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचकर चौरासी महादेव, नौ नारायण और सप्त सागर की धार्मिक यात्राएं करेंगे। ज्योतिषाचार्य पं. सतीश नागर के अनुसार पंचांग गणना के आधार पर इस वर्ष 17 मई से प्रथम ज्येष्ठ अधिकमास का आरंभ होगा। इससे पूर्व यह संयोग वर्ष 1988, 1999, 2007 और 2018 में बन चुका है। अधिकमास की अवधि में विवाह, गृह प्रवेश सहित सभी मांगलिक कार्य वर्जित रहेंगे। इस दौरान श्रद्धालु जप, तप, दान और कल्पवास जैसे आध्यात्मिक अनुष्ठानों में संलग्न रहेंगे।






अधिकमास के दौरान संभावित भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती होगी। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए सिंहस्थ जैसी व्यवस्थाएं अभी से जुटाने की आवश्यकता है। वर्तमान में सप्त सागर एवं कई महादेव मंदिरों के आसपास बुनियादी सुविधाओं और स्वच्छता के अभाव को लेकर चिंता जताई जा रही है। सुगम दर्शन और व्यवस्था के लिए शासन-प्रशासन को समय रहते विस्तृत कार्ययोजना तैयार करनी होगी।

### सोमवती अमावस्या पर होगा समापन

अधिकमास का समापन 15 जून को सोमवती अमावस्या के महासंयोग में होगा। इस दिन शिप्रा नदी और सोमकुंड में पर्व स्नान किया जाएगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार सोमवती अमावस्या पर शिप्रा स्नान से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, जिसके चलते देशभर से हजारों श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है।

### ये धार्मिक यात्राएं रहेंगी विशेष

**चौरासी महादेव यात्राः** मान्यता है कि उज्जैन के 84 महादेव मंदिर सौरमंडल के 84 अंशों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अधिकमास में इनके दर्शन से जीवन के समस्त दोषों का शमन होता है। प्रत्येक महादेव पर अलग-अलग अनाज और पूजन सामग्री के दान की परंपरा है।

**नौ नारायण दर्शनः** उज्जैन में भगवान विष्णु के नौ स्वरूप विराजमान हैं। पुरुषोत्तम मास को भगवान विष्णु का विशेष मास माना जाता है। इस दौरान नौ नारायण की यात्रा करने से सुख, समृद्धि और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**सप्त सागर पूजनः** रुद्र सागर, क्षीर सागर और गोवर्धन सागर सहित सात पवित्र सागरों के दर्शन से मन और आत्मा को शांति मिलती है। यहां दीपदान और वस्त्र दान का विशेष महत्व है।

**तीस की संख्या का विशेष महत्वः** धर्मशास्त्रों के अनुसार अधिकमास में तीस की संख्या का विशेष महत्व होता है। मालवा क्षेत्र में इस माह के दौरान मालपुए, कांसे के पात्र, फल और धार्मिक ग्रंथों के दान की परंपरा है। श्रद्धालु अपनी सामर्थ्य के अनुसार अन्न, वस्त्र, पात्र अथवा रत्नों का दान कर पुण्य अर्जित करते हैं।

## न्यूज-कॉलम



### युवा संगम मेले का आयोजन किया गया

**आलीराजपुर।** मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग तथा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही मंच पर युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार एवं स्वरोजगार के लिये जिले की जनपद पंचायत के सभाग्रह कट्ठीवाड़ा/ शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कट्ठीवाड़ा में जनपद प्रतिनिधि श्री रघूनाथ ठाकुर एवं जनपद पचांयत सीईओ की अध्यक्षता में युवा संगम मेले का आयोजन किया गया।मेले में निजी क्षेत्र की 02 कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान 39 युवा उपस्थित हुए तथा 08 युवाओं का प्रारम्भिक रूप से चयन किया गया एवं ऑफर लेटर प्रदान किये गये। साथ ही जिला अस्पताल के स्वास्थ विभाग के कर्मचारियों द्वारा युवाओं को विभिन्न प्रकार की बीमारी से मुक्त रहने के लिए विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उद्योग विभाग द्वारा 5 हितग्राही को 14.75 लाख के प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। यह चयन प्रक्रिया युवाओं को उद्योगों से जोडने और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध करने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है।

### आलीराजपुर के झिरन सहकारी संस्था द्वारा ई-टोकन से खाद वितरण किया



**आलीराजपुर।** कलेक्टर श्रीमती नीतू माथूर ने सहकारिता विभाग एवं कृषि विभाग को ई-टोकन प्रणाली व्यवस्था के तहत खाद वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। निदेर्शों के परिपालन में जिले के किसानो को भी अब राज्य शासन द्वारा लागू की गई ई-विकास प्रणाली अर्थात ई-टोकन से खाद का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सहकारी संस्था झिरन, जिला आलीराजपुर द्वारा किसानो को ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरित किया गया। खाद वितरण की इस व्यवस्था से किसानों को लम्बी-लम्बी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। साथ ही बिचौलियों की भूमिका और कालाबाजारी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। इस व्यवस्था से किसानों को उर्वरक का वितरण मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकती है।

### कुमरावत तंबोली समाज महिला मंडल द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित



**मंडलेश्वर।** कुमरावत तंबोली समाज मंडलेश्वर महिला मंडल द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं ने एकत्रित होकर एक-दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश दिया।महिला मंडल की अध्यक्ष एवं नगर परिषद पार्षद रूपाली ब्रह्मदत्त चौहान ने बताया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी प्रेम, सहयोग और परंपराओं को सहेजने की भावना मजबूत होती है।कार्यक्रम में महिला मंडल की उपाध्यक्ष निशा कुमरावत, सचिन कुमरावत, विनीत कुमरावत, जय कुमरावत, सोनू कुमरावत, कोषाध्यक्ष सुधा चौहान, संस्कृति सचिव शीला कुमरावत, रूपाली कुमरावत, ज्योति कुमरावत, माधुरी कुमरावत, कविता कुमरावत, पायल कुमरावत, दीपक कुमरावत, नीतू कुमरावत, लाली कुमरावत सहित महिला मंडल की समस्त कार्यकारिणी एवं समाज की सम्माननीय महिलाएं कुमुद कुमरावत, मधु कुमरावत उपस्थित रहीं।

### महाविद्यालय में उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**मनावर।** 21 जनवरी को शासकीय महाविद्यालय मनावर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उद्यमिता एवं स्टार्टअप विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.सी. पॉन्टेल के उद्बोधन भाषण से हुआ,जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को रोजगार लेने वाले ना बनकर रोजगार देने वाले बनने के लिए प्रेरित किया। स्वामी विवेकानंद करियर प्रकोष्ठ अधिकारी डॉ. सेवंता मुवेल द्वारा स्वरोजगार की महत्ता के साथ विद्यार्थियों को वर्तमान परिपेक्ष में नवाचार एवं उद्यमी के विशेष गुणों पर व्याख्यान दिया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी 63 जनशिकायतें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

कलेक्ट्रेट कार्यालय बड़वानी में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिलेभर से आए ६३ आवेदकों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से सुना।

लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत राशि प्राप्त न होने के संबंध में श्रीमती गजुबाई पति किशोर द्वारा जनसुवाई में आवेदन दिया गया। कलेक्टर द्वारा इस शिकायत की सूक्ष्मता से जाँच हेतु निर्देश दिये गये। । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लाड़ली बहना योजना पोर्टल पर आवेदन क्रमांक के अनुसार अवलोकन से यह स्पष्ट हुआ है कि हितग्राही का आवेदन पूर्णतः वैध है। जो एनपीसीआई से आधार



मैपिंग से हटने के कारण योजना का लाभ हितग्राही को नहीं मिल पा रहा था । मैपिंग के पश्चात हितग्राही को उनके बैंक खाते में माह जून 2023 से पात्रतानुसार डी.बी.टी. के माध्यम से भुगतान किया गया । ग्राम ब्राहम्णगांव (तहसील ठीकरी) के निवासी श्री बहादुर पंवार ने अपनी माताजी स्व. अनिताबाई पति राजु पंवार की मृत्यु के उपरांत मध्य प्रदेश शासन की संबल योजना के तहत मिलने वाली अनुग्रह राशि न मिलने की शिकायत की। प्रार्थी के अनुसार, 5 जुलाई 2025 को आवेदन देने के बावजूद पंचायत सचिव व सरपंच द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन को जिला श्रम अधिकारी को प्रेषित कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

सेंधवा निवासी सिद्धार्थ पिता राजेश धामोने ने आवेदन देकर बताया कि उनके पिता स्व. राजेश धामोने की शासकीय सेवा अस्पताल सेंधवा में वार्डबाय के पद पर रहते हुये 4 जून 2025 को आकस्मिक निधन हो गया है। उनकी माता जी को मृत्यु फण्ड के अलावा दूसरी किसी प्रकार की राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया है, और न ही उनको अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है। कलेक्टर ने उक्त आवेदन को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रेषित कर जांच उपरांत उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिये ।

## माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने निर्झरणी महोत्सव का आयोजन

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन बड़वानी के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नर्मदा जयंती के अवसर पर पवित्र माँ नर्मदा को धन्यता प्रकट करने के उद्देश्य से च्छ्निर्झरणी महोत्सवज्ज का आयोजन किया जा रहा है। संचालक, संस्कृति श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सभ्यता की शाश्वत धरोहर है। उनके किनारों पर संस्कृतियाँ और परम्पराएं बसती हैं। आने वाली पीढ़ी अपनी विरासत और संस्कृति के महत्व को जान और समझ सके, इसी विचार के साथ संस्कृति विभाग द्वारा निर्झरणी महोत्सव का आयोजन मध्यप्रदेश में माँ नर्मदा के 11 पवित्र घाटों पर किया जा रहा है।निर्झरणी महोत्सव के अंतर्गत 25 जनवरी को सायं 6 बजे से रामेश्वर महादेव मंदिर, नवलपुरा (बड़वानी) में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत श्री बालकृष्ण धनगर एवं साथी, बड़वानी द्वारा मालवी लोकगायन की प्रस्तुति दी जायेगी। इसके बाद सुश्री मनाली मोहिते एवं साथी, इन्दौर द्वारा नर्मदा केन्द्रित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जायेगी। अंतिम प्रस्तुति भक्ति गायन की होगी।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर कमिश्नर एवं एसपी कॉन्फ्रेंस की समीक्षा बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय में कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस एवं कलेक्टर पुलिस अधीक्षक कॉन्फ्रेंस के पालन प्रतिवेदन बिंदुओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिला आलीराजपुर से कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह, प्रभारी जिला पंचायत सीईओ श्री वीरेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप पटेल सहित समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव श्री जैन ने कानून व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की। इसमें कानून व्यवस्था लागू के एक्शन प्लान, मुस्कान अभियान, ड्रग फ्री इंडिया, एनकॉर्ड (हृष्टह्रक्रष्ठ), सड़क सुरक्षा, अवैध खनन सहित अन्य विषय शामिल



रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही सुशासन से संबंधित बिंदुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। राजस्व प्रकरणों के निराकरण, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन शिकायतों की स्थिति, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, कृषि विकास एवं कल्याण, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन, स्वास्थ्य एवं पोषण, स्वच्छ जल अभियान तथा मनरेगा सहित सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सुशासन की दिशा में सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं समयबद्धता के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संवेदनशीलता के साथ जनसुनवाई करें तथा टीमवर्क की भावना से सरकार की मंशा के अनुरूप योजनाओं को धरातल पर उतारना सुनिश्चित करें।

# अवैध खनन चरम पर, सरकारी नर्सरी को माफिया ने बनाया निशाना

## राजपुरा में खुलेआम मुरूम खनन, लाखों की संपत्ति को नुकसान

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले के समीप ग्राम राजपुरा में अवैध खनन अपने चरम पर पहुंच गया है। खनन माफिया को न कानून का डर है और न ही प्रशासन का। ग्राम पंचायत राजपुरा की सरकारी नर्सरी की जमीन और पेड़-पौधों को भारी मशीनों से खोदकर मुरूम निकाली जा रही है, जिससे लाखों रुपये की शासकीय संपत्ति को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खनन की सूचना कई बार संबंधित अधिकारियों को दी गई, इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। माफिया खुलेआम मुरूम निकालकर उसे ऊंचे दामों पर विभिन्न स्थानों पर बेच रहे हैं। नर्सरी क्षेत्र को पूरी तरह छन्नी कर दिया गया है, जिससे पर्यावरण को भी गंभीर क्षति हो रही है।



ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए हुए हैं। जब इस मामले में ग्राम पंचायत राजपुरा के सचिव से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि वे समय पर मौके पर उपस्थित नहीं रह पाते और इस संबंध में खनिज विभाग के अधिकारी को सूचना देने की बात कही।

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के लिए स्थापित सरकारी नर्सरी को अवैध खनन से भारी नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और खनिज विभाग से मांग की है कि तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच की जाए और दोषी खनन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शासकीय संपत्ति को बचाया जा सके।

# दिव्यांग भाई बहनों के लिए कृत्रिम अंग शिविर का शुभारम्भ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर में जनजाग्रति संस्था, जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग, रोटरी क्लब बुरहानपुर, जायंट्स ग्रुप ऑफ इंदौर, और सेवा प्रदाता महावीर सेवासदन कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क कृत्रिम अंग शिविर का शुभारम्भ किया गया।

**शिविर में मिलेंगे कृत्रिम अंग**

इस शिविर में 12 दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, 22 को केलिपर्स (पोलियो), और 2 को कृत्रिम हाथ प्रदान किए जाएंगे।

**शिविर का शुभारम्भ**

शिविर का शुभारम्भ दिव्यांग भाई अस्तिबाधित शिवाजी सोनोने ने दीप प्रज्वलन से किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन सामाजिक न्याय एवम दिव्यांगजन सशक्ति करण विभाग के उपसंचालक दुर्गेश कुमार दुबे, जनजाग्रति संस्था अध्यक्ष डॉ किरण सिंह, रोटरी क्लब बुरहानपुर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

शिविर का उद्देश्य दिव्यांग भाई बहनों को स्वावलम्बी बनाना है, ताकि वे अपने जीवन में आगे बढ़ सकें।

# भव्य मंडन मिश्र हिंदू सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

सकल हिंदू समाज सम्मेलन का आयोजन रविवार को सम्पन्न हुआ। सामाजिक समरसता के उदेश्य से किए जाने वाले इस आयोजन की शुरूआत 5 बस्तियों से आए कलशों और भारत माता के चित्र का पूजन व आरती के साथ हुई।

स्कूल मैदान में हुए आयोजन में हजारों की संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। सम्मेलन में गुलवाड़ के महंत रामदास महाराज, खंडवा के कथा वाचक अंतेश व्यास, नगर की शिक्षिका कीर्ति पाटीदार और बड़वाह से प्रज्ञा प्रवाह प्रांत सह संयोजक मुकेश गुप्ता मुख्य वक्ताओं के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक सह भोज हुआ। नगर के अलावा चोली, ठनगांव में भी सकल हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ।महंत रामदास महाराज ने कहा गीता या कोई भी ग्रन्थ हमें जातियों में बांटना नहीं सिखाते।

हमारे घर में संस्कार और धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करना बंद हो गया है। जिसके कारण ही हमें कोई भी हमारे ग्रंथों के बारे में गलत विश्लेषण कर देता है। भारतीय संस्कृति की शिक्षा घर से देंगे तो हमें कोई बांट नहीं पाएगा। कथा वाचक व्यास ने अंगूर के गुच्छे से उदाहरण दे कर समझाया कि एक रहोगे तो भाव अच्छा मिलेगा। लेकिन, बिखर गए तो रद्दी के भाव में बिकोगे।

हम सब में चेतना और जागरूकता होनी चाहिए। जिससे किसी के बहकावे में हम लोग नहीं आ सकें। शिक्षिका कीर्ति पाटीदार ने परिवार एक इकाई है, जिसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है मां। एक मातृ शक्ति ही है जो परिवार को हमारी संस्कृति से जोड़ती है। हम ग्लोबल बने लेकिन ग्लोब पर बने रहिए। उन्होंने कहा मातृ शक्ति का महत्व इसलिए बढ़ जाती है क्योंकि किराना की सूची हमें ही बनाना होती है। हम उद्योग तो नहीं लगा सकते हैं लेकिन देश के पैसा तो बचा ही सकते हैं। घर की रसोई से देश की अर्थव्यवस्था ठीक की जा सकती।

## लायन्स क्लब खण्डवा ने किया नाट्य कलाकारों का किया सम्मान

**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा द्वारा नट निमाड़ कला समूह के नाट्य कलाकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाजसेवी सुनील जैन एवं नारायण बाहेती ने बताया कि नट निमाड़ कला समूह विगत कई वर्षो से नाट्य कला के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु सतत कार्य कर रहा है। वर्तमान समय में जहाँ नाट्य विधा के प्रति रुचि में कमी देखी जा रही है, वहीं आर्थिक अभावों के बावजूद नट निमाड़ कला समूह ने खण्डवा में नाटक कला को जीवंत बनाए रखा है। उन्होंने कहा कि नाट्य कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है, जो समकालीन परिस्थितियों, सामाजिक विसंगतियों, नैतिक मूल्यों एवं जन-चेतना को प्रभावी रूप से प्रस्तुत करती है। नाटक के माध्यम से समाज को सोचने, समझने और सकारात्मक परिवर्तन की प्रेरणा मिलती है। नट निमाड़ कला समूह द्वारा अब तक देश के अनेक शहरों में उत्कृष्ट नाटकों का मंचन किया जा चुका है। हाल ही में च्ताज महल का टेंडरज्ज शीर्षक नाटक की वर्तमान परिस्थितियों पर कटाक्ष करती, हास्य से भरपूर प्रस्तुति किशोर कुमार सभागृह में दो दिनों तक निःशुल्क दी गई।

# राशन दुकान के विक्रेता एवं उनके पति के विरूद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सेंधवा के पत्र अनुसार 19 जनवरी के अनुसार कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सेंधवा द्वारा माँ भगवती स्व सहायता समूह, सोनखेडी द्वारा संचालित उचित मूल्य दुकान सोनखेडी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकान संचालन में गंभीर एवं दोहराई गई अनियमितताएँ पाई गईं।

जांच के समय दुकान बंद पाई गई। उपभोक्ताओं से पूछताछ में यह तथ्य सामने आया कि विगत ३ से ४ महीनों से पीओएस मशीन में उपभोक्ताओं का बायोमेट्रिक सत्यापन तो किया जा रहा था, किंतु खाद्यान्न सामग्री का वास्तविक वितरण नहीं किया जा रहा था। साथ ही यह भी पाया गया कि दुकान का संचालन एवं वितरण कार्य विक्रेता के पति द्वारा किया जा रहा था, जो नियमानुसार प्रतिबंधित है। स्टॉक सत्यापन के दौरान गेहूं 12,02 किलोग्राम, चावल 6,183 किलोग्राम तथा शक्का 82 किलोग्राम की कमी पाई गई। उल्लेखनीय है कि संबंधित उचित मूल्य दुकान ने पूर्व में भी स्टॉक मिसमैच एवं अनियमितताओं के प्रकरण सामने आ चुके हैं। बार-बार स्टॉक मिसमैच पाए जाने एवं अनियमितताओं की पुनरावृत्ति को गंभीरता से लेते हुए कठोर कार्रवाई की गई है।मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विक्रेता श्रीमती ममता, पति जगसिंह ठाकुर के विरुद्ध ६२९९७१ रुपये की वसूली का आदेश जारी किया गया है। साथ ही विक्रेता श्रीमती ममता ठाकुर एवं उनके पति जगसिंह ठाकुर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई।

## 22 जनवरी को कृषि वर्ष के अंतर्गत ग्राम पंचायतों में जायेंगे कृषि रथ

**बड़वानी ।** प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाया जायेगा। इसके अंतर्गत जिले के 7 विकासखण्डों की ग्राम पंचायतों में रूट चार्ट अनुसार कृषि रथ भ्रमण करेगा। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, फसल विविधिकरण, कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उपाय, विभागीय योजनाएं, ई-टोकन उर्वरक वितरण व्यवस्था तथा पराली प्रबंधन से संबधित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। 22 जनवरी को कृषि रथ विकासखण्ड बड़वानी की ग्राम पंचायत अम्बापानी, सिलावद एवं रेहगून सिलावद में, विकासखण्ड निवाली की ग्राम पंचायत पिपलधार, सेगवी एवं गवाड़ी में, विकासखण्ड पानसेमल की ग्राम पंचायत निसरपुर, मल्फा एवं मलगॉव में, विकासखण्ड पाटी की ग्राम पंचायत देरवालिया, सिन्धी एवं डोगरगांव में, विकासखण्ड राजपुर की ग्राम पंचायत सिदडी, मोजालीखुर्द एवं कुकडियाखेडा में, विकासखण्ड सेध्ंवा की ग्राम पंचायत पाडछा, मुहाला एवं वाक्या में तथा विकासखण्ड ठीकरी की ग्राम पंचायत तक्यापुर, मण्डवाडा एवं पान्या में भ्रमण करेगा।

## सहकार भारती का स्थापना दिवस का आयोजन आज

**बड़वानी।** बिन संस्कार, नहीं सहकार। बिन सहकार, नहीं उद्धार। के प्रेरक सूत्र वाक्य के साथ सहकार भारती, जिला बड़वानी द्वारा सहकार भारती के 48 वें स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर जिले के सहकारिता क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित है। सहकार भारती जिलाध्यक्ष धीरज यादव, जिला महामंत्री सुनील शुक्ला एवं कार्यक्रम संयोजक नितिन अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह 22 जनवरी गुरुवार को दोपहर 3 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम का आयोजन नगरपालिका परिषद, बड़वानी में किया जाएगा।

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-12**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- पूर्णिमा चौधरी पति दिनेश चौधरी पता- 177-3 रुपराम नगर इन्दौर पैकी भाग पिन- 1001155814 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-12**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- 1- लीलाबाई खालोटिया 2- किरण गोलादिया, 3- ममता परमार, 4- विजय खालोटिया, 5- रवि खालोटिया पता- 174-एम खातीवाला टैंक जी-3 सन्नी टावर इन्दौर पिन- 1001114820 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-12**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- वर्षा गुप्ता पति निलेश गुप्ता पता- 3 रुपराम नगर इन्दौर पिन- 1001155814 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-12**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती वनीता बेन पति महेन्द्र शाह पता-295-एम खातीवाला टैंक इन्दौर पिन- 1001120057 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री कैलाश प्रजापत श्रीमती लादी प्रजापत पता-मकान नं. 172 जय भवानी नगर इन्दौर पिन- 1001231330 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-20**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती मंजुला पति श्री स्व. सत्यनारायण, श्री आकाश गर्ग श्री नीरज गर्ग पता-मकान नं. 172 आराधना नगर इन्दौर पिन- 1004508955 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 20 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-20 नगरपालिका निगम इन्दौर**

# लक्ष्य आत्मा की तृप्ति



एक सवाल अक्सर पूछा जाता है, क्या मन कभी तृप्त हो सकता है? मनुष्य यदि आत्मा के बजाय केवल मन की इच्छा को साधने में उलझा रहेगा, तो अनजाने ही वह अंधकार की ओर बढ़ता रहेगा। मानव मन भोग चाहता है, सुख चाहता है, पर वह कभी तृप्त नहीं होता। जितना मिलता है, उससे अधिक की चाह पैदा होती जाती है। इसके विपरीत आत्मा शांति, स्थिरता और अनंत से जुड़ना चाहती है। जब मनुष्य मन की आवाज को ही जीवन का मार्गदर्शक बना ले, तो वह भीतर से खोखला होने लगता है।

आज हम ऐसे लोगों से घिरे हैं, जो ईश्वर, आत्मा और धर्म की बातें करते हैं, लेकिन उनका जीवन केवल इंद्रिय-सुखों के इर्द-गिर्द घूमता है। वह कहते हैं कि वह परमात्मा को मानते हैं, आत्मा की सत्ता को स्वीकार करते हैं, लेकिन उनके कर्म शब्दों से मेल नहीं खाते। धीरे-धीरे ऐसे लोग मानवीय मूल्यों से गिरते जाते हैं और पशु-प्रवृत्तियों की ओर लौटने लगते हैं। मानव शरीर पाकर भी वे मनुष्य की तरह जीने में रुचि नहीं दिखाते।

मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है, उस परम-सत्ता की खोज, जो इस पूरे अस्तित्व का आधार है। आत्मा और परमात्मा मूलतः अलग नहीं हैं; अंतर केवल हमारे मन की दिशा में है। जब मन सीमित इच्छाओं में उलझा रहता है, तब आत्मा भी सीमित लगने लगती है। जब मन अनंत को अपना लक्ष्य बना लेता है, तब व्यक्ति वास्तव में परमात्मा से जुड़ जाता है।

ज्ञानी व्यक्ति यह समझता है कि दुख का असली कारण बाहर की परिस्थितियां नहीं, हमारे अपने कर्म और संस्कार होते हैं। जो कुछ हम आज भोग रहे हैं, वह हमारे अतीत के विचारों और कार्यों की प्रतिक्रिया है। दुख हमें तोड़ने नहीं, बल्कि शुद्ध करने आता है। जैसे आग में तपकर सोना निखरता है, वैसे ही कष्ट हमारे भीतर जमे पुराने संस्कारों को जलाकर हमें भीतर से साफ करता है। ईश्वर न दूर हैं और न अलग। वह हमारे भीतर हैं। वही शक्ति हर विचार को जन्म देती है, हर गति को दिशा देती है। संसार की सारी गतिविधियां उसी चेतना से संचालित होती हैं। वह चेतना स्थिर भी है और सक्रिय भी। स्थिर इसलिए कि वह अटल सत्य है और सक्रिय इसलिए कि उसकी ऊर्जा से पूरा ब्रह्मांड गतिमान है।

जब साधक अपने भीतर की उस आनंदमय सत्ता को पहचान लेता है, तब वह ब्रह्म में स्थित हो जाता है। उस अवस्था में भीतर और बाहर का सारा भेद मिट जाता है। मन सांसारिक आकर्षणों से मुक्त हो जाता है और मानव जीवन एक शांत, उज्ज्वल प्रवाह बन जाता है। शरीर तो संसार में रहता है, लेकिन आत्मा परमात्मा में विलीन हो जाती है। यही वास्तविक मुक्ति है, यही मानव जीवन की सच्ची उपलब्धि।



सम्पादकीय

## पूर्णकालिक पदभार

पिछले महीने 14 दिसंबर को जब कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर नितिन नवीन के नाम का एलान हुआ था, तभी लग गया था कि भाजपा पीढ़ीगत बदलाव की ओर कदम बढ़ा चुकी है। मंगलवार को पूर्णकालिक अध्यक्ष के रूप में नवीन की ताजपोशी के साथ इसकी तस्दीक भी हो गई। जाहिर है, इस बदलाव के गहरे निहितार्थ हैं। महज 45 साल की उम्र में पार्टी के सर्वोच्च पद पर उनके चुनाव से देश भर के युवा कार्यकर्ताओं को यह संदेश गया होगा कि भाजपा नौजवानों की सोच को भरपूर अहमियत देती है और आने वाले दिनों में पार्टी के पास उनके लिए बहुत सारे अवसर हैं। देश की सबसे बड़ी पार्टी ने इससे पहले राज्यों में सरकार के नेतृत्व के लिए भी नए व कमउम्र नेताओं को प्राथमिकता देकर युवाओं को खुद से जोड़ा है। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद भाजपा अब ज्यादा मजबूती से यह दावा कर सकती है कि उसके पास सरकार का नेतृत्व करने के लिए जहां नरेंद्र मोदी जैसे परखे हुए लोकप्रिय नेता हैं, तो पार्टी में नई ऊर्जा भरने के लिए नवीन जैसे नौजवान हैं। अवधारणाओं की सियासी जंग में इस जोड़ी की बदौलत भाजपा ने विपक्ष के आगे एक चुनौती तो उछाल ही दी है। देश की राष्ट्रीय राजनीति का एक दिलचस्प पहलू यह भी है कि पिछले आम चुनाव में भाजपा को करीब 23.6 करोड़ मत मिले थे, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को 13.6 करोड़, वहीं युवा मतदाताओं की संख्या इस समय 21 करोड़ के आस-पास है। ऐसे में, राजनीतिक दलों के कर्ता-धर्ता अब जानते हैं कि इस विशाल मतदाता वर्ग तक कल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ-साथ सत्ता में भागीदारी का ठोस आश्वासन पहुंचाना बहुत जरूरी है। पड़ोसी मुल्कों में जेन-जी के आक्रोशों ने राजनेताओं को आगाह किया है कि वे इस पीढ़ी की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं का संज्ञान लें और उसके अनुरूप अपनी सियासी नीतियां भी बनाएं। भाजपा की चुनावी सफलता के पीछे यह तर्क दिया जाता रहा है कि वह वक्त की नब्ज सबसे बेहतर पहचानती है। उसने महिला जागृति का सबसे बेहतर लाभ उठाया है। नवीन के चुनाव को युवा जागृति से जोड़कर देखा जाना चाहिए। बहरहाल, अगले कुछ महीनों में पांच राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। असम और पुडुचेरी में भाजपा गठबंधन सत्ता में है। नवीन के आगे सबसे बड़ी चुनौती यही है कि उनके कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय चुनावों में भाजपा ने जो शानदार प्रदर्शन किया है, उसकी आभा पूर्णकालिक पदभार संभालने के बाद भी बरकरार रहे। वह जानते होंगे कि असम और पुडुचेरी में सरकार बचाने के साथ-साथ केरल, तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल में पहले से बेहतर प्रदर्शन से ही यह मुमकिन है।

### पर्यावरण संरक्षण कोष: जवाबदेही और पारदर्शिता का मॉडल

# कार्बन युग से हरित भविष्य की ओर भारत का बदलाव

पर्यावरण संरक्षण को लेकर भारत ने जनवरी 2026 में ऐसा निर्णायक कदम उठाया, जिसने नीति और मानसिकता दोनों की दिशा बदल दी। अधिसूचित पर्यावरण संरक्षण कोष नियम केवल किसी कानून की औपचारिक घोषणा नहीं हैं, बल्कि उस पुराने टकरावपूर्ण दृष्टिकोण का अंत हैं जिसमें विकास को पर्यावरण का विरोधी मान लिया जाता था। अब प्रदूषण को नजरअंदाज करने या मात्र दंड लगाकर औपचारिकता निभाने की नीति पीछे छूट रही है।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

भारत ने स्पष्ट और सख़्त संदेश दिया है कि जो पर्यावरण को क्षति पहुँचाएगा, उसे उसकी भरपाई भी करनी होगी। यह नई सोच पर्यावरणीय शासन को नैतिक दायित्व, ठोस जवाबदेही और वास्तविक प्रभावशीलता से जोड़ने का सशक्त प्रयास है।

अब तक पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन पर वसूली गई पेनल्टी प्रायः सरकारी खातों में निष्क्रिय पड़ी रह जाती थी। उसके उपयोग की दिशा स्पष्ट नहीं थी और पर्यावरण सुधार से उसका प्रत्यक्ष संबंध भी स्थापित नहीं हो पाता था। नए नियम इसी मूलभूत कमजोरी पर प्रहार करते हैं। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत बने ये प्रावधान पेनल्टी के उपयोग को 11 स्पष्ट गतिविधियों से जोड़ते हैं। प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और शमन से लेकर दूषित स्थलों के पुनर्विकास तक प्रत्येक पहल को ठोस वित्तीय समर्थन मिलता है। इस परिवर्तन ने पर्यावरणीय दंड को मात्र सजा नहीं, बल्कि सुधार की सशक्त प्रक्रिया में बदल दिया है।

इन नियमों के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कोष को सार्वजनिक खाते में रखा जाएगा। इसके प्रभावी संचालन हेतु केंद्र और राज्यों के स्तर पर अलग-अलग परियोजना प्रबंधन इकाइयों का गठन किया गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की निगरानी व्यवस्था पारदर्शिता को संस्थागत रूप देती है। धन के दुरुपयोग की आशंका अब सैद्धांतिक बनकर रह जाती है। कुल राशि का 75 प्रतिशत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को देकर स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी गई है, जबकि शेष 25 प्रतिशत केंद्र के पास रहकर राष्ट्रीय निगरानी और नीति समन्वय को सुदृढ़ करेगा।

जन विश्वास अधिनियम 2023 ने इस कोष व्यवस्था को अतिरिक्त बल प्रदान किया है। अनेक पर्यावरणीय अपराधों को अपराधमुक्त कर मौद्रिक दंड में परिवर्तित किया गया, जिससे कानूनी प्रक्रिया अधिक सरल और व्यावहारिक बनी। अब अधिक मामलों में जुमार्ना लगेगा और वही राशि सीधे पर्यावरण सुधार में व्यय होगी। इससे उद्योगों को स्पष्ट संकेत मिलता है कि उल्लंघन से बचना अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है। यह व्यवस्था भय के स्थान पर जिम्मेदारी आधारित अनुपालन संस्कृति को प्रोत्साहित करती है, जो दीर्घकाल में कहीं अधिक प्रभावी सिद्ध होती है।

कार्बन-हैवी उद्योगों पर केंद्रित कठोरता इस नीति की सबसे निर्णायक विशेषता बनकर उभरती है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन तीव्रता के लक्ष्य अब कुछ सीमित क्षेत्रों तक सिमटे नहीं रहे। सीमेंट, एल्युमिनियम, क्लोर-अल्कली और कागज उद्योग के साथ अब पेट्रोलियम रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल्स, वस्त्र और सेकेंडरी एल्युमीनियम भी इसके दायरे में हैं। चार सौ साठ से अधिक औद्योगिक इकाइयों पर लागू ये लक्ष्य प्रति टन उत्पादन उत्सर्जन को 3 से 7 प्रतिशत तक घटाने की अनिवार्यता स्थापित करते हैं।

अनुपालन में चूक पर लगाया जाने वाला पर्यावरणीय मुआवजा इस नीति को वास्तविक प्रभाव देता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा निर्धारित दंड उस वर्ष के औसत कार्बन क्रेडिट व्यापार मूल्य से दोगुना होगा। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा जारी कार्बन क्रेडिट प्रमाणपत्र इस पूरी व्यवस्था की आधारशिला हैं। जो इकाइयाँ लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करेंगी, वे अतिरिक्त क्रेडिट बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करेंगी। इस प्रकार प्रदूषण घाटे का सौदा बनता है और स्वच्छता लाभ का अवसर।

यह बाजार आधारित तंत्र उद्योगों को स्वच्छ प्रौद्योगिकी में निवेश की दिशा में मजबूती से प्रेरित करता है। ऊर्जा दक्षता, नवीकरणीय ऊर्जा और कम-कार्बन प्रक्रियाएं अब केवल पर्यावरणीय जिम्मेदारी नहीं रहीं, बल्कि आर्थिक विवेक का प्रतीक बन गई हैं। जो उद्योग समय रहते बदलाव अपनाएंगे, वे प्रतिस्पर्धा में बढ़त हासिल करेंगे। जो पीछे रहेंगे, उन्हें दंड भुगतना पड़ेगा। इस तरह नीति बाध्यता के माध्यम से नवाचार को गति देती है और हरित संक्रमण को तेज करती है।

इन नियमों का सीधा और स्पष्ट संबंध भारत की अंतरराष्ट्रीय जलवायु प्रतिबद्धताओं से जुड़ता है। नेट-जीरो 2070 का लक्ष्य और 2030 तक उत्सर्जन तीव्रता में पैंतालीस प्रतिशत कमी की प्रतिज्ञा अब कागजी घोषणा नहीं रह गई है। सीमेंट में 3.4 प्रतिशत, एल्युमिनियम में 5.8 प्रतिशत और अन्य क्षेत्रों में 7 प्रतिशत तक निर्धारित लक्ष्य इस बदलाव को रेखांकित करते हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि विकास के नाम पर प्रदूषण की छूट का दौर अब समाप्त हो चुका है।

स्वाभाविक रूप से इन नियमों ने उद्योग और पर्यावरण के बीच बहस को और तीव्र कर दिया है। उद्योग जगत लागत बढ़ने, प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और रोजगार पर संभावित प्रभावों की चिंता जता रहा है। वहीं पर्यावरणविद् जलवायु संकट की गंभीरता, जहरीली होती हवा और जनस्वास्थ्य पर बढ़ते खतरों को सामने रख रहे हैं। सरकार का स्पष्ट मत है कि यह टकराव नहीं, बल्कि संतुलन साधने का प्रयास है। स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने हेतु प्रोत्साहन, सब्सिडी और क्रेडिट ट्रेडिंग जैसे उपाय इस संक्रमण को व्यावहारिक और सुगम बनाएंगे।

राज्य स्तर पर उपलब्ध कराई जाने वाली 75 प्रतिशत राशि इस नीति को वास्तविक जमीनी शक्ति प्रदान करती है। इसके माध्यम से वायु गुणवत्ता सुधार, नदी सफाई, औद्योगिक क्लस्टरों की निगरानी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण की परियोजनाएं प्रभावी रूप से संचालित हो सकेंगी। स्थानीय समस्याओं के समाधान अब स्थानीय स्तर पर संभव होंगे। केंद्र द्वारा संचालित हिस्सा राष्ट्रीय डेटा, मानकों और तकनीकी क्षमता को सुदृढ़ करेगा। यह संघीय सहयोग का ऐसा ढांचा है जिसमें केंद्र दिशा निर्धारित करता है और राज्य क्रियान्वयन की शक्ति बनते हैं।

## प्रायश्चित का उत्सव

जब रिटायरमेंट के बाद बड़े बेटे प्रशांत ने शहर के सबसे महंगे 'ओल्ड एज केयर कम विला' में बाबूजी के लिए कमरा बुक किया, तो बाबूजी-सेवानिवृत्त मुंशी रामप्रसाद जी-ने विरोध नहीं किया। वे अपने साथ केवल एक चीज लेकर आए-एक फटी हुई, पीली पड़ चुकी नोटबुक, जिसमें पिछले चालीस सालों के दूध, राशन और बच्चों की स्कूल फीस का हिसाब था। प्रशांत ने कमरे का रिमोट वाला पर्दा उठाते हुए गर्व से कहा, बाबूजी, यहाँ की खिड़की से पूरी झील दिखती है। अब आपको पुराने मोहल्ले की उस धूल और शोर में रहने की जरूरत नहीं।

रामप्रसाद जी ने खिड़की की ओर देखा भी नहीं। उन्होंने अपनी उस नोटबुक को मखमली सोफे के कोने पर ऐसे रखा जैसे कोई जहरीला सांप रख रहे हों। उन्होंने एक ठंडी सांस ली और बोले, झील तो बहुत सुंदर है बेटा, पर मेरी आँखों को उस नाली की बदबू की आदत है जिसे पार करके मैं रोज कचहरी जाता था ताकि तुम्हारी ट्यूशन की फीस भर सकूँ। यहाँ की हवा इतनी साफ है कि मुझे डर लग रहा है कि कहीं मेरे फेफड़े इस अमीरी को झेल न पाएँ और फट जाएं।

प्रशांत के चेहरे पर छाई मुस्कान जम गई। उसे लगा जैसे उसके 'रिटर्न गिफ्ट' पर किसी ने तेजाब छिड़क दिया हो। अगले कुछ हफ्तों में रामप्रसाद जी ने उस आलीशान विला को एक 'अनाथालय' की गंभीरता दे दी। विला में पांच सितारा डाइनिंग हॉल था, जहाँ बुफे लगता था। लेकिन रामप्रसाद जी वहाँ कभी नहीं गए। वे अपने कमरे के कोने में जमीन पर बैठकर सूखी रोटियों को पानी में डुबोकर खाते।

जब बहू शालिनी ने रोते हुए पूछा, बाबूजी, क्या खाना अच्छा नहीं है? आप ऐसा क्यों कर रहे हैं?

तो रामप्रसाद जी ने अपनी सूखी कलाइयों को दिखाते हुए कहा, बहू, जब प्रशांत छोटा था, तो कई रातें मैंने सिर्फ पानी पीकर काटी थीं ताकि इसे बादाम मिल सकें। अब मेरा पेट इस शाही पनीर को अपना दुश्मन मानता है। मुझे यह सूखी रोटी खाने दो, ताकि स्वर्ग में जब हिसाब हो, तो मैं कह सकूँ कि मैंने बेटे की तरक्की में एक दाना भी कम नहीं किया। तुम लोग खाओ, मेरी भूख तो प्रशांत की इस कामयाबी को देखकर ही मर गई है।

## पञ्चांग राशिफल



दिनांक - 22 जनवरी 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 07:13 सूर्यास्त 18:03
माघ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्थी 02:29 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - शतभिषा 14:27 उपरांत पूर्वाभाद्रपद
योग - वरियान 17:38 उपरांत परिघ
करण - वणिज
चन्द्रमा - दिन पूर्ण कुंभ में रहेगा।
मुस्लिम मास - सावान मास 02 तारिख

**मेष-** बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। अप्रत्याशित लाभ होगा। रुका धन मिलने से धन संग्रह होगा।

**वृषभ-** यात्रा होगी। व्यावसायिक अथवा निजी काम से सुखद यात्रा हो सकती है।

**मिथुन-** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। दूसरों से न उलझें। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कर्क-** वरिष्ठ जन सहायता करेंगे। रुके कार्यों में गति आएगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रोजगार बढ़ेगा।

**सिंह-** सतर्कता से कार्य करें। संतान के व्यवहार से सामाजिक प्रतिष्ठा में कमी आ सकती है। व्यापार में नए अनुबंध आज नहीं करें।

**कन्या-** चोट व रोग से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। दूसरों पर विश्वास हानि देगा। कार्य में बाधा होगी।

**तुला-** पत्नी से आश्वासन मिलेगा। स्वयं के निर्णय लाभप्रद रहेंगे। मानसिक संतोष, प्रसन्नता रहेगी। दूसरों की नकल न करें।

**वृश्चिक-** संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। व्यावसायिक चिंता रहेगी।

**धनु-** व्यापार में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्य के विस्तार की योजनाएं बनेंगी। आर्थिक अनुकूलता रहेगी।

**मकर-** शोक समाचार मिल सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। विवाद से बचें। मेहनत अधिक होगी।

**कुंभ-** आवास संबंधी समस्या हल होगी। आलस्य न करें। सोचे काम समय पर नहीं हो पाएंगे। संतान के व्यवहार से कष्ट होगा।

**मीन-** पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। लाभ होगा। कार्यपद्धति में विश्वसनीयता बनाएं रखें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

समसामयिक

## धुरंधर गाली बाज

कल मैं भोपाल के पास भीम वाटिका जिसे स्थानीय भाषा में भीमबेटका कहते हैं उसके भ्रमण पर था भीम वाटिका 450 अथवा 500000 साल पहले जब पृथ्वी पर मानव का उदय हुआ था उस समय के मानव द्वारा शैल चित्रों की निर्माण स्थली है ।

जिस समय इन गुफाओं में शैल चित्रों चित्रों का चित्रण हो रहा था तब हम कल्पना करें कि मानव की भाषा क्या रही होगी?

तब निष्कर्ष रूप से हम कह सकते हैं कि उस समय कोई भाषा नहीं होगी इसलिए मानव ने इन शैल चित्रों की लिपि के माध्यम से भाषा उकेर दी थी । यह प्रश्न विचारणीय है कि गाली का भाषा से गहरा संबंध है

जो कालांतर में बोली थी ही वही भाषा के अस्तित्व रुप में आई होगी। तभी आदिमानव ने गाली का आविष्कार किया होगा।

मेरा जन्म भोपाल में हुआ था अतः मेरे आस-पास का वातावरण गाली बाजों का था सुबह उठने पर सब्जी वाला दूध वाला पानी वाला 1942 में घर-घर जल नहीं था सुबह पानी बड़े तालाब से है जल लेकर आता था कपड़े धोने वाला खाना बनाने वाला खानसामा सभी के *सभी प्रातः काल में गाली रूपेण संस्था की बुनियाद थे*।

जिस प्रकार पंछी प्रातः काल में ईश्वर का धन्यवाद करते हैं श्लोक पढ़ते हैं उसी प्रकार ये सब लोग मां भाई बहन की गलियों के साथ अपने-अपनी सुबह का प्रारंभ करते थे ।

मेरे मामा का गांव नरसिंहपुर जिले में है मैं एक बार जब बस से जा रहा था तो मेरे बाजू में दो सज्जन बैठे हुए थे वे दोनों सज्जन तो गलियों की प्रतियोगिता करते हुए नजर आ रहे थे मैं उनकी गलियों को अन्यथा में लेते हुए उनकी गलियों में आनंद ले रहे था। सोचा कि मैं इनको रोकूं सोचा कि ये गांव वाले हैं यह उनकी मातृभाषा है वे उनकी भाषा में चर्चा कर रहे थे

हर हर बात का प्रारंभ मां और बहन से कर रहे थे,यह तो हुई ग्रामीणों की चर्चा । अब हम शहर या नगर की चर्चा करें विगत

सप्ताह इंदौर में था पलासिया पॉइंट पर दो बाइक सवार आपस में भिड़ गए फिर क्या था दोनों के बीच में *जो गालियों की अमृत धारा बरसी उसमें मां-बाप भाई बहन सारे रिश्तेदार आ गए फिर भी गलियों का का पुराण थमने के बजाय बढ़ता गया और बात हांथा पाई पर आई और हांथा पाई मुठभेड़ में बदल गयी अच्छा हुआ कि वहां पर ड्यूटी पर तैनात एक ट्रैफिक पुलिस वाला था उसने भी इस गाली उच्चारण महायज्ञ में अपनी आहुति दे दी । उसने भी दोनों के के मां-बाप की गालियों के श्लोक पढ़े। वे दोनों एक दूसरे की औकात की बात कर रहे थे पुलिस वाले ने कहा चलो तुम दोनों थाने चलो दोनों के पास ड्राइविंग लाइसेंस और हेलमेट भी नहीं था इसलिए दोनों को हवालात की हवा बाजी खिलाई यह तो पुलिस पुराण की बात हुई ।

मैं शॉपिंग के मूड में था देख रहा था कोई अच्छा बड़ा सा माल मिल जाए तो शॉपिंग कर लूं लेकिन वहां भी भीड़ थी अतः मुझे निराशा हाथ लगी वहां पर एक मल्टीप्लेक्स था फिल्म धुरंधर चल रही थी सो टाकीज में जाकर बैठ गया फिल्म में भारत और पाकिस्तान के संबंधों को लेकर थी मेरे बाजू में दो संभ्रांत महिलाएं बैठी हुई थीं उन्होंने फिल्म में जब धारा प्रवाह गलियों की प्रतियोगिता कार्यक्रम देखा तो एक वहीं सो गई और दूसरी ने खर्राटे लेना शुरू कर दिया प्रारंभ में मुझे यह कुछ अजीब सा लगा मैंने भी सोचा कि इस दूसरी महिला की तरह मैं भी बाहर जाकर कुछ खा पी आऊं इससे कुछ समय कट जाए पूरी फिल्म के दौरान लगभग 5 बार में सिनेमा हाल के अंदर बाहर और अंदर होता रहा मध्यांतर में तो काफी देर तक मैं बाहर ही बैठा रहा चिंतन करता रहा आखिर लोग गलियों में व्यस्त मस्त मस्त क्यों दिखते हैं तो चिंतन की भाव धार से जो अमृत धारा निकालकर के आई वह यह थी कि जैसे लोग गुटखा खाना ,पान खाना, हमारी भारतीय सभ्यता का शुभ चिन्ह मानते हैं और इस प्रकार से लोग गलियां बककर अपना समय पास करते हैं उसी प्रकार लोग समय पास करने के लिए सिनेमा में आते हैं और बात छोटी सी हो लेकिन उसे बड़ी करना है समय पास करना है तो उसमें गलियों का मिश्रण करते जाते हैं करते जाते हैं ।

- राम वल्लभ गुप्त

धर्म-आस्था

# आखिर यह हो क्या रहा है?

न चाहते हुए भी बहुत कुछ कहना पड़ रहा है, क्योंकि यदि नहीं कहा जाएगा, तो सबसे पहले स्वयं के साथ बेईमानी होगी। फिर परिवार, समाज और देश के साथ भी बेमानी होगी। बात मात्र इतनी-सी है कि अभी जिले में जगह-जगह हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं, जो कि लोगों के द्वारा इकट्ठी की गई धनराशि से किए जाते हैं। संपूर्ण व्यवस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा की जाती है, परंतु उसमें जनता का शारीरिक, मानसिक और आर्थिक सहयोग भरपूर रहता है।



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय
(दैनिक अवन्तिका)

हिंदू होने के नाते मेरा प्रयास रहता है कि कहीं भी सम्मेलन हो, तो मैं उसमें पहुंचकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करूं। जब कई सम्मेलनों में मैंने एक जैसी ही बात देखी तो मुझे लगा कि क्योंकि मैं सामाजिक प्राणी हूँ तो समाज को जागरूक करने के लिए कुछ न कुछ लिखना अवश्य चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि मेरा यह लिखना व्यर्थ नहीं जाएगा। क्योंकि जब भी व्यक्ति कुछ पढ़ता है, देखता है या सुनता है, तो कहीं न कहीं उसके मस्तिष्क में हलचल अवश्य होती है। वह चाहे सकारात्मक हो या नकारात्मक। मुझे लगता है कि यह लेख पढ़कर हमारे समाज में निश्चित रूप से जागरूकता आएगी।

हिंदू सम्मेलनों में लगभग एक-सी प्रक्रिया हो रही है। वह यह कि सबसे पहले भारत माता की पूजा की जाती है, फिर अतिथियों का सम्मान किया जाता है। उसके बाद अतिथि अपने उद्गार व्यक्त करते हैं। जिनको श्रोतागण बड़े मनोयोग से सुनते हैं। यह बात अलग है की अधिकांश का मोबाइल चलता रहता है। ऐसे लोग वहां जाते जरूर हैं, पर उनका ध्यान इस बात पर कतई नहीं रहता कि हमारे विद्वान अतिथि जो बोल रहे हैं उसको हम ठीक से सुन लें। कइयों को तो मैं यह भी करते देखा कि पूरे समय बैठकर ससुराल, मामा, नाना, पड़ोसी, व्यवसाय आदि के विषय में ही चर्चा करते रहे। हाँ! जब अन्य लोगों को तालियां बजाते हुए देखते, तब वे भी बजाने लगते। जबकि उन्हें यह पता ही नहीं होता था कि तालियाँ किन बातों पर बज रही हैं।

भाषण समाप्त होने के पूर्व ही भोजन प्रारंभ हो जाता है। चूंकि आर.एस.एस. की व्यवस्था है, अतः व्यवस्था उत्तम रहती है। भोजन के कई स्टॉल एक साथ लगा दिए जाते हैं और उन पर खड़े होकर स्वयंसेवक पूरे मनोयोग से भोजन का वितरण करते हैं। लोग भी समय की मर्यादा को ध्यान में रखकर कतरबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। बारी आने पर भोजन प्राप्त करते हैं। यहां मुझे कुछ बातें जो बहुत ही नागवार गुजरीं, वे यह कि किसी भी वक्ता ने यह नहीं कहा कि हमें शत-प्रतिशत मतदान करना है। मतदाता शहर/गाँव से बाहर है, तो बात अलग है। अन्यथा यदि शहर/ गांव / कस्बे में है, तो यह उसकी स्वयं की जवाबदारी बनती है कि वह मतदान करने जाए। मतदान केवल ठप्पा या अंगूठा लगाना नहीं है। आप जब मतदान करते हैं तभी सरकार से यह पूछने के अधिकारी हैं कि वह हमारा विकास क्यों नहीं कर रही है। सड़कों पर गड्ढे क्यों हैं, जबकि हम टैक्स बराबर देते हैं। महंगाई क्यों बढ़ रही है, जबकि उस अनुपात में हमारी आय नहीं बढ़ रही है। पीने के लिए साफ पानी हमें क्यों नहीं मिल रहा है, जबकि हमारा संविधान कहता है कि पीने के लिए साफ पानी की व्यवस्था करना सरकारों की जिम्मेदारी है। हमें हमारी सीमित आय में अच्छी शिक्षा क्यों नहीं मिल रही है? अच्छी चिकित्सा क्यों नहीं मिल रही है? इन सब प्रश्नों के पूछने के अधिकारी हम तभी हैं जब मतदान किया हो। मतदान करना मतलब सरकार में अपनी सहभागिता दर्शाना। जब हम गर्मी,सर्दी आदि का बहाना लेकर मतदान करने ही नहीं गए, तो फिर हम सरकार से प्रश्न पूछने वाले होते ही कौन हैं? पाठकों से निवेदन है कि वे घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता को यह कहें कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है, और जब तक हम कर्तव्य नहीं करेंगे तब तक हमें हमारा अधिकार नहीं मिलेगा। जिस दिन हिंदू समाज शत-प्रतिशत मतदान करने लगेगा, उसी दिन मानकर चलिए की भारत हिंदू राष्ट्र हो जाएगा।

बात हो रही थी स्थान-स्थान पर हिंदू सम्मेलन की। तो यहाँ हम चर्चा करेंगे भोजन की। ऊपर हमने कहा था की प्लेट लेकर सब अपनी-अपनी बारी का इंतजार करते हुए देखे गए और पूरे अनुशासन से सबने अपनी थाली में भोजन ले लिया। अब बात आती है उसे ग्रहण करने की। इसका असली दृश्य मुझे वहां दिखा, जहां भोजन के बाद प्लेट्स डाली जाती हैं। मैंने देखा कि कुछ लोग आधी भरी हुई प्लेट बाल्टी में डाल रहे हैं। वे कोई अनपढ़ नहीं थे, उनमें से कई को तो मैं व्यक्तिसह जानता हूँ। एक डॉक्टर दिखे, एक ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला दिखाई दी, एक शिक्षिका, एक अच्छी पढ़ी-लिखी गृहिणी, एक बर्तनों का व्यवसाय करने वाली, एक सज्जन रिटायर्ड इंजीनियर, एक रिटायर्ड क्लर्क, एक संगीतकार, एक ठेकेदार, एक किराने वाले, आखिर कितनों का नाम लिखूँ, पचासों लोग ऐसा करते हुए नजर आए। टोकने पर लड़ाई करने को भी तैयार दिखे। ये सब ऐसी प्लेट ला रहे थे, जिसमें अच्छा खासा भोजन छूटा हुआ था। मुझे लगता है कि सम्मेलनों के वक्ताओं को चाहिए कि वे भोजन के इस अपमान और अपव्यय पर काम से कम 05 मिनट अवश्य संबोधित करें।

**अन्नम वै प्राणाः** यह वेद वाक्य है। इसका तात्पर्य है कि अन्न ही प्राण है। अन्न मात्र हमारी भूख को ही नहीं मिटाता, बल्कि हमें शक्ति भी प्रदान करता है। शक्तिविहीन होने पर हम मृत्यु की शैया पर चले जाते हैं। अन्न छोड़ना अर्थात अपने प्राण छोड़ना। अनपढ़ व्यक्ति थाली में रोटी छोड़ दे, तो समझ में आता है कि नासमझ है। पर जब अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग अन्न का इस तरह अपमान करते हैं, तो कहीं न कहीं सोचने में आता है कि क्या इसके लिए शिक्षा व्यवस्था दोषी है, हमारी देखभाल में कोई कमी है, या हमारी कमाई बहुत ज्यादा है उस अहंकार में हम भोजन जैसी जीवनीशक्ति को बर्बाद करते हुए हुए चलते हैं, अथवा हम अपने आप को बहुत बड़ा दिखाना चाहते हैं कि आधी चाय पी, आधी छोड़ दी। आधी रोटी खाई, आधी छोड़ दी। यह आप भी खोजिए कि ऐसा क्यों होता है? और यदि आप स्वयं ऐसा करते हैं तो निवेदन है कि इसको आज या अभी से बंद कर दें। विचार करें कि कभी आपने कोई भोज दिया है और उसमें आने वाले लोग आधा खाएँ और आधा छोड़ दें। अंत में आपकी खाद्य सामग्री समाप्त हो जाए और 10-20 लोग बिना खाए बचे रहें तो उस समय आपका मनोभाव क्या होगा? दूसरे का धन दूसरे का धन है पर उसके द्वारा प्रदत्त जो भोजन है वह आपका है। भोजन छोड़ना, फेंकना अपने प्राणों को छोड़ना है। ध्यान रखिए कि जिसे आप छोड़ देते हैं वह आपको भी छोड़ देता है। मनुष्य जीवन मिलना भाग्य की बात है। उस मनुष्य को रोटी, कपड़ा और मकान की व्यवस्था होना सौभाग्य की बात है। समाज में उठने-बैठने और बोलने का स्थान मिल जाए तो यह हमारा परमसौभाग्य है। सम्मेलन में हमें पूरे सम्मान से बुलाया जाता है। अपनी बात कहने का अवसर दिया जाता है। भोजन कराया जाता है। ऐसे में हम अपने अहंकार या प्रमाद में कुछ ऐसा क्यों कर जाते हैं कि दुबारा हमें बुलाने के लिए आयोजक को 10 बार सोचना पड़े। भोजन की कीमत नहीं मालूम तो एक दिन भूखे रहकर देख लीजिए। अपने आप आपको पता चल जाएगा। प्राण कंठ में आ जाएंगे। ऐसे सम्मेलनों में जगह-जगह यह अनाउंस होता रहता है कि **उतना ही लें थाली में, कि व्यर्थ न जाए नाली में ।** अगर इसका अर्थ भी नहीं समझ पा रहे हैं तो फिर सम्मेलन में जाना बंद कर दें। मैंने यह भी देखा कि जो अनपढ़ लोग थे, ग्रामीण जैसे दिखते थे, धोती-कुर्ता वाले थे। उन्होंने कतारबद्ध होकर अपनी थाली में भोजन लिया और प्रेम से जमीन पर बैठकर खाए, एक दाना भी उन्होंने थाली में नहीं छोड़ा। भोजन को फेंकने वाले, भोजन का अपमान करने वाले, भोजन के लिए धक्का मारने वाले लोग पढ़े-लिखे ही थे। हमारे समाज और देश को यह सोचना होगा कि हमारी परवरिश में उन्होंने कहां कमी की, जो आज हम ऐसे उद्दंड और उच्छृंखल हो गए हैं। आयोजकों से भी मैं निवेदन करूँगा कि वे जिसे भी बुलाएं, जिसे भी भोजन परोसें, उसे सख्ती से निर्देश दे दें कि अगर आपने अपनी थाली में एक भी दाना छोड़ा, वह व्यर्थ गया तो हम आपको बेइज्जत करके भगा देंगे फिर आपको बुरा नहीं लगना चाहिए। धन्यवाद।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2200-2990 चना काबली- 5191-8391, चना बड़ा- 46811-5530, बटला- 2812, मसूर- 5601, तिल्ली- 5681-8711, सोयाबीन- 2631-5841, मैथीदाना- 4064-4541, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्र्ड- 1,60,000, रवा- 1,59,500 चांदी- टंच- 3,20,000 पाट- 3,19,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## पेंशनरों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन, डिजिटल कार्ड, कई मांगें रखीं

**देवास।** देवास में प्रदेश पेंशनर महासंघ के सदस्यों ने प्रदेश संरक्षक विष्णु वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों की वर्षों से लंबित समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की गई। प्रदेश संरक्षक विष्णु वर्मा ने बताया कि पेंशनरों पर लागू धारा 49 को तत्काल समाप्त किया जाए और छत्तीसगढ़ की बाध्यता भी खत्म की जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके पेंशनरों के आयुष्मान कार्ड तुरंत बनाए जाएं, ताकि उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त, छठवें वेतनमान का एरियर शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिस प्रकार अन्य वर्गों को राहत दी जा रही है, उसी तर्ज पर कर्मचारियों को भी 50 हजार रुपए की अग्रिम राशि (अग्रेसिया) प्रदान की जाए। इस दौरान पेंशनर महासंघ के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो पेंशनर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे और सरकार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।




## आरटीओ ने स्लीपर बसों की जांच की

## सुरक्षा मानकों में कमी पर 65 हजार का चालान, 90 हजार टैक्स वसूला

**देवास।** देवास में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर परिवहन विभाग द्वारा लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान के निर्देशन में आरटीओ जांच दल ने भौंरासा टोल प्लाजा पर कार्रवाई की। इस दौरान लंबी दूरी की स्लीपर बसों में यात्री सुरक्षा मानकों की जांच की गई। जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले के नेतृत्व में दल ने बसों में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन दरवाजों के खुलने की स्थिति और स्लाइडर की जांच की। ड्राइवर तथा यात्रियों के बीच लगाए गए दरवाजों को तत्काल हटवाया गया। इसके अतिरिक्त, बसों में ओवरलोडिंग और आवश्यक दस्तावेजों की भी गहनता से जांच की गई। इस कार्रवाई में कुल 45 बसों की जांच की गई। इनमें से 12 बसों में विभिन्न सुरक्षा मानकों में कमी पाई गई, जिसके लिए 65 हजार रुपए का चालान किया गया। एक यात्री बस में टैक्स बकाया होने के कारण उसे जब्त कर 90 हजार रुपए का टैक्स वसूला गया। सभी बस चालकों को यात्री सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करने के निर्देश दिए गए। विभाग ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हाट बाजार वाले दिन नो-इंट्री में ट्रक की इंट्री, जाम से जूझते रहे शहरवासी

### बिगडेल शहरी यातायात एक बड़ी समस्या



**सारंगपुर।** शहर के अंदरूनी मार्गों पर आए दिन जाम और पार्किंग की समस्या आम बात है। बावजूद इसके समाधान के लिए चर्चा, कवायद या वायदे तक सामने नहीं आ रहे हैं। आमजन भी हर दिन से जुड़ी इस समस्या को लेकर कभी नेताओं के सामने मुखर होता दिखाई नहीं दिया। हाट बाजार के कारण खरीदारों की भीड़ थी बावजूद इसके भेरुदरवाजा रोड पर भारी लोडिंग ट्रक व अन्य लोडिंग वाहनों की इंट्री कर दी गई। ट्रक पर चालानी कार्रवाई करनी थी मगर ऐसा नहीं किया है। गौरतलब है कि भेरुदरवाजा रोड पर भारी वाहनों की इंट्री पर रोक है, तो फिर नियम तोडने वालो पर कार्रवाई क्यूं नहीं की जाती है। दोपहर को टीन की चद्दरे लेकर घुसे ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचजी 7857 के कारण करीब आधा घंटे तक भेरु दरवाजा रोड की सड़क पर जांच की स्थिति निर्मित हो गई।

The Court Of Civil Judge, Senior Division, Susner District Agar Malwa Presiding Officer:

**श्रीमती अरूणधती परस्ते**

**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

**सक्शन प्रकरण क्रमांक** (MUC SUC/0000004/2025)

**आशाबाई ------ आवेदक**

**Vs**

**सर्वसाधारण.... अनावेदक**

**Process Id-/2026**

**पेशी दिनांकः 16/02/2026**

**प्रेषिती**

(1) सर्वसाधारण

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक आशाबाई पता ने मृतक रमेशचंद्र शर्मा निवास वार्ड नंबर 05 अम्बेडकर नगर मार्ग सुसनेर तहसील सुसनेर की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 फवरी 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 फरवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 15 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**(अरूंधती परस्ते)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,**
**सुसनेर, जिला आगर-मालवा (म.प्र.)**

**कृपया खान दे-** 1. यदि किसी जारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनबाई में लिया जायेगा।

कांग्रेस का आबकारी विभाग के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

# खाली शराब की बोतलें लेकर सड़कों पर उतरे कार्यकर्ता, कहा-अहाते बंद हों

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

कांग्रेस कार्यकताओं ने आबकारी विभाग के खिलाफ अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने ठेले पर शराब की खाली बोतलें रखकर शहर के मुख्य मार्ग एमजी रोड से सयाजी द्वार तक मार्च किया और प्रतीकात्मक रूप से राहगीरों को बोतलें बांटीं। यह प्रदर्शन विभाग द्वारा अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने में कथित विफलता के विरोध में किया गया।

युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गौड़ के नेतृत्व में नोवेल्टी चौराहे पर यह प्रदर्शन हुआ। कार्यकताओं ने ठेले पर शराब की बोतलें रखकर यह संदेश दिया कि यदि विभाग कार्रवाई नहीं करेगा, तो अवैध शराब सड़कों पर खुलेआम बिकेगी। इसे आबकारी विभाग की लापरवाही और कथित मिलीभगत के खिलाफ सीधा आरोप माना जा रहा है।




### दुकानों के आसपास चल रहे अहाते

जितेंद्र सिंह गौड़ ने बताया कि युवा कांग्रेस ने 10-15 दिन पहले आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपकर शहर में व्याप्त अवैध शराब कारोबार की पूरी जानकारी दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कई इलाकों में ₹डायरी सिस्टम₹ के नाम पर शराब बेची जा रही है और शराब की दुकानों के आसपास अवैध अहाते खुलेआम संचालित हो रहे हैं, लेकिन विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

गौड़ ने यह भी आरोप लगाया कि आबकारी विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा युवा पीढ़ी और आम जनता भुगत रही है। उनके अनुसार, गली-मोहल्लों में शराब की आसान उपलब्धता समाज को खोखला कर रही है, जबकि विभाग इस पर उदासीन बना हुआ है।

### डायरी सिस्टम पर रोक लगे, अहाते बंद हों

युवा कांग्रेस ने अपनी मांगों में कहा कि शराब की दुकानों के पास बने सभी अवैध अहाते तुरंत बंद किए जाएं, शहर में चल रहे डायरी सिस्टम पर सख्त रोक लगे और अवैध शराब बेचने वालों तथा उन्हें संरक्षण देने वालों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।जितेंद्र सिंह गौड़ ने चेतावनी दी कि यदि आबकारी विभाग ने जल्द और प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो कांग्रेस पार्टी और भी बड़े, रचनात्मक और उग्र आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, मनोज राजानी, ज्ञानसिंह दरबार, हर्षप्रताप सिंह गौड़ सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## ग्राम पंचायत ढाबला हर्दू में ग्राम विकास पखवाड़ा उत्साहपूर्वक संपन्न

**तराना।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की मंशा के अनुरूप ग्रामोदय से अभ्युदय ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत ढाबला हर्दू में विविध जनजागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला सरसंघ चालक समाजसेवी योगेंद्र चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता दिनेश यादव ग्राम पंचायत उप सरपंच विशेष अतिथि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक संदीप मालवीय सत्यनारायण शर्मा के मार्गदर्शन में परिषद की चयनित नवांकुर संस्थाएवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा युवाओं को स्वच्छता पर आधारित प्रेरक कहानी सुनाई गईं। साथ ही हाथ धुलाई के महत्व की जानकारी देते हुए खो-खो एवं जूडो जैसी खेलकूद गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक विकास का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक संदीप मालवीय ने अपने संबोधन में बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की परिकल्पना के अनुरूप प्रदेश के प्रत्येक ग्राम में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

कल भव्य भजन महोत्सव, पंडाल सजना शुरू

# गोकुल शर्मा के भजनों से गूंजेगा नगर, राममय माहौल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

अयोध्या में विराजमान प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के पावन अवसर पर नगर में 22 जनवरी को भव्य भजन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर नगर में उत्साह और भक्ति का वातावरण बन गया है। आयोजन समिति टीम सेवा सारथी द्वारा डाक बंगला स्थित बड़ाजीन परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।



आयोजन स्थल पर विशाल पंडाल सजाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। आकर्षक मंच, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था एवं उच्च गुणवत्ता वाली ध्वनि प्रणाली को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिससे श्रद्धालु भजन संध्या का भरपूर आनंद ले सकें। समिति के सदस्य आयोजन को सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं।श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध, पेयजल एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। भजन महोत्सव में देश के प्रसिद्ध भजन गायक गोकुल शर्मा अपनी सुमधुर वाणी से प्रभु श्रीराम, श्री सांवरिया सेठ एवं भक्तिरस से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति देंगे। गोकुल शर्मा के आगमन को लेकर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। उनके भजनों से संपूर्ण सुसनेर राममय वातावरण में सराबोर हो जाएगा।

प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ के अवसर पर नगर में धार्मिक उल्लास चरम पर है। जगह-जगह भगवा ध्वज, प्रभु श्रीराम के जयघोष और भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो गया है। रामभक्तों द्वारा इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए जनसहयोग भी प्राप्त हो रहा है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भजन महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, आस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। समिति द्वारा नगरवासियों से अपील की गई है कि वे परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाएं। नगरवासियों में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्सुकता बनी हुई है। भजन संध्या को लेकर उत्सव जैसा माहौल है और श्रद्धालु इस भव्य धार्मिक आयोजन की बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। 1441

# कौटिल्य के काव्यांश की अंतरिक्ष तक उड़ान

### जापान में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय इंटर्नशिप के लिए हुआ चयन




दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

मैने कभी हेलिकॉप्टर नहीं देखा था। जब पिता जी ने मुझे हेलिकॉप्टर लाकर दिया तब मुझे पता चला दुनिया में पक्षियों के अलावा भी कोई चीज उड़ती है। फिर नासा के बारे में पता चला। सर्च करने पर पता चला कि अमेरिका के अलावा हमारे देश में भी इसरो है। इसके बाद मैने हेलिकॉप्टर छोड़ रॉकेट का रास्ता चुना।

यह कहना था कौटिल्य एज्यूकेशन एकेडमी के छात्र काव्यांश यादव का जो प्रदेश के उन चार युवाओं में शामिल हैं जिनका चयन इसरो के लिए हुआ है। जो अगले तीन महीनों तक जापान में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे और फिर वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (आईएसआरओ) में वैज्ञानिक रूप में शामिल होकर देश और दुनिया को अंतरीक्ष की गतिविधियों से अवगत कराएंगे। मंगलवार को एबी रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने अपनी इस यात्रा के बारे में बताया। काव्यांश ने बताया कि हमने अमेरिका के बारे में सुना था कि अमेरिका में नासा है, जो बहुत राकेट छोड़ता है। पढ़ते-पढ़ते पता चला कि हमारे देश में भी इसरो है जो बहुत अच्छे मिशन करते हैं तो फिर इसरो में जाने का तय किया। इसके लिए जेईई की तैयारी की और फिर रास्ता मिलता गया और वह आगे बढ़ता गया।

### 10 माह में निकाली जेईई मेंस व एडवांस

पूरी दुनिया के साथ-साथ काव्यांश और उसके परिवार के लिए भी कोरोना काल बनकर आया। न पढ़ाई हो पा रही थी और ऑनलाईन पढ़ाई पर इतना भरोसा नहीं किया जा सकता था। लेकिन काव्यांश के बड़े भाई आर्यन उसकी ताकत बना और काव्यांश ने सबसे कठिन मानी जाने वाली जेईई मेंस व जेईई एडवांस की परीक्षा 10 माह में क्रेक करके आईआईएसटी में प्रवेश लिया। कोरोना में पूरी दुनिया थमी हुई थी लेकिन इस आपदा को काव्यांश ने अवसर में बदल दिया। जो तीन माह बाद उन नामी वैज्ञानिकों में शामिल होगा जिनके कारनामों पर पूरी दुनिया की नजर रहेगी।

### स्कूल की पढ़ाई ने दिखाई राह

कौटिल्य स्कूल संचालक ब्रजेश यादव और माता शशि यादव अपने स्कूल के बच्चों के साथ-साथ अपने बच्चों को भी हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। जब कोरोना का काल आया तब लोगों ने इसे आफत मान लिया, लेकिन इसी समय माता-पिता व भाई से मिला प्रोत्साहन और समय काव्यांश के लिए गोल्डन टाईम साबित हुआ और जेईई मेंस व जेईई एडवांस क्रेक करने में उसे काफी मदद मिली।

# एक हाथ में भाला, एक हाथ में माला होगी, तब होगी हिन्दू रक्षा- महामंडलेश्वर शैलेशादजी गिरी महाराज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



संनातन चौक में विराट हिन्दू सम्मलेन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री राम जी भारत माता पूजन के साथ शुरू हुई कार्यक्रम में वक्ता रूप उपस्थित महामंडलेश्वर ने कहा की आज हिन्दूओं की सभी जातियों एक होने समय आ गया है। विधर्मियों ने हिन्दूओं बहुत प्रति पहुंचाई है। किन्तु उन विधर्मियों का पतन भी होगा। बक्ता जीवन अग्निहोत्री ने कहा की जब तक हिन्दू बटा रहेगा। तब तक विधर्मियों द्वारा लगातार शिकार चलता रहेगा। उन्होंने ने आगे कहा की आज जात पात का भेद भाव मिटा कर हिन्दू को एक होने की गहन आवश्कता है। उसके बाद वक्ता मालवा प्रांत अतंरसिंह पवांर ने कहा की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल में कई बार चुनौतीयों का सामना किया। किस प्रकार संघ चुनौतियों का सामना करते हुए आगे बढ़ा है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में संत ने कहा जात पात के भेद भाव ने समाज अंदर से खोखला कर दिया है। जिरका खामियाजा हिन्दू आज भुगत रहा है। जात पात की दूरिया हिन्दूओ एक होने नहीं दे रही है। उन्होंने कहा की एक हाथ में भाला और हाथ में माला लेकर ही हिन्दुओं की रक्षा होगी। उन्होंने कहा की विधमी कभी भी हमारे भाई नहीं हो सकते। विधर्मियी ने हिन्दू धर्म को तोडना का काम किया है। जिसका खामियाजा आज हिन्दू भुगत रहा है। कार्यक्रम के समापन में भारत माता की आरती हुई। तत्पश्चात सभी उपस्थित जन मानस का समरसता भोज हुआ। जिसमे सभी साथ मिल कर सह भोज किया। मंच पर विशेष अतिथि प्रहलाद सिंह पटेल, सुश्री भारती मसानिया, नरेंद्र सिंह राठौर, सिद्धेश्वर तिवारी, बग्दुलाल चौधरी,रुपनायण भाटी,मदन चौधरी,दयाराम कारपेंटर, गंगाराम मालवीय, भगवानदास बैरागी, बद्रीलाल प्रजापत, गोपाल सोनी, राधेश्याम टेलर, बद्रीलाल कादरा, बाबुलाल राव, जगदीश भाटी,बद्रीलाल परमार, नंदराम मालवीय,भागीरथ सुर्यवंशी, जीवन पतरोड आदि उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय सह संयोजक राकेश चौधरी ने करवाया।कार्यक्रम के संचालक सर्वेश घौंसले ने किया व आभार सम्मेलन संयोजक दिनेश कोठारी ने माना। सम्मलेन तनोडिया के अलावा मंडल के थडोदा ,हडाई, रामपुर भुडवास,कबीरखेडा, पिपलिया कलां,सुठेली,सुठेलीखेडा,आखाखेडी से भी ग्रामीग सामिल हुए। हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने में सभी ग्रामीण का सहयोग रहा।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति रामकन्याबाई पति रूगनाथ जाति कुमावत कृषक ग्राम ओरड़ी तहसील बड़नगर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे नंबर 640/2 रकबा 0.22, 640/3 रकबा 0.40, 659 रकबा 0.78 कुल किता 3 कुल रकबा 1.40 हे. स्थित ग्राम ओरड़ी को कय करने का सोदा तय कर बयाना राशि भुगतान कर दी है तथा शिघ्र ही भूमि का विकय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष मे निष्पादित एवं पंजीकृत होना है ।

अतः यदि उक्त संपती मे किसी व्यक्ति, संस्था निजी ऋणदाता, बैक आदि का किसी प्रकार का कोई भार हो या उक्त संपती के संबध मे किसी प्रकार का न्यायीक या पारिवारीक विवाद विचाराधीन हो तो वह जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस मे मय प्रमाण मेरे कार्यालय मे आकर आपत्ती करे अन्यथा मेरे पक्षकार अनुबंधीत संपती का विक्रय पत्र अपने पक्ष मे निष्पादित एवं पंजीकृत करावेंगे जिसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती स्वीकार नही होगी । सूचित हो । दिनांक-21-01-2026

**नरेश पण्डया अभिभाषक**
**न्यायालय परिसर बड़नगर मो-9826080075**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी 1 अशोक पिता श्री रामचन्दर 2 सुरेश पिता श्री रामचन्दर 3 पवनबाई पिता श्री रामचन्दर जाति बलाई निवासी ग्राम मतानाकलां तहसील जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित सर्वे क्रमांक 862 रकबा 0.1200 हेक्टर, भूमि स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर केता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

**अनिल मालवीय हाईकोर्ट एडव्होकेट**
**कार्यालय 61/1, वररूचि मार्ग फ्रीगंज उज्जैन**
**मो.नं. 88789-11190**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रईस खान पिता मोहम्मद रफीक, उम्र 50 वर्ष, जाति- मुस्लिम, निवासी भवन कमांक 13/5 गांधी नगर गली नम्बर 3 मोहम्मदी मस्जिद के पिछे वार्ड कमांक 06, उज्जैन (म.प्र.) व मेरे पक्षकार की माता कुलसुम बी पति मोहम्मद रफीक निवासी भवन कमांक 13/5 गांधी नगर गली नम्बर 3 मोहम्मदी मस्जिद के पिछे वार्ड क्रमांक 06. उज्जैन (म.प्र.) की मृत्यू दिनांक 06/08/2017 को उज्जैन में हुई है तथा उनके नाम से एक भवन कमांक 115/1 गांधी नगर कॉलोनी, वार्ड कमांक 06, उज्जैन (म.प्र.) में भवन के स्वामित्व व अधिपत्य ती फिहोल्ड राइटस का होकर आवासीय क्षेत्र में स्थित है तथा उक्त भवन आवासीय उपयोग का है जिसका कुल क्षेत्रफल 69.65 वर्गमीटर अर्थात 750. 00 वर्गफीट है जो भू-तल तथा प्रथम तल तक निर्मित है। जिसकी पैमाईश व चतुर्सीमा निम्नानुसार है।

पैमाईश :- लम्बाईः पूर्व से पश्चिम 15.24 मीटर या 50.00 फीट, चौडाईः- उत्तर से दक्षिण 4.57 मीटर या 15.00 फीट, कुल क्षेत्रफल 69.65 वर्गमीटर

चतुर्सीमाः-पूर्व दिशा में कॉलोनी की सडक, पश्चिम में:-गली. उत्तर में: अन्य का भवन, दक्षिण में: शेष भाग भवन कमांक 115/1 का उक्त भवन मेरे पक्षकार के माता पिता ने उक्त उल्लेखित भवन के पुर्व भूमि स्वामी अब्दुल हमीद पिता श्री छोटे खां, निवासी मोहन नगर, उज्जैन से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र कमांक 5154 दिनांक 21/02/2006 के द्वारा कय किया गया था तथा उसके पश्चात से ही विक्रेता उक्त भवन पर बहैसियत मालिकाना परिवार सहित काबिज है तथा वह रहते हुए मेरा पक्षकार रईस खॉ हमीदाबी, रसीद खॉ, फेमिदा बी, परवीन बी उर्फ सोनू पंवार उत्पन्न हुए है। तथा मेरे पक्षकार व उनकी बहने अपने परिवार सहित निर्मित मकान में शामिल शरीक निवास करते हैं। तथा उक्त उल्लेखित भवन पर सभी भाई-बहनों का समान हक व हिस्सा है।

मेरे पक्षकार की माता कुलसुमबी की अनपड होने का फायदा उठाकर श्रीमती सोनु पंवार उर्फ नसरीन विधवा पवन सिंह पंवार, अपने पति स्व श्री पवन सिंह पंवार पिता श्री उमराव सिंह पंवार निवासी-10/11, श्रीपाल मार्ग उज्जैन के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 27/10/2016 अवैध व बिना प्रतिफल के तथा बिना हमारे पक्षकार की सहमती से धोखाधडी से सम्पादित करवा लिया गया है।

उपरोक्त उल्लेखित भवन पर श्रीमती सोनू पंवार उर्फ नसरीन विधवा पवन सिंह पंवार, का कोई वास्ता सरोकार न होकर उन्हें कोई अकेले स्वत्व भी उपरोक्त भूमि में प्राप्त नहीं है। उक्त उल्लेखित भवन पर सभी भाई बहनों का समान हक व हिस्सा है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि श्रीमती सोनु पंवार उर्फ नसरीन मेरे पक्षकार के हक व हिस्से के भवन को बाले-बाले विक्रय, किरायाग्रस्त आदि करने के प्रयास में है। यदि श्रीमती सोनु पंवार उर्फ नसरीन मेरे पक्षकार के उक्त उल्लेखित भवन के संबंध किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किसी संस्था, व्यक्ति या शासकीय कार्यालय से किया जाता है यदि श्रीमती सोनु पंवार उर्फ नसरीन द्वारा विकय पत्र दिनांक 27/10/2016 का दुरूपयोग किया जाता है या अवैध व बिना प्रतिफल के तथा बिना हमारे पक्षकार की सहमती से धोखाधडी वाला विकय पत्र को दिखाकर किसी प्रकार का कोई संव्यवहार किसी संस्था, व्यक्ति या शासकीय कार्यालय से किया जाता है तो ऐसा संव्यवहार मेरी पक्षकारा पर बंधनकारक नहीं होगा तथा ऐसे संव्यवहार के लिये उपरोक्त व्यक्ति, संस्था व कार्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे। सूचित हो। दिनांक : 21/01/2026 स्थान : उज्जैन (म.प्र.)

**अवीषा बुधराजा**
**हाई कोर्ट अधिवक्ता एम.पी-/2479/2023**
**मोबाइल नं. 98265-13543**

न्यूज-कॉलम

## श्री सांवरमल जी कांठेड़ द्वारा देहदान की घोषणा

**नीमच।** दान उपकार एवं परोपकारीता की नगरी नीमच में अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच द्वारा आज तृतीय देहदान घोषणापत्र श्री सांवर मल जी कांठेड़ का श्री विरेन्द्र कुमार सखलेचा जिला चिकित्सा महाविद्यालय नीमच में प्रस्तुत किया गया। डाक्टर श्रीमती फातिमा भोपाल वाला डाक्टर श्रीमती इति मंत्री एवं डाक्टर मृदुल जी त्रिपाठी ने स्वीकार किया साथ ही डाक्टर फातिमा भोपाल वाला ने कहा कि देहदान मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है एक देह हमारे यहां १०० वर्ष अध्ययन में उपयोगी होती है जिससे हजारों चिकित्सा विद्यार्थी शिक्षण में लाभ लेकर जनसेवा में समर्पित होते हैं, देहदान महादान है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष पारस कांठेड़ सचिव जितेंद्र सकलेचा पूर्व अध्यक्ष मनोहर शंभू बम्ब आशा सांभर उपाध्यक्ष रेखा जैन अनिल बोडावत मुकेश नानावटी सुरेन्द्र बम्ब मंजू कांठेड़ महावीर रांका सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## जिला कलेक्टर ने प्रस्तावित रिंग रोड नीमच का किया निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंदा ने मंगलवार को नीमच शहर के प्रस्तावित रिंग रोड चीताखेडा मेन रोड से जयसिहपुरा होते हुए - डूंगलावदा तक के रिंग रोड का निरीक्षण कर रिंग रोड निर्माण के लिए उपलब्ध शासकीय जमीन, निजी जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही और रिंग रोड निर्माण के लिए जमीन पर सीमा चिंह लगाने के कार्य का निरीक्षण कर जानकारी ली। उन्होने भू-अर्जन की कार्यवाही तेजी से पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभकरवाने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के एसडीओ ने निरीक्षण दौरान अवगत कराया, कि 21.10 कि.मी. के इस रिंगरोड नीमच बायपास व्हाया जयसिहपुरा, बघाना, नयागांव की स्वीकृत लागत 116.67 करोड है। रिंगरोड से जयसिंहपुरा, अरनिया कुमार, धनेरिया कलां, खडावदा, चंगेरा एवं सगराना के ग्रामीणों और किसानों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

## मातृ-बाल मृत्यु नियंत्रण में प्रदेश में नंबर-1 बना मंदसौर जिला

**मंदसौर।** स्वास्थ्य एवं पोषण के मानकों पर मंदसौर जिले ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मुख्य सचिव अनुराग जैन द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित समीक्षा बैठक में मंदसौर जिला मातृ मृत्यु, बाल मृत्यु और एनसीडी (गैर-संचारी रोग) नियंत्रण में मध्य प्रदेश में अव्वल रहा। मुख्य सचिव द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के बिंदुओं की समीक्षा के दौरान मंदसौर जिले के स्वास्थ्य सूचकांक सबसे बेहतर पाए गए। मातृ मृत्यु नियंत्रण में जिले ने शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। बाल मृत्यु नियंत्रण में मंदसौर ने 9.5 प्रतिशत की उत्कृष्ट सफलता दर दर्ज की। इसके साथ ही एनसीडी कंट्रोल रेट में भी मंदसौर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। इन उपलब्धियों के साथ मंदसौर जिला स्वास्थ्य सूचकांकों में प्रदेश में अव्वल रहा। कलेक्टर अदिती गर्ग ने एनआईसी कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान जानकारी दी कि जिले में प्रत्येक मातृ एवं शिशु मृत्यु की समय पर और सटीक रिपोटिंग सुनिश्चित की गई है। उन्होंने बताया कि हर प्रकरण की संस्थागत और सामुदायिक स्तर पर गंभीरता से समीक्षा की जाती है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के समन्वय से योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## सिंधी समाज ने शहीद हेमू कॉलोनी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**पिपलिया मंडी।** विश्व सिंधु सेवा संगम जिला अध्यक्ष शंकर लाल जी हरजानी में नेतृत्व में 21 जनवरी बुधवार को बलिदान दिवस पर पिपलिया मंडी पूज्य सिंधी समाज द्वारा नगर के मुख्य मार्ग पर महावीर सायकल के सामने शहीद हेमू कलानी स्थल पर बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया मनोहर मनवानी, शंकरलाल हरजानी सहित कई गणमान्य नागरिको अपने उद्बोधन में शाहिद हेमू कॉलोनी को श्रद्धांजलि अर्पीत की।

सूचना
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 7771090777, 7773077762

# जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मजार पर जेसीबी चला कर तोड़ जगह को समतल कर दिया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



लक्ष्मणपुरा पीएंडटी कॉलोनी के रेलवे क्षेत्र में बनाई गई अवैध मजार को बुधवार को हटाया गया। रेलवे और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मजार पर जेसीबी चला कर तोड़ जगह को समतल कर दिया। अवैध मजार रेलवे के सरकारी मकानों बीच बना रखी थी।

रेलवे के सालों पुराने मकान बने हुए है। उन्हीं में से एक मकान के अंदर किसी ने मजार बना रखी थी। बाद में उस मजार पर पतरे का शेड और जाली लगाकर जगह को कवर कर लिया। रेलवे को दो दिन पूर्व इस मजार के बारे में पता चला। जिला प्रशासन को अवगत कराया।

इसके बाद बुधवार सुबह जिला व पुलिस प्रशासन, रेलवे, आरपीएफ, जीआरपी द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध मजार के अतिक्रमण पर पर जेसीबी चलाकर हटा दिया। पूरे स्थान को समतल कर दिया। जो शेड बनाए गया था उसके पतरे व जाली भी जब्त कर रेलवे अपने साथ ले गया। जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी ने बताया कि अवैध निर्माण किया गया था। रेलवे से सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई है। जांच की जा रही है।

इस दौरान अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव, एएसपी राकेश खाखा, आरपीएफ कमांडेंट आरके शर्मा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, जीआरपी थाना प्रभारी मोतीराम चौधरी, थाना औद्योगिक प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी, स्टेशन रोड थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह जादौन समेत भारी संख्या में पुलिस और रेलवे का बल मौजूद रहा।

**क्या बोले अधिकारी**

अपर कलेक्टर डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने बताया पिछले दो दिन पूर्व धार्मिक स्ट्रेक्टर बनाकर अतिक्रमण किया गया था। रेलवे ने इसकी सूचना दी थी। कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित ना हो इसके लेकर हम यहां मौजूद रहे है। एएसपी राकेश खाखा ने बताया कि जीआरपी की ओर से सूचना दी गई कि रेलवे क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण कर धार्मिक स्थल का रूप दिया गया था। इसका इफेक्ट शहर में भी पड़ता। मौके पर रहकर निर्माण को पृथक किया है। रेलवे इसकी जांच कर रहा है।

## स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर में 30 श्रावक-श्राविकाओं ने लिया धर्म और कला का प्रशिक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



पूज्य आचार्य प्रवर 1008 श्री विजयराजजी म.सा. के आज्ञानुवर्ती सेवारत्न श्रद्धेय श्री विनोदमुनि म.सा. आदि ठाणा 3 के पावन सानिध्य में त्रि-दिवसीय स्वाध्याय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। श्री साधुमार्गी शांत क्रांति स्वाध्याय परिषद द्वारा आयोजित इस शिविर का नेतृत्व श्री साधुमार्गी शांत क्रांति जैन श्रावक संघ, मंदसौर ने किया।

स्थानीय नवकार भवन में आयोजित इस शिविर में करीब ३० स्वाध्यायी श्रावक-श्राविकाओं ने बड़े उत्साह के साथ सहभागिता की। पूज्य श्री विनोद मुनीजी म.सा. ने प्रतिदिन च्अंतगढ़ सूत्रज् का वाचन कर उसके महत्व पर प्रकाश डाला। स्वाध्याय परिषद के संयोजक संजय पटवा (भोपाल) ने सरल पद्धति से थोकड़ों का ज्ञान प्रदान किया। चेन्नई से पधारे अखिल भारतीय प्रभारी अजय मेहता एवं प्रेमलता मेहता ने ज्अच्छे वक्ता कैसे बनें; विषय पर विशेष कक्षाएं लीं। उन्होंने पर्यूषण पर्व में धमार्राधना कराने हेतु प्रभावी प्रवचन देने की कला सिखाई।

प्रेमलता मेहता के विशेष प्रोत्साहन से इस वर्ष मंदसौर से करीब 5-7 नए श्रावक-श्राविकाएं स्वाध्याय सेवा देने हेतु तैयार हुए हैं। शिविर के दौरान ताराचंद बोहरा (विजयनगर) और लक्ष्मीलाल खेरोदिया (चित्तौड़गढ़) ने भी अपने विचार रखे। आयोजन में मंगलवाड के जयदीप लोढ़ा का विशेष सहयोग रहा। शिविर के समापन पर श्रीसंघ द्वारा सभी शिविरार्थियों का अभिनंदन पत्र एवं सुंदर प्रभावना के साथ बहुमान किया गया।

संघ अध्यक्ष विमल पामेचा, राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र जैन, सुरेश जैन थम्बावाला, अजीत जैन, लोकेन्द्र जैन, गजराज जैन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीसंघ महामंत्री शेखर कासमा ने किया।

## प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में लाखों की चोरी, भगवान के आभूषण ले उड़ा बदमाश

**मन्दसौर।** शहर के जीवागंज क्षेत्र में स्थित प्राचीन श्री जगदीश मंदिर में बीती रात चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। बेखौफ बदमाश ने भगवान के मंदिर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार यह घटना सुबह करीब 4 से 4.30 बजे के बीच की बताई जा रही है। मंदिर के पुजारी जितेंद्र व्यास ने बताया कि जब वे सुबह उठे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर के गर्भगृह का ताला टूटा हुआ है और दरवाजा खुला है। अंदर जाने पर पता चला कि भगवान की प्रतिमा पर प्रतिदिन पहनाए जाने वाले आभूषण गायब थे। उसके द्वारा मंदिर अध्यक्ष एवं पुलिस को सूचना दी गई। इस घटना में भगवान की प्रतिमा के सभी आभूषण के साथ ही एक बॉक्स जिसमें अन्य आभूषण रखे जाते थे, वह भी मंदिर से लापता है। पुजारी के अनुसार, लगभग 1 किलो चांदी (जिस पर सोने की परत चढ़ी हुई थी) चोरी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अज्ञात चोर छत के रास्ते मंदिर में दाखिल हुआ था। पुलिस को मंदिर के सीसीटीवी फुटेज से कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर चोर की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर पलटी मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली, 22 से अधिक घायल



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

जिले की दलौदा तहसील के ग्राम हनुमंतिया के पास मंगलवार देर रात मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे उसमें सवार २२ से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घायलों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हैं। बुधवार सुबह मिली जानकारी के अनुसार, कई मजदूरों की हालत गंभीर बनी हुई है, जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉली में करीब 3 दर्जन मजदूर सवार थे। ये सभी मजदूर सेजपुरिया में मजदूरी का काम खत्म कर वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हनुमंतिया के समीप अचानक सामने आए एक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक ने तेजी से ब्रेक लगाए, जिससे ट्रॉली असंतुलित होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि ट्रॉली पलटने के बाद उसमें सवार मजदूर सड़क पर इधर-उधर बिखर गए और चीख-पुकार मच गई। अस्पताल घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय राहगीरों ने मदद शुरू की और एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया। हादसे की खबर लगते ही दलौदा तहसीलदार सहित पुलिस के आला अधिकारी अस्पताल पहुँचे और घायलों के उपचार की व्यवस्था देखी।

## हिंदू सम्मेलन के लिए कार्यालय का हुआ शुभारंभ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

हिन्दू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं नई चेतना प्रदान करने हेतु विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजन किया जा रहा है। विश्वनाथ बस्ती हिंदू सम्मेलन कार्यालय का शुभारंभ सोमालिया में किया गया। आयोजन समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख उमेश शर्मा ने बताया की कार्यालय का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विभाग कार्यवाह तेजराम मांगरोदा, नगर कार्यवाह आकाश भावसार, नगर प्रचारक दीपक गढ़वाल की विशेष उपस्थिति में हुआ।

आयोजन समिति संयोजक सुभाष टुकड़ियां, सहसंयोजक मदन प्रजापत ने भारत माता का विधि विधान से पूजन अर्चन किया?। मातृ स्वरूपा कन्या ने कलश स्थापित किया। इसके बाद महाआरती व प्रसाद वितरण किया। कार्यालय शुभारंभ अवसर पर अनिल टांक, चिराग छाजेड़, नितेश राठौड़, निलेश सुराणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति के पालक अजीत चत्तर, संयोजक सुभाष टुकड़िया, सहसंयोजक मदन प्रजापत, आशीष सर्राफ, हेमा पगारिया, कोषाध्यक्ष नितेश धनोतिया, सहकोषाध्यक्ष नागेश्वर पांचाल, समाज व्यवस्था प्रमुख राजमल बरैया, इन्दरमल टुकड़िया, प्रकाश मेहरा, पुखराज पटवा, कन्हैयालाल धाकड़, हस्तीमल मेहता, सीताराम धाकड़, मांगीलाल जेलवाल, मनोहर परमार, प्रदीप शर्मा, सत्यनारायण राठौड़, किशोर जटिया, विष्णु अरोड़ा, प्रमुख रमेश धाकड़, प्रकाश मोदी, रणजीत सिंघल, अशोक पोरवाल शिखर धारीवाल, सुरेश बरैया, मनोहर पांचाल, गणेश धाकड़, मुकेश भाटी, मुकेश पोरवाल, सुनील पोरवाल, मंगल पांचाल पवन धाकड़, निलेश टुकड़िया, गौतम चौपड़ा, अंशुल चत्तर, अरिन टुकड़िया ललीत भण्डारी संजय सेठिया (टी2) बाबुलाल कोठारी, सीमा धम्माणी, अनिता घाड़ीवाल, मीना सोनी, पूजा पांचाल, रचना सेठिया, श्शारदा बैरागी, विद्या चौधरी, रूपाली परमार, दीपक पाँचाल, निलेश अरोड़ा, रमेश कायस्थ विजय औरा, पिंकेश मेहरा अर्पित चत्तर, सुधीर सेठिया, विनोद अग्रवाल, सुनीता नागर, अशोक झामर, सुनील छाजेड़, दिलीप पगारिया, महेन्द्र भाटी, महेन्द्र समन्द्रिया, संदीप श्रीमाल, राजेश पोरवाल सहित सभी ने हिंदू सम्मेलन को सफल बनाने का आव्हान किया।

## एनसीसी शिविर में कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन और साइबर सुरक्षा के गुर

**मन्दसौर।** 5 मध्यप्रदेश बटालियन एनसीसी, मंदसौर द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के सर्वांगीण विकास हेतु विविध शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान कैडेट्स को आधुनिक चुनौतियों जैसे साइबर अपराध और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। शिविर में एनसीआईबी म.प्र. के राज्य निदेशक राजेश सुराणा ने विशेष गेस्ट लेक्चर दिया। उन्होंने कैडेट्स को वर्तमान समय में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सचेत करते हुए डिजिटल सुरक्षा के उपाय बताए। श्री सुराणा ने सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर देते हुए कैडेट्स को एक सजग और जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए एसडीआरएफ की टीम ने महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किया। सूबेदार रब्बी काजी और संदीप भंवर के नेतृत्व में टीम ने कैडेट्स को अग्नि दुर्घटना, भूकंप, और बाढ़ जैसी स्थितियों में बचाव कार्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। कैडेट्स को प्राथमिक उपचार और त्वरित प्रतिक्रिया देने की बारीकियां भी सिखाई गईं। शिविर परिसर में पर्यावरण जागरूकता के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल ज्योति प्रकाश ने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण से कैडेट्स किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में समाज की मदद करने के लिए तैयार होते हैं।

## पूर्व मंत्री व विधायक सखलेचा ने नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी बधाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को नई दिशा मिलने की उम्मीदों के बीच मध्यप्रदेश शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री व जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा ने भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। यह शिष्टाचार भेंट नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुई, जहाँ विधायक श्री सखलेचा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सखलेचा ने कहा कि श्री नितिन नवीन का संगठनात्मक अनुभव, दूरदर्शी नेतृत्व और कार्यकताओं से मजबूत जुड़ाव पार्टी को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई मजबूती मिलेगी।

विधायक श्री सखलेचा ने अपने संदेश में यह भी कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जिसने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को अपने मूल मंत्र के रूप में अपनाया है। नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष के मार्गदर्शन में पार्टी देशभर में संगठन को और अधिक मजबूत करेगी तथा जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का कार्य करेगी।

पूर्व मंत्री सखलेचा ने विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन को चुने जाने पर बड़ा हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि नितिन नबीन जी के नेर्तव्य में संघटन ओर अधिक सशक्त होकर सेवा सुशासन और राष्ट निर्माण के संकल्प को नई गति देगा ।

विधायक श्री सखलेचा ने बताया कि नितिन नबीन के नेर्तव्य में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के संकल्प को ओर मजबूती मिलेगी तथा पार्टी राष्ट निर्माण की परिकल्पना के नये शिखर को छुएगी एवं प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेर्तव्य में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में सेवा सुशासन और राष्टनिर्माण का पर्याय बनी है और अब प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में नितिन नबीन का संघठन कौशल भरतीय जनता पार्टी को जनसेवा व राष्टनिर्माण की यात्रा को नई दिशा प्रदान करेगा।



## दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप में 283 का हुआ रक्त परीक्षण

**मंदसौर।** दशपुर बीसा पोरवाल सोशल ग्रुप, मंदसौर द्वारा जिला चिकित्सालय के सहयोग से निःशुल्क मेगा रक्त परीक्षण एवं टी.बी. स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में समाजजनों ने भारी उत्साह दिखाया, जिसके अंतर्गत 283 व्यक्तियों का रक्त परीक्षण और 60 व्यक्तियों की टी.बी. स्क्रीनिंग की गई। 21 टी.बी. मरीजों को न्यूट्रिशन बास्केट भी प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दशपुर बीसा पोरवाल समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन गोटावाला ने कहा कि, सोशल ग्रुप द्वारा इस वर्ष ऐतिहासिक सेवा कार्य किए जा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि श्री आदिनाथ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्मल जैन मच्छीरक्षक, स्थानकवासी समाज के अध्यक्ष अजीत जैन थंबावाला, समाज सचिव पवन जैन एचएम एवं संयोजक संजय पोरवाल डीएन उपस्थित रहे। ग्रुप अध्यक्ष सीए मयंक जैन ने बताया कि सदस्यों और उनके परिवार की सेहत को ध्यान में रखकर यह निःशुल्क शिविर लगाया गया है। शिविर में ग्रुप के कुशल पोरवाल, निखिल मच्छीरक्षक, सोविल पोरवाल, पल्लव पोरवाल, नितिन रिछावरा सहित जिला चिकित्सालय टीम आदि उपस्थित रहे। आभार सीए प्रनेह जैन ने माना।

## महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनाई



**जावरा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा हरिया खेड़ा रोड स्थित महाराणा प्रताप मांगलिक भवन परिसर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429वी पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई।इस मौके पर समाज जनों ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर महासभा संरक्षक डॉक्टर एच एस राठौर, तहसील अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, युवा अध्यक्ष अजय सिंह कछाव, बहादुर सिंह सोनगरा ,दिलीप सिंह कच्छावा, बहादुर सिंह सोनगरा, विजयपाल सिंह, जितेन सिंह सोलंकी, पप्पू सिंह एवं गौतम सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

## परिचय सम्मेलन मे श्री बोराना का जबलपुर में हुआ आत्मीय सम्मान

**पिपलिया मंडी।** जबलपुर सेन समाज का ९० वां वर्षगांठ एवं २६वा युवक युवती परिचय सम्मेलन में पिपलिया मंडी से भारतीय सेन समाज के राष्ट्रीय महामंत्री व मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज के संरक्षक श्री श्यामलाल बोराना (पिपलिया मंडी) विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए वहां आपका सेन जी महाराज की आरती युक्त तस्वीर भेंट कर कर मोतियों की माला व सिरपाव पहनाकर स्वागत किया इस मंच से बोराना ने अपने उद्बबोधन में समाज में व्याप्त रूढ़िवाद समाप्त करना एवं प्रत्येक बालक बालिका को उच्च शिक्षा दिलाने का आह्वान किया।



## प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह शक्तावत ने सुरक्षा बल जवान का किया सम्मान



**पिपलिया मंडी।** 21 जनवरी को मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव लूनाहेडा में उपस्थित होकर सीमा सुरक्षा बल से प्रशिक्षण पूर्ण कर अपने पैतृक गांव लोटे जवान विजय मालवीय एवं उनके पिता मदनलाल मालवीय एवं माता श्रीमती सुमित्रा बाई मालवीय को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री तथा ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने पुष्पमाला पहनाते हुए सम्मान किया। तथा देश की सेवा में लिन होने वाले जवान भाई विजय मालवीय के लिए ईश्वर से लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता महेश सेन, मांगीलाल पाटीदार,ईश्वर लाल धनगर, दुलीचंद कारपेंटर, सुरेंद्र सिंह, मुकेश माली,रोहित सिंदम,जगदीश बामनिया, किशोर पाटीदार कन्हैयालाल सिंदम आदि अनेक गांव के गणमान्य नागरिक एवं माताओं बहनों के साथ युवा साथी उपस्थित थे।

## पहले दिन की गणना में दानपेटी से 19 लाख रुपये से अधिक निकले



**मन्दसौर।** विश्व प्रसिद्ध अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में स्थित दान पेटी को बुधवार को खोला गया। पहले ही दिन की गिनती में दान पात्र से 19 लाख 72 हजार 50 रुपए नकद राशि निकली है। नोटों की गिनती का काम आज भी चलेगा। इस बार दान में भारतीय मुद्रा के साथ-साथ विदेशी करेंसी, चांदी के आभूषण और सोना भी प्राप्त हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को खुली दान पेटी में भारतीय नोटों के अलावा विदेशी मुद्रा भी मिली है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात का एक-एक नोट शामिल है। वहीं दान पेटी से चांदी के आभूषण और सोना भी प्राप्त हुआ है। फिलहाल गिनती जारी है।




## राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों का नगर में भव्य स्वागत

**नलखेड़ा।** दिल्ली में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय तांग सू डो (कोरियन कराते) प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर लौटे नगर के होनहार खिलाड़ियों का ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर मध्यप्रदेश एवं नगर का नाम रोशन करने वाले इन खिलाड़ियों के सम्मान में शिवाजी चौराहा पर भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमला सागर विद्यालय परिवार, खिलाड़ियों के परिजन, इष्टमित्रों एवं खेल प्रेमियों द्वारा पुष्पमालाओं, आतिशबाजी एवं मिठाइयों के साथ खिलाड़ियों का जोरदार अभिनंदन किया गया। शिवाजी चौराहा से लेकर जायसवाल कॉलोनी तक एक भव्य विजय चल समारोह निकाला गया, जिसमें नगरवासियों ने स्थान-स्थान पर खिलाड़ियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने 2 रजत एवं 3 कांस्य पदक अर्जित किए, जिनमे सौम्या बैरागी, कुंदन सिंह खींची ने रजत पदक एवं वैभव परिहार, दैव्यांश सोनी, सार्थक चौरसिया ने कांस्य पदक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। वहीं जूनियर बॉयज कैटेगरी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बेस्ट फाइटर अवार्ड जीतकर दैव्यांश सोनी ने नगर को विशेष गौरव दिलाया।

## कायथा महाविद्यालय में स्टार्टअप एवं उद्यमिता दिवस पर व्याख्यान का आयोजन



**कायथा ।** शासकीय महाविद्यालय कायथा में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्टार्टअप एवं उद्यमिता दिवस के अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता के रूप में एनटीटीआर (नेशनल इंस्ट्रक्टर ट्रेनिंग एंड रिसर्च) प्रशिक्षित ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर (टीपीओ) लखन सिंह कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया कार्यक्रम का प्रारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आभा तिवारी द्वारा स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ डॉ.तिवारी ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस युवाओं में उद्यमशीलता की भावना जगाने का महत्वपूर्ण अवसर है,इस वर्ष यह दिवस 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के 10 वर्ष पूर्ण होने का भी प्रतीक है जिसने भारत को विश्व के प्रमुख स्टार्टअप हब में बदल दिया है मुख्य वक्ता लखन सिंह कुशवाहा ने अपने व्याख्यान में स्टार्टअप की अवधारणा, इसके लाभ,सरकारी योजनाओं जैसे-स्टार्टअप इंडिया,मुद्रा लोन,एट्रिप योजना तथा युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों पर विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज का युवा नौकरी का पीछा करने वाला नहीं, बल्कि नौकरियाँ सृजन करने वाला बनना चाहिए। स्वामी विवेकानंद जी की शिक्षाएं हमें आत्मविश्वास और नवाचार की प्रेरणा देती हैं।

## श्री चिन्तामण गणेश मंदिर के पावन प्रांगण में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन



**महिदपुर।** समीपस्थ ग्राम कड़ाई स्थित प्राचीन श्री चिन्तामण गणेश मंदिर के पावन प्रांगण में संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन किया गया । मंगलवार को श्री राम कथा का विश्राम किया गया एवं हिन्दू सम्मेलन के भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में सनातनी महिला-पुरुषों की सहभागिता के साथ भव्य हिंदू सम्मलेन का आयोजन किया गया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदू सम्मलेन में वक्ताओं ने हिंदू एकता को लेकर अपनी ओजस्वी वाणी से सभी सनातनी को पुराने इतिहास के बारे बताया। किसी तरह हमे एक जुट होकर रहना है । सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन पं. श्री श्यामजी मनावत के सुमधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों के साथ किया गया । कथा के प्रथम दिवस से ही श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति देखी जा रही है।

## शिक्षक के जन्मदिन पर अशोक के पौधे का रोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प



**सारंगपुर।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय अमलावता में वरिष्ठ शिक्षक मुशीं खा मंसूरी के जन्मदिन पर अशोक के पौधे का रोपण कर जन्मदिवस मनाया गया। संस्था प्रधान रमेशचंद्र राजपूत ने पुष्पाला पहनाकर वरिष्ठ शिक्षक मुशी खा मंसूरी का सम्मान किया। उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप कलम भेंट की वहीं शिक्षक मंसूरी ने नई ऊर्जा के साथ बच्चों को अपने जीवन का अनुभव साझा किया। इस दौरान शिक्षक महेश शर्मा, मुकेश कुमार, शिक्षिका पुष्पलता पंवार, शिक्षक महेश कुमार कच्छावा आदि मौजूद रहे।

### क्रासकंट्री दौड़ में रतलाम के बबलू ने पाया प्रथम स्थान

# संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में बड़नगर की वर्षा रही प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में संभाग स्तरीय क्रासकंट्री दौड महिला व पुरूष खेल प्रतियोगिता मंगलवार को आयोजित हुई।

यह दौड़ क्रीडा अधिकारी देवेन्द्र कुंभकार की व्यवस्था में शुजालपुर बस स्टैंड से प्रारंभ होकर रोकडिया हनुमान मंदिर, गल्ला मंडी गेट होते हुए भीलखेडी से वापस महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग के 18 शासकीय महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की, साथ ही विभिन्न महाविद्यालयों से आए उनके कोच मैनेजर भी प्रतियोगिता में उपस्थित एवं समस्त कोच मैनेजर को शाल श्रीफल एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष आलोक खन्ना, विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. विनोद देशमुख, प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ. बी के त्यागी उपस्थित रहे।

प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सीमित संसाधनों और कम समय के बावजूद यह आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित रूप में संपन्न हुआ। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष आलोक खन्ना ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी सुदृढ़ होता है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों, महाविद्यालय और प्रशिक्षकों तीनों को प्रेरणा मिलती है। जब विद्यार्थी आगे बढ़ते हैं तो उनमें नया आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी होता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद कुमार अजनोदिया व आभार डॉ. बी के त्यागी ने माना।

### यह रहे विजेता

उक्त प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान बबलू मैंडा शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रतलाम, द्वितीय शिवराज सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जावरा, तृतीय स्थान सागर सिंह पीएमश्री राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर ने प्राप्त किया। वही बालिका वर्ग में प्रथम स्थान वर्षा प्रजापत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बडनगर, द्वितीय स्थान साक्षी सूर्यवंशी शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन, तृतीय स्थान ज्योति कुमावत पीएमश्री शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर ने प्राप्त किया। विजेता एवं प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टाफ एवं बडी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को बताई स्टार्टअप से उद्यमिता की राह

# शासकीय महाविद्यालय में स्टार्टअप दिवस पर दिया कॅरियर मार्गदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



जब भी हमें कॅरियर चुनने का अवसर आता है, तो हम नौकरी की तलाश में जुट जाते हैं, लेकिन सिर्फ नौकरी करना ही कॅरियर नहीं होता। यदि आपके अंदर दृढ इच्छा हो तो आप नौकरी करने वाले की जगह नौकरी देने वाले उद्यमी भी बन सकते हैं।

ऐसा ही प्रेरक और मार्गदर्शक नजारा शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर आयोजित कॅरियर मार्गदर्शन में देखने के लिये मिला, जिसका बडी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने लाभ लिया। महाविद्यालय स्टॉफ भी इस अवसर पर उपस्थित था। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आशा सक्सेना के मार्गदर्शन व एनसीसी अधिकारी डॉ. प्रभाकर मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रज्ञा शर्मा ने पावरपाईंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से स्टार्टअप को लेकर विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. घनश्यामसिंह ठाकर ने किया एवं आभार डॉ. राजेशकुमार माहौर ने व्यक्त किया। डॉ. शर्मा ने इस अवसर पर बताया कि उद्यमिता की राह आसान करने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज ही के दिन 16 जनवरी 2016 को स्टार्टअप इंडिया योजना का शुभारम्भ किया गया। वर्तमान में यह योजना भारत को दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बना चुकी है। यह योजना वास्तव में ऐसे लोगों की मदद के लिए शुरू की गई है जो अपने विचारों और क्षमताओं के साथ अपना व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। वास्तव में यह योजना सपनों को पंख लगाने वाली योजना है। आमतौर पर कोई भी उद्यम प्रारम्भ करना अत्यंत कठिन कार्य है, क्योंकि आम व्यक्ति के पास न तो इतने संसाधन होते हैं और न ही तकनीकी ज्ञान। इस योजना में उन्हें पूर्ण रूप से सहयोग प्रदान किया जाता है, बस जरूरत होती है तो कुछ नया करने के बिजनेस आयडिया की, जिसकी मार्केट में मांग होने की पूरी संभावना हो। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. मिश्र ने भी भारत सरकार की रोजगारोन्मुखी योजनाओं का लाभ लेने के लिये प्रेरित किया।

### अबूझ मुहूर्त होते हुए भी बसंत पंचमी पर नहीं होंगे विवाह

**सुसनेर।** बसंत पंचमी का पर्व हर वर्ष विवाह एवं अन्य मांगलिक कार्यों के लिए अबूझ मुहूर्त के रूप में जाना जाता रहा है। लेकिन इस वर्ष पंचमी तिथि 23 जनवरी पर विवाह के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहेगा। पंडित प्रवीण भट्ट के अनुसार ग्रहों और नक्षत्रों की विशेष स्थिति के कारण इस दिन विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक संस्कार करना शास्त्रसम्मत नहीं माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में उल्लेख है कि जब शुक्र या गुरु ग्रह अस्त अवस्था में होते हैं। तब विवाह जैसे मांगलिक कार्यों पर रोक मानी जाती है। इस वर्ष बसंत पंचमी के अवसर पर शुक्र ग्रह की स्थिति अनुकूल नहीं मानी जा रही है। वहीं चंद्रमा मीन राशि में गोचर करेगा, जिसके साथ कुछ अशुभ योगों का भी निर्माण हो रहा है। इन ग्रह-योगों के प्रभाव के चलते यह दिन विवाह के लिए उपयुक्त नहीं माना गया है। भट्ट का कहना है कि भले ही बसंत पंचमी को परंपरागत रूप से अबूझ मुहूर्त माना जाता हो, लेकिन हर वर्ष ग्रहों की स्थिति अलग-अलग होती है। इसी कारण इस बार परिस्थितियां पूर्व वर्षों से भिन्न हैं। शास्त्रों के अनुसार ग्रहों की प्रतिकूल स्थिति में किया गया विवाह भविष्य में वैवाहिक जीवन में बाधाओं का कारण बन सकता है। हालांकि विवाह के लिए यह दिन शुभ नहीं है। लेकिन विद्या और ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा के लिए बसंत पंचमी अत्यंत फलदायी मानी जा रही है। इस वर्ष बसंत पंचमी पर गजकेसरी योग और सर्वार्थ सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो शिक्षा, बुद्धि, वाणी और बौद्धिक विकास के लिए विशेष लाभकारी है। विद्यार्थियों, शिक्षकों, कलाकारों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह दिन विशेष महत्व रखता है। ज्योतिषाचार्यों ने लोगों को सलाह दी है कि जो परिवार बसंत पंचमी पर विवाह या गृह प्रवेश की योजना बना रहे थे, वे आगामी शुभ मुहूर्तों की प्रतीक्षा करें। आने वाले दिनों में पुनः मांगलिक कार्यों के लिए शुभ अवसर उपलब्ध होंगे। वहीं श्रद्धालुओं से आग्रह किया गया है कि वे इस दिन पूजा, अध्ययन, विद्यारंभ और धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता कर पर्व को श्रद्धा एवं नियमों के अनुसार मनाएं।

### श्रीमदभागवत कथा में शामिल हुए मंत्री गौतम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम धामंदा में चल रही श्रीमद भागवत कथा सप्ताह के तीसरे दिन कथा व्यास पीठ पर विराजित कथावाचक पंडित दीपक उपाध्याय ने कहा कि हमें गुरुमंत्र देने वाले गुरु पर एवं गुरु मंत्र पर विश्वास करना चाहिए यह काल जो चल रहा हे कलयुग इसमें गुरु मंत्र ओर हमारे घरों में विराजित धार्मिक वेद, पुराण भागवत ग्रन्थ रामायण ही कलयुग की छाया से बचा सकते है। महर्षि मतंग ऋषि द्वारा दिए गुरु मंत्र के बलबूते ही माता शबरी को दर्शन देने के लिए स्वयं नारायण को नर अवतार में जन्म लेना पडा था। हमे धर्म ग्रंथों को घरों में पडा नहीं रखना हे अपितु उनको पढना है जब ही हम कलयुग में सद्मार्ग पर चल सकते है। कथा में कृष्ण जन्म के अवसर पर बनाई झांकी ने मौजूद भक्तों का मन मोह लिया। कथा में क्षेत्रीय विधायक राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार मध्यप्रदेश सरकार गौतम टेटवाल शामिल हुए। उनके द्वारा व्यासपीठ एवं भगवान कृष्ण का पूजन किया गया।

### कोई अमानवीय कृत्य हो तो परिजनों व शिक्षकों को बताए

# विद्यालय में पॉस्को अधिनियम तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर ने वरिष्ठालय के निदेर्शानुसार शुजालपुर के स्कॉलर्स एकेडमी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति शुजालपुर सपना पोर्ते के निर्देशन में किया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम के प्रति जागरूक किया गया। शिविर में न्यायाधीश द्वारा स्कूल के छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शुजालपुर गजल पाहवा ने शिविर में उपस्थित छात्र.-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के बारे में बताते हुए गुडटच एवं बेडटच के बारे भी विस्तार से समझाया। इसके साथ अपने उद्बोधन में कई उदाहरणों के माध्यम से बच्चों को समझाया कि यदि किसी भी बच्चे के साथ कोई अमानवीय कृत्य होता है तो उसकी जानकारी अपने माता-पिता एवं अपने शिक्षकों को अवश्य दें, डरे नहीं। इस दौरान कानून के विभिन्न प्रावधानों, राज्य शासन द्वारा निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए जारी हेल्पलाईन नम्बरों एवं बच्चों के कानूनी अधिकारों के बारे में बताते हुए बच्चों के मन में उत्पन्न हुए सवालों के भी सरल व सहज उदाहरणों के माध्यम से जवाब दिए गए। कार्यक्रम का संचालन छात्रा अग्रिमा जैन एवं गुरूवानी राजपाल ने किया। विधिक साक्षरता शिविर में न्यायाधीश गजल पाहवा, न्यायालय कर्मचारी सुदर्शन बिठोरे, शुभम राजावत, नन्दलाल कुशवाह, स्कूल संचालक सत्यजीत देशमुख, प्राचार्य गीता देशमुख सहित छात्र-छात्राएं व स्टॉफ मौजूद रहा।

# ब्रह्माकुमारी आश्रम की दीदियां बच्चों को दे रही चारित्रिक निर्माण की शिक्षा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शहीद कॉलोनी ब्यावरा की दीदियों द्वारा ब्यावरा में कोचिंग क्लासेज के बच्चों को नैतिक शिक्षा का जीवन में महत्व विषय पर विशेष चारित्रिक निर्माण सत्र कराया गया। राजगढ़ से पधारी ब्रह्माकुमारी सुमित्रा दीदी ने विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हमारे जीवन में नैतिकता होना बहुत आवश्यक है। क्योंकि यह हमें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने समाज में योगदान करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने में मदद करती है। शिक्षा का मूल्य उद्देश्य संस्कारवान चरित्रवान एवं मूल्यवान बनना , विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित करना बहुत जरूरी है। इसके पश्चात ब्यावरा पब्लिक स्कूल में ब्रह्माकुमारी सुरेखा दीदी ने बच्चों को एकाग्रता की शक्ति को कैसे बढ़ाएं विषय पर सुनाते हुए कहा कि एकाग्रता अर्थात मन बुद्धि की स्थिरता किसी एक लक्ष्य को केंद्र मानकर अपने मन के संकल्प को एकाग्र करना रोज सुबह उठते ही 10 मिनट ध्यान एवं सकारात्मक संकल्प करें और अपने लक्ष्य को देखें इससे याददाश्त शक्ति भी बढ़ती है और धीरे-धीरे सभी नैतिक गुण जैसे अनुशासन ईमानदारी सच्चाई आने लगते हैं। जिस प्रकार टेबल के चार पैर में से एक पेर नहीं होता है तो हम गिर सकते है वैसे ही हमारे विद्यार्थी जीवन में भी चारों पैर मजबूत होना बहुत जरूरी है जैसे इंटेलिजेंस कोशेन्ट, इमोशनल कोशेन्ट, मोरल वैल्यूज, स्पिरिचुअल नॉलेज। इन सब गुणओ के आधार से ही वर्तमान और भविष्य जीवन उज्जवल बनता हैं और यह सारे वैल्यूज जीवन में आध्यात्मिक ज्ञान मेडिटेशन से ही संभव है और सभी छात्र-छात्राओं को एक्टिविटी कराई एवं मेडिटेशन की प्रेक्टिस कराई। अंत में ब्यावरा सेवाकेंद्र संचालि क बीके लक्ष्मी दीदी ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए सभी बच्चों को संस्था द्वारा सिखाए जा रहे हैं। निशुल्क राजयोग मेडिटेशन कोर्स सीखने हेतु आमंत्रित किया ।

## पूर्व सरपंच को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी मौके पर ही मौत



**इंगोरिया।** इंगोरिया _उन्हेल मार्ग पर प्रतिदिन सुबह टहलने जाते थे इंगोरिया के पूर्व सरपंच मंगलवार सुबह 6 बजे अज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी। 90 वर्षीय कुंवर बनेसिंह चावड़ा की घटना स्थल पर ही असामयिक मौत हो गई। उनके दुखद निधन की खबर से गांव में शोक छा गया। इस उम्र में भी वे बिल्कुल तंदुरुस्त और फिट थे । सुबह 5 बजे से रोजाना मॉर्निंग वॉक पर जाते थे। उनकी अंतिम विदाई में गांव सहित आसपास के सैकड़ों लोग एकत्रित हो गए। चक्र तीर्थ पर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## गायों की दुर्दशा से व्यथित होकर गोभक्त उपवास पर बैठ रही

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में पीपल चौराहे पर गोभक्त सुश्री रचना भार्गव 21 जनवरी 2026 को सुबह 10:00 बजे गायों की दुर्दशा से व्यथित होकर उपवास पर बैठ रही है। कहा जाता है कि गौमाता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है, धार्मिक एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी गाय एक बहुत महत्वपूर्व प्राणी है। इसलिए सभी गौमाता को पूजते है। विगत कुछ वर्षों से गौ माता की हो रही दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है, राजगढ़ में भी अनेक गोमाता मृतावस्था में पाई गई ओर तो ओर भोपाल में 26 टन गोमांस के लिए व्यापक रूप से गौ माता का वध कर दिया गया। उक्त सभी घटनाओं से व्यथित होकर शासन और प्रशासन को चेतावनी देते हुए सुश्री रचना भार्गव 21/01/26 को सुबह 10 बजे गौ माता के सरंक्षण एवं समर्थन में उपवास पर बैठी उन्होंने बताया कि उक्त उपवास बैठक कार्यक्रम पूर्णरूप से गैर राजनीतिक है।

## 28 को होने वाले हिंदू सम्मेलन को लेकर भगवा ध्वज यात्रा निकली




**खिलचीपुर।** खिलचीपुर में 28 अगस्त को होने वाले भव्य हिंदू सम्मेलन की तैयारियां को लेकर नगर में भगवा ध्वज यात्रा निकाल कर संदेश घर-घर तक पहुंचाया गया। यात्रा के साथ स्टेडियम ग्राउंड पर सम्मेलन स्थल का भूमि पूजन किया गया। रविवार को नगर के झालावाड़ नाके के पास स्थित लाल दासजी मंदिर से ढोल-नगाड़ों के साथ भगवा ध्वज यात्रा शुरू हुई। यात्रा में सकल हिंदू समाज के बड़ी संख्या में महिला-पुरुष हाथों में भगवा ध्वज लेकर शामिल हुए। रास्ते में लोगों ने फूल बरसाकर यात्रा का स्वागत किया। पूरे नगर में जय जय श्रीराम॰ के नारों से पुरा नगर गुंज रहा था। इस दौरान भगवा ध्वज यात्रा नगर से तोपखाना गेट, पिपली बाजार, पटवा बाजार, इमली स्टैंड होते हुए अस्पताल रोड से स्टेडियम ग्राउंड पहुंची। शांति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी उमा शंकर मुकाती सहित पुलिस बल यात्रा के साथ मौजूद रहे। स्टेडियम ग्राउंड पहुंचने पर हिंदू सम्मेलन को लेकर विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया और भगवा ध्वज लगाया गया। आयोजकों ने बताया कि 28 अगस्त को इसी मैदान में सकल हिंदू समाज द्वारा भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में उज्जैन से पंचायती निरंजन अखाड़ा की महामंडलेश्वर 1008 अन्नपूर्णा गिरी (साध्वी वर्षा जी) विशेष रूप से शामिल होंगी। आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## गुलाब बाई पटेल का 100 वर्ष में गोलोकगमन, लोगों ने दी श्रंद्धाजलि



**ब्यावरा।** ब्यावरा नगर के सुठालिया रोड निवासी श्रीमती गुलाबबाई पटेल का मंगलवार को गोलोक गमन हो गया। वह 100 वर्ष की थी। स्वर्गीय जगन्नाथ पटेल की धर्मपत्नी एवं रमेशचंद्र, चंदर, महेश, पूर्व पार्षद गोविंद पटेल और राजू पटेल की माताजी श्रीमती गुलाबबाई मीणा पटेल कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी। बीती रात्रि को उनका निधन हो गया। सुबह उनके निवास से अंतिम यात्रा श्मशान घाट पहुंची, जहां उन्हें अंतिम विदाई दी गई। उनके ज्येष्ठ पुत्र रमेशचंद्र पटेल ने मुखाग्नि दी। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। बड़ी संख्या में शामिल हुए गणमान्य नागरिको, रिश्तेदारों ने उन्हें श्रंद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि वह मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।

## मधव बस्ती में प्रभात फेरी



**महिदपुर ।** जय श्री राम के नारो के साथ 1जनवरी से अयोध्या में श्री राम मंदिर स्थापना की द्वितीय वर्षगांठ को लेकर माधव बस्ती मे धर्म प्रेमी बंधुओ मातृ शक्ति के द्वारा प्रतिदिन प्रातः उत्साह के साथ भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली जा रही है।

माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर वसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। आइए जानते हैं इस पर्व और बसंत ऋतु का महत्व और माता सरस्वती के पूजन की विधि। इसके साथ ही जानेंगे कि इस पर्व में पीले रंग का क्या महत्व है।



# वसंत पंचमी

## जानें महत्व और पूजा का शुभ मुहूर्त

प्रति वर्ष माघ माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर वसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। पंचमी तिथि किसी न किसी देवी-देवता को समर्पित होता है और धार्मिक ग्रंथों के अनुसार, यह पंचमी माता सरस्वती को समर्पित है। पंचांग के अनुसार, माघ शुक्ल पंचमी तिथि 23 जनवरी 2026 (शुक्रवार) को रात 02:28 बजे शुरू होगी और 24 जनवरी 2026 (शनिवार) को रात 01:46 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर वसंत पंचमी 23 जनवरी 2026 शुक्रवार को मनाई जाएगी। वसंत पंचमी पर पूजन का शुभ मुहूर्त प्रातः काल 6 बजकर 57 मिनट से दोपहर 12 बजकर 21 मिनट तक रहेगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, माता की उत्पत्ति का उद्देश्य इस ब्रह्माण्ड को वाणी और ज्ञान देना था। कहते हैं जिनकी जिव्हा पर सरस्वती देवी का वास होता है, वे ज्ञान और विद्या के धनी होते हैं। इनके बिना एक मनुष्य का जीवन अंधकारमय होता है। वसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती पूजन और व्रत करने से वाणी मधुर होती है, स्मरण शक्ति तीव्र होती है और विद्या में कुशलता प्राप्त होती है। वसंत का सीधा सा अर्थ है सौन्दर्य, शब्द का सौन्दर्य, वाणी का सौंदर्य, प्रकृति का सौंदर्य, प्रवृत्ति का सौंदर्य, वसंत पंचमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि ज्ञान, बुद्धि और नए आरंभ का दिव्य संकेत है।

प्रकृति के आंचल में जब अनेकानेक पुष्प मुस्काराते हैं, जब कोयल की कूक कानों में मिठास घोलती है, जब पेड़ पुष्प अपना परिधान बदलते हैं और जब वाणी मधुरता का अमृतपान कराती है, तो सुनते देखते ही पहला शब्द निकलता है वाह... अद्भुत... विलक्षण.. अनुपम, वास्तव में यही वसंत है तभी तो इसे रितुराज की संज्ञा दी गई है।

रितु विचिका में दो ऐसे मास हैं, जो हमारे मन को सीधे सीधे प्रभावित करते हैं, एक सावन और दूसरा वसंत, दोनो ही मास को साहित्य, समाज, समरसता, संगीत और सकारात्मकता से जोड़ा गया है। कालीदास से ला ेक र आज तक के अनेक रचनाकारों को ये मास आनंदित करते हैं।

वसंत के पर्व का विस्तार अधिक है क्योंकि इससे और भी बहुत से सकारात्मक तत्व जुड़े हैं। मां सरस्वती वाणी एवं ज्ञान की देवी है। ज्ञान को संसार में सभी चीजों से श्रेष्ठ कहा गया है, इस आधार पर देवी सरस्वती सभी से श्रेष्ठ हैं. कहा जाता है कि जहां सरस्वती का वास होता है वहां लक्ष्मी एवं काली माता भी विराजमान रहती हैं। इसका प्रमाण है माता वैष्णो का दरबार जहॉ माँ सरस्वती,माँ लक्ष्मी,माँ काली ये तीनों महाशक्तियां साथ में निवास करती हैं. जिस प्रकार माता दुर्गा की पूजा का नवरात्रे में महत्व है उसी प्रकार वसंत पंचमी के दिन सरस्वती पूजन का महत्व है। सरस्वती पूजा के दिन यानी माघ शुक्ल पंचमी के दिन सभी शिक्षण संस्थानों में शिक्षक एवं छात्रगण सरस्वती माता की पूजा एवं अर्चना करते हैं. सरस्वती माता कला की भी देवी मानी जाती हैं अतः कला क्षेत्र से जुड़े लोग भी माता सरस्वती की विधिवत पूजा करते हैं. छात्रगण सरस्वती माता के साथ-साथ पुस्तक, कापी एवं कलम की पूजा करते हैं. संगीतकार वाद्ययंत्रों की, चित्रकार अपनी तूलिका की पूजा करते हैं।

### वसंत पंचमी की पौराणिक कथा

सृष्टि की रचना के समय ब्रह्माजी ने महसूस किया कि जीवों की सर्जन के बाद भी चारों ओर मौन छाया रहता है। उन्होंने विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से जल छिड़का, जिससे पृथ्वी पर एक अद्भुत शक्ति प्रकट हुई। छह भुजाओं वाली इस शक्ति रूप स्त्री के एक हाथ में पुस्तक, दूसरे में पुष्प, तीसरे और चौथे हाथ में कमंडल और बाकी के दो हाथों में वीणा और माला थी। ब्रह्माजी ने देवी से वीणा बजाने का अनुरोध किया। जैसे ही देवी ने वीणा का मधुरनाद किया, चारों ओर ज्ञान और उत्सव का वातावरण फैल गया, वेदमंत्र गूंज उठे। ऋषियों की अंतःचेतना उन स्वरों को सुनकर झूम उठी। ज्ञान की जो लहरियां व्याप्त हुईं, उन्हें ऋषिचेतना ने संचित कर लिया।तब से इसी दिन को वसंत पंचमी के रूप में मनाया जाता है।

### वसंत पंचमी पर पूजन


माता शारदा के पूजन के लिये भी वसंत पंचमी का दिन विशेष शुभ रहता है. इस दिन 2 से 10 वर्ष की कन्याओं को पीले-मीठे चावलों का भोजन कराया जाता है तथा उनकी पूजा की जाती है। मां शारदा और कन्याओं का पूजन करने के बाद पीले रंग के वस्त्र और आभूषण कुमारी कन्याओ, निर्धनों व विप्रों को देने से परिवार में ज्ञान, कला व सुख -शान्ति की वृद्धि होती है. इसके अतिरिक्त इस दिन पीले फूलों से शिवलिंग की पूजा करना भी विशेष शुभ माना जाता है।

### वंसत पंचमी पर पीले रंग का महत्व

ग्रंथों के अनुसार वसंत पंचमी पर पीला रंग के उपयोग का महत्व है। क्योंकि इस पर्व के बाद शुरू होने वाली वसंत ऋतु में फसलें पकने लगती हैं और पीले फूल भी खिलने लगते हैं। इसलिए वसंत पंचमी पर्व पर पीले रंग के कपड़े और पीला भोजन करने का बहुत ही महत्व है। इस त्योहार पर पीले रंग का महत्व इसलिए बताया गया है क्योंकि वसंत का पीला रंग समृद्धि, ऊर्जा, प्रकाश और आशावाद का प्रतीक है। इसलिए इस दिन पीले रंग के कपड़े पहनते हैं, व्यंजन बनाते हैं।

# क्या करें क्या ना करें की हालत कर देता है केतु

## मानसिक भ्रम से टूट जाता है जातक



वैदिक ज्योतिष में राहु और केतु को छाया ग्रह कहा जाता है। इनका कोई भौतिक अस्तित्व नहीं होता, लेकिन व्यक्ति के जीवन पर इनका प्रभाव बेहद गहरा और दूरगामी माना जाता है। केतु को मोक्ष, वैराग्य, अध्यात्म, रहस्य, पूर्व जन्म के कर्म और अचानक घटने वाली घटनाओं का प्रतीक माना गया है। यदि जन्म कुंडली में केतु मजबूत और शुभ स्थिति में हो, तो व्यक्ति को आध्यात्मिक उन्नति, गहरी समझ और तीव्र बुद्धि प्रदान करता है। लेकिन यही केतु कमजोर या अशुभ हो जाता है, तो जीवन में असंतुलन और भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है।

अशुभ केतु का प्रभाव अक्सर अचानक बदलावों के रूप में सामने आता है। मानसिक तनाव, रिश्तों में दूरी, आर्थिक अस्थिरता और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां इसके प्रमुख संकेत माने जाते हैं। हालांकि केतु का मूल स्वभाव व्यक्ति को भौतिक मोह से निकालकर आत्मिक ज्ञान की ओर ले जाना है। यदि समय रहते इसके नकारात्मक संकेतों को समझ लिया जाए और सही उपाय किए जाएं, तो यही केतु जीवन को सही दिशा भी दिखा सकता है। आइए जानते हैं अशुभ केतु के प्रमुख लक्षणों और उनसे जुड़े प्रभावी उपायों के बारे में।

### मानसिक अस्थिरता और भ्रम

खराब केतु का सबसे सामान्य प्रभाव मन पर पड़ता है। व्यक्ति बिना किसी ठोस कारण के बेचैन रहने लगता है। निर्णय लेने में कठिनाई, बार-बार विचार बदलना, अकारण भय और भविष्य को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती है। पढ़ाई या काम में मन नहीं लगता और छोटी-छोटी बातों पर उलझन बढ़ जाती है। जब केतु चंद्रमा के साथ पाप ग्रहों से प्रभावित हो या चतुर्थ व द्वादश भाव में कमजोर स्थिति में हो, तो मानसिक अशांति और बढ़ जाती है।

**उपायः** प्रतिदिन गायत्री मंत्र या हनुमान चालीसा का पाठ करें। चांदी की अंगूठी अनामिका उंगली में धारण करें। घर के दक्षिण-पश्चिम कोने को साफ और व्यवस्थित रखें।

### रिश्तों में दूरी और अलगाव

केतु का संबंध वैराग्य से है, लेकिन अशुभ होने पर यह रिश्तों में ठंडापन ले आता है। व्यक्ति को लगता है कि कोई उसे समझ नहीं पा रहा। परिवार और मित्रों से दूरी बन जाती है, वैवाहिक जीवन में भावनात्मक कमी आ सकती है और गलतफहमियों के कारण संबंध टूटने की स्थिति बनती है। जब केतु सप्तम, पंचम या एकादश भाव में पाप प्रभाव में हो या शुक्र-केतु और शनि-केतु की अशुभ युति बने, तो रिश्तों में तनाव बढ़ता है।

**उपायः** हर गुरुवार जरूरतमंदों को पीली दाल का दान करें। विवाहित महिलाएं बुधवार को हरे वस्त्र पहनकर शिव-पार्वती की पूजा करें। समय-समय पर पितरों का श्राद्ध और तर्पण करें।

### करियर और धन में अस्थिरता

अशुभ केतु करियर और आर्थिक स्थिति में अचानक उतार-चढ़ाव लाता है। नौकरी में रुकावट, प्रमोशन का रुक जाना, व्यवसाय में नुकसान या बार-बार काम बदलने की स्थिति बन सकती है। निवेश में घाटा और भविष्य को लेकर असमंजस बना रहता है। जब केतु दशम, द्वितीय या अष्टम भाव में कमजोर हो या राहु-केतु की दशा चल रही हो, तब यह प्रभाव और तीव्र हो जाता है।

**उपायः** मंगलवार को हनुमान मंदिर में सिंदूर और चमेली का तेल चढ़ाएं। शनिवार को काले तिल और उड़द की दाल दान करें। किसी भी शुभ कार्य से पहले गणेश जी की पूजा अवश्य करें।

### रहस्यमयी स्वास्थ्य समस्याएं

केतु से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं अक्सर ऐसी होती हैं जिनका कारण तुरंत समझ नहीं आता। सिर दर्द, आंखों की परेशानी, त्वचा रोग, बिना कारण होने वाला दर्द या अचानक चोट लगना इसके संकेत हो सकते हैं।

विशेष रूप से जब केतु षष्ठ, अष्टम या द्वादश भाव में मंगल या शनि के साथ हो, तब दुर्घटना या सर्जरी की आशंका बढ़ जाती है।

**उपायः** मंगलवार और शनिवार को मंदिर में नारियल अर्पित करें। प्रतिदिन महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें। घर के मुख्य द्वार पर लाल रंग का तोरण लगाएं।





टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत से पहले हुए विवाद के लिए आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया है। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर फैसला करने के लिए खेल की वैश्विक संस्था ने उन्हें 24 घंटे की मोहलत दी है।

# बैठक में बांग्लादेश को 'भारत में खेलो या बाहर होने' का अल्टीमेटम, 24 घंटे की मिली मोहलत

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2026 की शुरूआत से पहले हुए विवाद पर आज हुई आईसीसी बोर्ड की बैठक में बांग्लादेश को अल्टीमेटम दे दिया गया। उन्हें बहुमत के आधार पर भारत में खेलो या बाहर होने का निर्देश मिला है। इस पर बांग्लादेश को 24 घंटे में फैसला लेना होगा। दरअसल, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा का हवाला देते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से उनके मुकाबले भारत से श्रीलंका स्थानांतरित करने की मांग की थी। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी को ग्रुप बदलने का भी विकल्प दिया था। हालांकि, अब आईसीसी ने बुधवार को हुई बैठक में उनकी सभी मांगों को खारिज करते हुए एक दिन में फैसला लेने का अल्टीमेटम दे दिया है।

### बैठक में कौन-कौन शामिल हुआ?

आईसीसी बोर्ड की बैठक में सभी फुल मेंबर देशों के डायरेक्टर ने हिस्सा लिया। ले रहे हैं। इसमें आईसीसी चेयरमैन जय शाह के अलावा, बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम, बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया, एसएलसी अध्यक्ष शम्मी सिल्वा, पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड, जिम्बाब्वे क्रिकेट अध्यक्ष तवेंगा मुकुहलानी, क्रिकेट वेस्टइंडीज अध्यक्ष किशोर शैलो, क्रिकेट आयरलैंड के चेयरमैन ब्रायन मैकनीस, क्रिकेट न्यूजीलैंड के प्रतिनिधि रोजर ट्वास, इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रिचर्ड थॉम्पसन, क्रिकेट साउथ अफ्रीका के प्रतिनिधि मोहम्मद मूसाजी और मीरवाइस अशरफ, क्रिकेट अफगानिस्तान के चेयरमैन शामिल रहे। इसके अलावा बैठक में आईसीसी प्रबंधन के शीर्ष अधिकारी और एंटी-करप्शन के हेड एंड्रयू एफग्रेव ने भी हिस्सा लिया।

### मुद्दे की जड़ : मुस्तफिजुर-क्ढछ विवाद से उपजा तनाव

**इस विवाद की शुरूआत मुंबई इंडियंस द्वारा बांग्लादेश के स्टार पेसर मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल 2026 से रिलीज करने के बाद हुई। इसके बाद सुरक्षा और टीम माहौल को लेकर बांग्लादेश में नए स्वर उभरे। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत यात्रा पर सुरक्षा आशंका जताते हुए कहा कि टीम को श्रीलंका में खेलना चाहिए। उनकी मांग यह थी कि बांग्लादेश को ग्रुप सी से हटाकर ग्रुप बी में भेजा जाए, क्योंकि ग्रुप बी के मैच श्रीलंका में खेले जा रहे हैं।**

**मौजूदा शेड्यूल में बांग्लादेश अपने लीग मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेलेगा। बांग्लादेश टीम का पहला मुकाबला सात फरवरी को कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। इसके बाद टीम अपने दो और ग्रुप मैच कोलकाता में खेलेगी और अंतिम मैच मुंबई में होगा।**

**इस बीच, बोर्ड अधिकारियों के बयान भी विवाद में घी डालने जैसे साबित हुए। नजरुल इस्लाम ने इस मामले पर अपने ही खिलाड़ियों को घेर लिया, जिससे वहां के खिलाड़ी नाराज हो गए और अपने ही बोर्ड के खिलाफ बगावत शुरू कर दी।**

**हालांकि, बीसीबी के हस्तक्षेप के बाद और नजरुल के एक पद से इस्तीफे के बाद मामला कुछ शांत हुआ। हालांकि, बीसीबी की अकड़ नहीं गई और वह अभी भी अपनी मांग पर अड़ा हुआ है। नतीजतन, मीडिया में अटकलों का सिलसिला और तेज हो गया।**



### बांग्लादेश की मांग खारिज, 24 घंटे में लेना होगा फैसला

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, 'आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) से बांग्लादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बांग्लादेश 2026 टी20 विश्व कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से मना करता रहता है, तो उसकी जगह टूनामेंट में दूसरी टीम को शामिल किया जाएगा। यह फैसला वोटिंग के बाद लिया गया, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन का समय दिया गया है।'

### सुरक्षा में कोई खास खतरा नहीं: आईसीसी

शनिवार को बैठक में आईसीसी ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को भरोसा दिलाया था कि सुरक्षा खतरे जैसी कोई गंभीर स्थिति नहीं है।

एक स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसी की रिपोर्ट के हवाले से आईसीसी ने बताया था कि भारत में सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया है और वहां सुरक्षा स्थिति उच्च श्रेणी की है।

आईसीसी ने कहा था कि किसी भी टीम को लेकर कोई खास खतरा पहचान में नहीं आया है। इसके बावजूद बीसीबी अपनी मांग पर अड़ा हुआ है और विवाद करीब चार सप्ताह से जारी है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने सात विकेट से जीता मैच, मुंबई ने लगाई हार की हैट्रिक

**वडोदरा।** दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स के नाबाद अर्धशतक की मदद से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराया। मुंबई इंडियंस ने नताली सिवर ब्रंट के नाबाद अर्धशतक की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाए। जवाब में दिल्ली ने एक ओवर शेष रहते तीन विकेट पर 155 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। मुंबई इंडियंस की यह लगातार तीसरी हार है।



लगातार तीन मैच में हार के बावजूद मुंबई इंडियंस की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर मौजूद है। मुंबई के छह मैचों में दो जीत और चार हार के साथ चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर बरकरार है। वहीं, जीत की पटरी पर लौटने वाली दिल्ली कैपिटल्स को फायदा हुआ है और वह चौथे स्थान पर आ गई है। दिल्ली के पांच मैचों में दो जीत और तीन हार के साथ चार अंक हैं।

लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली वर्मा और लिजेले ली ने दिल्ली को अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी हुई। शेफाली और लिजेले की बीच साझेदारी और बड़ी होती उससे पहले ही डेब्यू मैच खेलने वाली वैष्णवी शर्मा ने उन्हें बोल्ड कर दिया। शेफाली 24 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 29 रन बनाकर आउट हुईं। लिजेले अर्धशतक लगाने की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन संट्प आउट होकर पवेलियन लौट गईं। लिजेले 28 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 46 रन बनाकर आउट हुईं।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की
पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की पैकिंग हेतु महिलाओं की हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**आवश्यकता**
गैस एजेंसी पर ऑफिस कार्य हेतु महिला/पुरूष की
कंप्यूटर का ज्ञान आवश्यक
गैस एजेंसी के अनुभवी को प्राथमिकता
शीघ्र संपर्क करे
मंगलमूर्ति गैस एजेंसी
नजर अली मार्ग, ललूजी एंड सस के सामने, उज्जैन
संपर्कः 9425093658

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## युवक की जहर खाने से मौत के मामले में 4 लोगों पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर के नवलखा चौराहे पर जहर खाकर जान देने वाले व्यक्ति के मामले में पुलिस ने जांच करते हुए उसके ससुराल के चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मृतक की मां और भाई के बयान में ससुराल के लोगों को आरोपी बताया गया है। पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। संयोगितागंज थाने के एएसआई तुलसी राम रघुवंशी ने मंगलवार को अजय चौहान, निवासी बिल्सी कारखाना, की मौत के मामले में मुकेश पुत्र कमलसिंह, निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर भमोरी, सपना, अंकित पुत्र गणपत चौहान, निवासी अरिहंत नगर, और छग्गीबाई उर्फ रेवती पत्नी रामानंद चौहान, एचजे कॉलोनी, के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के मुताबिक, 26 सितंबर 2025 को अजय ने जहर खा लिया था। उसकी मौत के बाद मां दुगार्बाई और भाई सूरज के बयान लिए गए। मां ने आरोप लगाया कि अजय की पत्नी ममता उर्फ रूपाली संपत्ति को लेकर विवाद करती थी। उसकी बहन सपना, उसका पति मुकेश और भाई अंकित मोबाइल पर अशब्द बोलते थे और संपत्ति को लेकर धमकाते थे। वे मकान और अन्य संपत्ति अपने बेटे आर्यन के नाम करने की बातें भी करते थे। अजय ने यह सारी बातें अपने भाई सूरज को भी बताईं और ससुराल के लोगों के व्यवहार से वह काफी परेशान था। इन सभी परेशानियों के कारण नवलखा चौराहे पर जहर खा लिया, जहां से ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने उसे हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। पुलिस जांच में सामने आया कि अजय ने सुसाइड के पहले कुछ वीडियो भी बनाए। जिसमें पत्नी और ससुराल के लोगों द्वारा प्रताड़ित करने की बात कही थी।

## कार किराए पर ली और बेच दी, प्रॉपर्टी का कब्जा छोड़ने के लिए मांगे 20 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में कार किराए पर लेकर बेचने और प्रॉपर्टी से जुड़ी ठगी करने वाले सुदामा नगर निवासी युवक के खिलाफ अन्नपूर्णा पुलिस ने दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज की हैं। आरोपी पर इससे पहले भी जूनी इंदौर, राजेंद्र नगर सहित अन्य थानों में ठगी के कई मामले दर्ज होना सामने आया है। अन्नपूर्णा पुलिस ने न्यू गौरीनगर निवासी रामेन्द्र भदौरिया की शिकायत पर संजय कालरा उर्फ संजय कारिरा पुत्र अशोक निवासी सुदामा नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक रामेन्द्र निजी नौकरी करता है और उसने जनवरी 2025 में एक कार खरीदी थी। यह कार उसने 24 हजार रुपए प्रतिमाह किराए पर संजय को दी थी। पुलिस आरोपी संजय कारिरा की तलाश में जुटी हुई है और उसके पुराने मामलों की भी जांच की जा रही है।

**झूठे केस में फंसाने की धमकी दी:** आरोपी संजय ने केसरबाग रोड पर 'इंजीनियरिंग ऑटो डिटेलिंग' के नाम से काम शुरू किया है। शुरूआती कुछ महीनों तक उसने किराया नकद दिया, लेकिन बाद में किराया देना बंद कर दिया। जब रामेन्द्र ने कार वापस मांगी तो आरोपी ने विवाद करते हुए दो लाख रुपए की मांग की और रकम नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। कार की जानकारी निकालने पर पता चला कि आरोपी ने कार किसी अन्य व्यक्ति को बेच दी है और जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस भी निकाल दी थी। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के पास इस्लाम पटेल निवासी नेमावर रोड सहित अन्य तीन लोगों की कारें भी हैं। अब तक करीब 11 लोगों से इसी तरह की ठगी किए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है।


## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी: बजरंग दल का हंगामा, युवक की पिटाई की

**इंदौर।** इंदौर के राउ थाना क्षेत्र में मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान अल्ताफ नाम के एक युवक की पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। आरोप है कि युवक ने कुछ समय पहले बजरंग दल संगठन को लेकर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया पर जानकारी सामने आने के बाद पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। राउ पुलिस ने हाईवेयर व्यापारी सोनू लहासे की शिकायत पर अल्ताफ उर्फ राजा, पिता रईस पटेल, निवासी खजराना के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर उसे वायरल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता सोनू लहासे ने बताया कि उन्होंने इंस्टाग्राम के एक पेज पर अल्ताफ पटेल को अभद्र, आपत्तिजनक और अशोभनीय टिप्पणी करते हुए देखा था।

शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने बजरंग दल की राष्ट्रीय और सामाजिक छवि को धूमिल करने का प्रयास किया, जिससे क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति बन रही थी। विहिप के प्रचार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि मंगलवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गोल चौराहे से अल्ताफ उर्फ राजा को पकड़ा। इसके बाद संगठन के अन्य कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। जब उससे सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पूछताछ की गई, तो उसने स्वीकार किया कि उसने माहौल बिगाड़ने के इरादे से इस तरह की पोस्ट वायरल की थी।

# हाईकोर्ट की फटकार: एक्शन में प्रदूषण बोर्ड

### सबसे स्वच्छ इंदौर में 243 फैक्ट्रियां फैला रहीं जहर, अब कार्रवाई कर काटेंगे बिजली




दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

स्वच्छता के तमगे के पीछे छिपे जल-वायु प्रदूषण के काले सच पर आखिरकार हाईकोर्ट की नजर पड़ गई। इंदौर में बिना अनुमति चल रहे और खुलेआम प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को लेकर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को कड़ी फटकार लगाई। जिसके बाद अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई सामने आई है।

हाईकोर्ट के निदेशों के बाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इंदौर जिले के 243 उद्योगों को नोटिस थमा दिए हैं। इनमें कई ऐसे उद्योग शामिल हैं, जो ना लाइसेंसधारी हैं और ना ही प्रदूषण नियंत्रण के नियमों का पालन कर रहे हैं। बोर्ड ने साफ कर दिया है कि अब सिर्फ नोटिस नहीं, बिजली कनेक्शन काटकर उद्योगों को बंद कराया जाएगा।

### हवा की गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्तर पर

जहां एक ओर इंदौर का पानी दूषित पाया जा चुका है, वहीं दूसरी ओर हवा की गुणवत्ता लगातार खतरनाक स्तर की ओर बढ़ रही है। हाईकोर्ट ने माना है कि यह स्थिति मध्यप्रदेश जल प्रदूषण निवारण और वायु प्रदूषण निवारण अधिनियमों का खुला उल्लंघन है। जिले में खनन, स्टोन क्रशर और रेड-ऑरेंज श्रेणी के उद्योग सबसे बड़े प्रदूषणकर्ता बनकर उभरे हैं। इन उद्योगों के कारण न सिर्फ पर्यावरण खतरे में है, बल्कि निवासियों की सेहत पर भी सीधा असर पड़ रहा है।

### बिजली कंपनी को सौंपी उद्योगों की सूची

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंदौर रीजनल ऑफिसर सतीश चौकसे ने स्वीकार किया कि '243 उद्योगों को नोटिस दिए गए हैं। कई उद्योग बिना अनुमति संचालित हो रहे हैं। ऐसे उद्योगों की सूची बिजली कंपनी को सौंप दी गई है ताकि सीधे बिजली काटी जा सके।'

हाईकोर्ट में पेश रिपोर्ट के मुताबिक इंदौर जिले में 5961 उद्योग पंजीकृत हैं, जिनमें से 1000 से ज्यादा उद्योग प्रदूषण विभाग की बिना अनुमति चलते पाए गए। कई उद्योग सालों से नियमों को ताक पर रखकर काम करते रहे, जबकि प्रशासन आंख मूंदे बैठा रहा।

### अगली सुनवाई 9 फरवरी को

अब इस मामले में 9 फरवरी को हाईकोर्ट में अगली सुनवाई होगी। महाधिवक्ता प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर जवाब पेश करेंगे। साफ है कि अगर जवाब संतोषजनक नहीं रहा, तो और बड़ी कार्रवाई तय मानी जा रही है।

## बदमाशों ने एक्टिवा और दो बाइक में आग लगाई

**इंदौर।** इंदौर के तिलक नगर इलाके में मंगलवार रात करीब 1 बजे अज्ञात बदमाशों ने तीन दोपहिया वाहनों में आग लगा दी। आग की लपटों से एक मकान के सामने का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान रहवासियों की नींद खुल गई, जिन्होंने समय रहते आग पर काबू पाया। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तिलक नगर पुलिस ने बंगाली रोड निवासी अंजलि पति विश्वजीत राय की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ आगजनी का प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी अंजलि ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रही थीं। तभी करीब रात 1 बजे अचानक शोर सुनाई दिया। बाहर निकलकर देखा तो घर के बाहर खड़े दोपहिया वाहनों में आग लगी हुई थी।

**लोगों ने आग पर काबू पाया:** आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आगजनी की इस घटना में अंजलि की एक्टिवा, एक बाइक और पड़ोसी की बाइक जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके अलावा उनके मकान के सामने का हिस्सा भी आग की चपेट में आ गया।

पुलिस के अनुसार अंजलि और उनका परिवार फुटवियर व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर एफआरवी भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने अंजलि और आसपास के रहवासियों के बयान दर्ज किए हैं। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि पीड़ित परिवार का किसी से कोई विवाद तो नहीं है।

## मप्र में 7929 शिक्षकों की भर्ती का रास्ता साफ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में शिक्षकों की बड़ी भर्ती होने जा रही है। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल ने स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग में कुल 7929 शिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। इनमें स्कूल शिक्षा विभाग में 7082 और जनजातीय कार्य विभाग में 847 पद शामिल हैं। परीक्षा 20 मार्च से दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।

पहली शिफ्ट सुबह 9 से 11 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चलेगी। इस परीक्षा में 80 हजार से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। आवेदन प्रक्रिया 28 जनवरी से शुरू होगी, जो 11 फरवरी 2025 तक चलेगी। अभ्यर्थी 16 फरवरी तक अपने आवेदन में संशोधन कर सकेंगे। भर्ती में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक खेल, संगीत एवं नृत्य के पद लिए माध्यमिक शिक्षक-खेल, संगीत (गायन-वादन) और प्राथमिक शामिल हैं।

वहीं जनजातीय कार्य विभाग में माध्यमिक शिक्षक विषय सा और प्राथमिक शिक्षक खेल, संगीत एवं नृत्य के पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए अनारक्षित अभ्यर्थियों को 500 रुपए व मध्य प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचितजाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, ईडब्ल्यूएस और दिव्यांग अभ्यर्थियों को 250 रुपए परीक्षा शुल्क देना पड़ेगा। हालांकि बैकलॉग पदों के लिए आवेदन करने वालों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। कियोस्क के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को 60 रुपए पोर्टल शुल्क भी देना होगा।


































मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com